हस रत पर उस मुसाफ़िर के कस के रोईये · ॥ जो थक गया हो
बैठ के मंजिल के सामने ॥ १ ॥ दिल चिल्लाने को करता था मगर
शरम से दम को घोटे बैठा था · बादशाह ने मा बाप का हाल पूछा ·
सब पता बता दिया · जान आलम ने फिर सिर झुका कर
शाहज़ादी का हाल पूछा · बादशाह ने कहा के एक जादूगर
मुद्दत से उसकी फ़िक्र में था · बहुत चौकसी होती थी मगर वो
धोका देके ले गया · आजतक महल में नही चोंगे हूं · खाना
पीना · सबको हराम है · जान आलम ने कहा कुछ येभी
मालूम है · कि किधर · को लेगया · बादशाह ने फ़रमाया के यहां
से पांच कोस तक पता मिलता है · आगे आग का किला है · वहां
का हाल मालूम नहीं के सब जादू का कारखाना है · शाहज़ादे ने
कहा अगर जिंदगी बाकी है तो कहां जाता है · ये कह कर उठ खड़ा
हुवा · बादशाह लिपट गया · कहा बाबा खुदा के वास्ते ऐसा
काम न कर ना · उस जंगल में वहम के पर जलते हैं · हवा के पांव
में छाले निकलते हैं · एक को धोके में खोया · मुझको जान बूझ
के कैसे जान दूं · तू यहां राज कर और मैं कोने में बैठ रामराम
जपूं शाहज़ादे ने कहा ये राज आपको मुबारक रहे · बंदा अपने
घर की हुकूमत छोड कर यहां आया है · लोग यही कहेंगे के
कैसा बेशरम है · शाहज़ादी को तो जादूगर ले गया · और येजी

तारह· प्यारी के वास्ते मरना हमें उचित है· वेसिर दिये कब
चलते है· बात और बाप एक है· जो कहे सो कर दिखावे· जि
स ने यहां तक जीता पहुचाया · वो वहा तक भी पहुचावेगा
नही तो अकल दिवानी क्या जरूर है· पहिले जब अकल औ
र उल्फत का सामना हुआ था तो मेरा दिल खटका था· अक
ल कहती थी केमा बाप से अलग न हो· राज हात से मत दो· मु
हब्बत कहती थी मा बाप किसके· राज कैसा· अपने प्यारे ले कि
न फकीरी राज से अच्छी है· अकल कहती थी· आबरू का पा
स करो कुलवे का नाम मत डूबो औ· जंगल की धुन न बांधो·
जंगल में बहार है· अकल कहती थी· बादशाही पोषाक न
फाडो· मुहब्बत कहती थी· अकल दिवानी है· नंगे रहने के बरा
बर कोई पोषाक नहीं· न कुछ धोने की जरूरत न फट ने का
डर· चोर इसको न ले जाय· डाकू इसको न उठावे· न पानी से·
भीगे न आग से जले· सडे न गले· गले से अलग न हो· न को
ई इसको ले सके न आप किसी को दे सके॥ कवित्त॥ तनकी
उरयानी से बेहतर नहीं दुनिया में लिबास॥ ये वो जामा
है के जिसका नहीं सीधा उलटा॥१॥ आखर को अकल
ने शिकस्त खाई॥ सब कूटा नाना कूटा· किस्सा बखेडा पा
क हुवा· तोता और वजीर जादा साथ हुआ· सो उन का
साथ भी नसीब में न था· तोता उड गया· वजीर जादा
हिरन के मिलने से छुट गया· सो· जो सामान था सो लु
ट गया· फिर जादू में फसे· हम रोये· दुश्मन हंसे· वहां
से छुटके अकेले चले· मुहब्बत ने दूसरि हात लिया· परियों
के अखाडे में जा फसाया· एक परी ने बहुतेरा घेरा· तमाम
सामान मौजूद किया· मगर यहां तो और ही धुन लगी हुई

था· एककी नमानी· अब घर पहुंच कर खाना किसे बता या है· मैंतो जीतेजी मरने को तैयार हूं · ये खबर महलमें प हुंची· अंजुमन आरा की मा पर्दे तक चली आई· शाहजा दे को महल में लेगये· अंजुमन आरा कीमा गिर्द फिरने लगी और नोंने घेर लिया ·फिर खाना आया ·जान आलम ने गर्द न हिलाई· खोजा पांव पर गिर पड़ा ·और जो तुम नखावोगे तो कोई न खायगा·लाचार होकर जान आलम ने दोएक नि वाले खाये· फिर नींद का बहाना करके पलंग पर जालेटा· म गर किसकी नींद और कहांका सोना · कर्वटे लेते लेते कमर भी थक गई· अंजुमन आराका ध्यान बंधा हुआ था· मगर शरमके मारे बोल न सकता · बड़ी मुश्किल से सवेरा हुआ· जान आलम ने मरने पर कमर बांधी· सब शहर में ये खबर उडीके जादूगर की लड़ाई को शाहजादा तैयार होता है·स ब लोग देखने को किलेके सामने आखड़े हुए बादशाह तख्त पर सवार जान आलम को बराबर बैठाये निकला· लोगों ने फतः की दुआ मांगी · जान आलम ने कसमे देके बादशाह को रुखसत किया· और अकेला जान पर खेल कर चला· आगका किला देखा उसमें से एक हि रन निकला· और फिर वही गायब होगया · जान आल म ने वुढ्ढे की तख्ती निकाली ·उसमें निकला जोये पढ क र उस हिरनको तीर मारे · और निशाना पूरा बैठे तो ये सब जादू का खेल भंड हो जावे· और जो निशाना चूका तो जान जावे· राखके सिवा पत्ता न मिले· जान आलमनेक हा जो हिरन मारा तो जिंदगी का मजा है · नहीं तो यही मौ तका रहना है· वेयार के जीना मरने के बराबर है· ये कहक

र तीर संभाला उधर हिरन निकला · इधर निशाना मारा हिरन की मौत आई थी · तीर पार हुआ · हिरन जमीन पर गिरा और एक दफेही गुल मचा · हां हां लीजियो घेरियो जा नेन पावे अंधेरा होगया · आंधी चली थोरी देर बाद सूरज निकला · न आग रही न किला · चबूतरे पर फुलसी हुई लाश पाश पाश देखी · वो जादूगर सिंदूर का टीका माथे पर टुकड़े टुकड़े जर्द जर्द दांत होटों के बाहर · मूंछों से गंदा · शैतान का बंदा · बालों की लटें लटक ती · हड्डियां खोपरियां गले में पड़ी · काला भुजंगा सिरसे पांव तक नंगा · तीरसे छिदकर औंधा पड़ाथा · हरकारों ने जाकर बादशाह को अर्जकी के शाहज़ादा बलाका पुतला है · एक तीरसे आगका किला ठंडा किया · बादशाह ने कहा · होनहार बिरवे के चिकने चिकने पात · हरकारों को इनाम देके फिर रवाना किया · इतने में जान आलम आगे बढ़ा: उस किले के पास पहुंचा जहां मेअंजुमन आरा कैद थी · देखा कि वो किला जमीन से अधर है और कुम्हार के चाककी तरह फिर रहा है आंख न जमतीथी ऊंचा इतना के देखनेसे पगड़ी गिरती थी जान आलम देख किलाभी थम गया · चार दरवाजे थे · बुरज गिने नहीं जाते थे · जाने का रस्ता और अंदर एक बंगला दिखताथा · वहां से ये आवाज आई के क्यों मौत आई है · क्यों जमको छेड़ता है · जिंदगी से नाहक मुंह फेरता है · तेरी सूरत देख कर रहम आताहै · आगलती इतना खूबसूरती के बदले में माफ़ करदी · नहींतो ऐसा मारूंगा · के हड्डियों का पता न मिलेगा · बादशाहजाद के अफ़सोससे जान खोवेगा · मर कर भी तेरी आत्माको चैन न मिलेगा · जान आलमने हंसकर कहा · गाली · मादरब

रता तू क्या हमारी रवता माफ करेगा· ठेर तो मुझे भी उसकी ही पाय ती पोंचा ता हूं ये सुन कर वो झल्लाया · काला दानां औ रउड़द उस बदमाशने निकाले· आस माना चक्कर में आया जमान थर्राई· उसने लूला चमारी का नाम लेकर उन दानों को आसमान के तर्फ से फेंका सरसों विनोले और राई मि लाई· अवर घिर आया· पत्थर और आग का मेह बरस ने लगा· शाहज़ादे ने भी पढना शुरू किया· सब पानी हो कर वह गये जान आलम ने बुड्डे की तख्ती निकाल कर देखा उसमें निकला के इस तख्ती को किले की दिवाल से लगादे फि र तमाशा देख· जान आलम ने उच तख्ती किले की दिवार से लगादिया· फ़िर तो हज़ारों तोपों की आवाज आने लगी· नादिवा का कलेजा हिलगया· जमाना बदलगया· जंगल गर्द बर्द होगया· आग का कारखाना· सर्द हो गया· चार घड़ी में अंधेरा जाता रहा· वहां कुछ भी न पाया· लेकिन रेत का टीला सा कडा सरकंडे गडे· कच्चा सूत नीला पीला उन पर लिप टा हुआ· कुछ फंदे पडे हुए उसके अंदर एक चांद का टुकड़ा बैठा है· मगर भौचक्का बद हवास कोई आस न पास· जान आ लम ने पैछाना· ताब न रही· जी सन सनाया· अकेला देख कर कलेजा मूंका आया· बहुतेरा रोका न रुक सका· थर्राता दम चढा जाता दौड़ कर गिर्द फिर ने लगा· लड़ खड़ा के गिरने ल गा· अंजुमन आराने शर्मा के सिर झुका लिया और कहा सभलो साहब· जरा किसी का लिहाज भी नहीं कुछ दिवा ने हो जो इस तरह पास चले आते हो· ये कहते कहते आंख चार होगई· बर्छी जिगर के पार होगई· ये बातें सब जानते है· इस मुहब्बत ने छोटे बड़े को मारा है· हराम

जरा यहां बिचारा है • जान आलम तो गशमें गिर पड़ा • अंजुमन आरा का दिल लड़ पा • जाना के इससे बेशक हमारा प्यार है • जो सिर पर खेल के यहां आया उसका सिर उठा अपने घुटने पर धर लिया मूं पोछने लगी • गशतो कभी देखा न था • घबराके रोने लगी • इस तरह यार का मूं धोने लगी • यह जो आंसू की बूंद मुह पर पडी तो लखलखे का काम कर गई • के लडके की हाजत न रही • चट आंखे खोल दी • अपने सिर को प्यारी के घुटने पर पाया • अपने आपेमें न समाया • दिमाग़ असमान पर पहुंचा • पांव फैलाया • इतना इतराया • अंजुमन आरा ने फीका कर घुटना सरका लिया • जान आलम बोला • हमारे होश से ती बेहोशी भली थे कह कर आंख बंद कर ली के लो • हमें फेर गश आया • तुमने क्यों घुटना सर काया • अंजुमन आरा ने कहा क्या खूब इतना प्यार मेरी चीड है • मैने तेरी मेहनत को देख कर ये रहम किया था • तुम तो चल निकले क्या जाने दिल में क्या समझे • अपनी राह लिजिये आ हवा ने की खैर बाद गुना लाजिम • जान आलम ने कहा हमारी तो मिट्टी यहां से निकले गी • मगर चोर की डाढी में तिनका • आपको अपना आशक कभी न मानूं गा • नमाशूकों के दफ्तर में आपका चेहरा लिखूंगा • अंजुमन आरा बोली • चे खुश • क्या खूब • भला लो • कुछ होया नही • जमाने का मजा निकालो • ये तो वही मिसल है • मान ना मान मैं तेरा जिजमान • इश्क • आशकी की बातें मेरी बला जाने • छेड छाड और किसीसे जाकर करो • अपना चोंच ला तक रक्खो • अपनी सूरत तो देखो तुमने सुना नहीं हलवा खाने को मूं चाहिये • जान आलम बोला • मैं बिचारा

मुसीबत का मारा म हूं न पन कहां से लाऊं क्यों कर वैसी सू
रत बनाऊं • एक हंसता है • एक रोता है • तुम्हे तो मोहन
भोग का मज़ा नहीं भूला • बात बात में ज़बान पर हलवा है
हमने तुम्हारे वास्ते जोग लिया • राज काज तक तज दिया • ख
ब मुराद पूरी हुई • ये सुन कर अंजुमन आरा खिसियानी
होगई • कहा • चलो • साहेब • वो सुआ सदके किया था •
अपनी चोंच बंद करो • कटी जली की हसी अपने घर
जा करो • जादू से आदमी लाचार है • इसमें किसका इख
तियार है • मगर खैर • और जो चाहिये कह लीजिये • दरपर
दे क्या साफ़ साफ़ गालियां दे लीजिये • ये बातें सब किस
मत सुनवाती है • देखिये अभी तक और क्या क्या दिखाती
है • अगर ईश्वर घर बार छुड़ा मुझी से लगके न फसता तो
हर एक सूह चलता काहे को ऐसी बातें सुनाता • जान आ
लम ये सुनके डर गया • शर्म से मर गया • आंसू भर कर
कहने लगा • मेरी क्या मजाल • जो आपको कुछ कहूं • मैं
तो मुसीबत का मारा मुसाफ़िर हूं • इन साफ़ करो • तुम कि
तने हट धर्म हो • अहसान तो भूली • हंसीमें रो दिया • ह
मको दोनो जहान से खो दिया • अंजुमन आरा ने देखा के
उसके आंसू जारी हैं • हिचकी लग रही है • हंसकर कहा •
सच है • ओछों का भी अहसान बुरा होता है • खातर ज
मा रक्ख अपने घर चल कर माल असबाब लाद दूंगी के
तुझसे चल न सकेगा बोझ से हिल न सकेगा जान आल
मने कहा • फिर सलतनत का घमंड आया • हमको मुह
ताज जान कर ये फिक्रा सुनाया • हमसे भी कभी लोगों के
काम निकलते थे • अगर तुम्हारी मुहब्बत में न फसते तो का

आफ़त से मूं न मोड़ा· जी पर खेल गया क्या क्या तूफ़ान थे से
ल गया· जान जोखों की तब तुमने हमको देखा और हम
को तुम्हारी सूरत नसीब हुई· रूप रंग देखो· तमाम शहर
उसके मुहब्बत में फंसा है· छोटा बड़ा उस पर मरता है· यूं तो तुम
जिगर के टुकड़े आंख की पुतली हो· मगर वारी जो इन्साफ़ से
देखो तो तुमसे और उसमें बड़ा फ़रक है· वो मर्द है और तु
म औरत हो· अंजुमन आरा ने ये सुन कर सिर झुका लिया
रोने लगी· कहा हुज़ूर सूरत शकल का ज़िक्र क्या ज़रूर था·
ये तो· उसके खेल हैं किसी को बिगाड़ा· और किसी को बना
या· बहुत से लूले लंगड़े काने खुदरे गूंगे बहरे हैं क्या वो नज़ी
ये कहीं धूप कहीं छांव कहीं शहर कहीं गांव· और जो अहसा
न से दब कर कहती होती दुनियां में एक दूसरे के आड़े आ
ना है· जो ये न आता और मेरा नसीबा सीधा होता तो कोई
और पैदा हो जाता· मेरे बंद छुड़ाता· मेरी किस्मत नकमबख़्त
पूरी थी· एक मुसीबत से छुड़ा दूसरी आफ़त में फंसाया· हमवत
न के नाते अपने बिगाने छुटे पड़े के ये आया· मुझे क़ैद से छुड़ा
या· क्या जाने वो कौन है· कहां से आया है· और अपने तईं
शाहज़ादा बनाया है· मैं आपकी लौंडी हूं· और हर सूरत से ता
बेदार अगर कुंवे में फ़ोंक दो तो गिर पड़ूं उफ़ न करूं· मगर जो आप
उसकी सूरत शकल पर रीझे, मेहनत को समझ बूझ ये अक़
द सा किया चाहते हैं· तो मैं राज़ी नहीं अगर मजदूरी और
मेहनत का इनाम देना है तो रुपया अशरफ़ी जागीर हो·
उसका काम हो आपका नाम हो· ये सुन के वो बहुत हंसी
कहा शाबाश बच्ची· उसकी ख़ूब क़दर की· वो बिचारा
तुम्हारे मुल्क का या रुपये का या पैसे का मुहताज है· अ

दीनादान वोतो आप बादशाह है · बराबर वालियां ये सुनक
र कहे हंसी · हजूर बस इनका ये शोहर है · उनके नजदीक
ये शाहजादा नहीं मज दूर है · अंजुमन आरा कल्लाई क
हा रुपया तो वो चीज़ है · केजिसके वास्ते बडे बडे लोग मरग
ये · वोजो दाई ददी पुरानी पुरानी बैठी थी बोली · सदके जाये ·
वारी मा बाप के हुकम टालना है · तुमको हद मुनासिब न
हीं · और खुदान खास्ता · ये क्या तुम्हारे दुशमन है · जो कि
सीके कहे सुने से बे देखे भाले · राह चलने के हवाले करदेंगे · ॥
आदमी दिन ब दिन अकल सीखता है · ऊंच नीच सोचता स
मझता है · तुम सलामतीसे अभी तक वोही बच पन की बातें
करती हो · खेलने कूदने के सिवाय कदम नहीं धरती हो · अंजु
मन आराने कुछ जवाब न दिया · मगर उसकी सहेलियां जि-
नसे रोज मशवरे होते थे · बोली है है लोगों तुम्हें क्या हुवा आ
नूजी साहेब · कसूर माफ़ · आपने धूपमें चोंडा सफेद कियाहै
खैर है · दुलन से साफ़ साफ़ कह वाया · चाहते हो · दुनियां
की · शरम और हया की गोंडी क्या उड गई · इतना तो समझो
भला मा बाप का कहना किसीने टाला है · जोये नमानेगी
(खलखा मोशी की मरजा) बुड्ढे बडों के रूब रू और क
हना क्या · ये सुनके आनूने अंजुमन आराको जिसने पाला
पढाया · खिलाया था · मुबारक बाद देके अंजुमन आरा की
मांको नज़र दी · शादिया ने बजने लगे · नजरें गुज़री तो
ये कही · ॥ कबित्त ॥ फल्क पर ये मुबार क बाद है अब किस
के मिलने की ॥ ये ऐसा कोन वरवता बर है ज़िस्का वक्त जागा
है · ॥ चरित्र
॥ १ ॥ बाद शाहने वजीर को खिलत दिये और

वहां तैयारी करो · जान आलम मुसाफिर है · मैं उस्के यहां
जाके सामान करता हूं · खुशी के मारे जान आलम की बाछें
खिली बंद टूटे जाते थे मगर शर्म के मारे आप सिर न उठाते थे
बादशाह ने जोतसी पंडित बुलाये · तुला · वृश्चिक · धन · मकर
कुंभ · मीन · मेष · वृष · मिथुन · कर्क · सिंह · कन्या · गिन
कर विचार करने लगे · वृहस्पत और चंद्रमा एक जगें थे ·
साअत नेक ठहराई · दूला दुलहन ने गुलाबी जोडा पहना
तमाम शहर में रंगीन कपडों का हुक्म हुवा · डोंडी पिट गई ·
के जो सफ़ेद पोश नजर आवेगा लहूसे लाल होगा · गर्दन
मारा जायगा · रंग खिलने लगा · गुलाल · उडने लगा · के
सर के मारे शहर कश्मीर होगया सब रंग में डूबे फिरते थे ·
हर जगे नाच था · के जो चाहो सो लो · हिंदु को पूरी, कचोरी, मि
ठाई · आचार · मुसलमान को · पुलाव, कालिया · जर्दा · कोरमा ·
किसी को किसी से गरज नथी · दिन रात नाच देखते थे ·
और दगले बजाते थे · आस पास के राजा बाबू सब हाजर हुए
थे · जो मुसाफिर आता · खाली नजाता · बहुत से बेफिकरे
दिल्ली नखलौ वाले सैर देखने को आये सांचके रोज पचा
स हज़ार चौघडे रुपेरी सोनेरी नुकल और मेवों से भरे हुए
मिसरी · मेवा · क़ंद · दही के मटके · गलेमें मढ लियां नाडे
से बंधा आराइश की टट्टीयां · गुल बूटे बे शुमार · फिर मेहदी
की रात आई · बेशुमार तोल की मेंदी के एक दफे लगाये लाल
होजाये · तमाम उमर हाथ मलता रहे · कापूरी बतियां मेंदी
की चमक · कुंदन की दमक · ये रंग ढंग दिखाया के सब को ·
सूरत कूकर दिया · अब बरात की रात का हाल सुनो · पांच
कोस तक दोनों तर्फ बिल्लोर के झाड आदमी के कद से दुग

ने पांच पांच छः छः गज के फ़ासले से लगेये एक एक में सो सो बत्तियां बल रहीथी · और दस दस गज पर चांदी सोने के पंच शाखे जल रहेथे · हजारों मज़दूर ठारो पर रोशनी करते फिरतेथे रोशनी के काड़ अलग चमकरहे थे तयोलिये और नोबत रवाने बने उन पर ज़र बक्त के शामियाने तने फिर आतश बाज़ी गडी · वे रोशनी थी के सवार को · चींटी साफ़ मालूम होती थी · दूला सवार हुवा गुल एक बार हुवा · किसीने कहा सवारी जल्द लाना ; कोई पटका थामला सभाल कर पुकार · खिदमत गार को बुलाना पलटने आगे बढ़ी बाजे बजने लगी · नोबत निशान माही मरा तब जलूस का सामान सवारो के रिसाले बागें संभाले · सिलह दार फ़िर हजारो बांरा सों तक्त तमामी से मढे उन पर रंडीयां जवान जवान शादी मुबारिक गाती सज बज दिखा · नबले पर फररा ती · सांडनी सवार खास बर दार · दुले के बरा बर आस पास बर्छी वाले · चोप दार · चोप दार · रोशन चोकी वाले · शाह नाइयां सुर निराले · हज़ारो गुलाम सोने से लदे हानो में अंगूठीयां · कयी बाद शाह अमीर बजीर राजा बाबू · हाति यों पर सवार खवासी में अंजुमन आरा का भाई · जान आलम का साला · इसी तरह आहिस्ता सवारी पहर एक रात गये दुलहन के दरवाजे पर पोंची · मा मा असीलें दो डीयानी का कटोरा हानी के पांव के तले फेंका · किसीन कुछ और टोट का किया · दुला उतर कर मजलिस में आया · बारह सो रंडियां भांड भक्ती हीजडे जनाने नाच ने गाने लगे · सवेरे के वक्त काजी आया कई रोज के महसूल पर मेहर बंधा · मुबारिक सलामत का गुल मचने लगा फेरे हुए ॥ कबित्त

झलक झलक खुंलाई देख उस्की सो यों बोला
तुझे दे राज आज रखो के मह अन बरखुरदार हो ?

चरित्र

सब नायफ़े साथ खड़े हो एक सुरों मुबारक बादी देने लगे· बाद शाहने एक लाख रुपये इनाम दिये· दूला जनाने में बु लाया गया· और रस्में होने लगी· ये भी अजब वक्त है· बीचमें कुरान रक्खा, आमने सामने दोनों बैठे· शीशा मुंह देखाई में मजे लूटता था· डोमनी योंका सीठने गाना· दुलादुल हन का थामना कभी रोने कभी अच्छे बने सलोने इनजा लियों का पूछना· रोना लगा दुला का हंसके कहना· असा हु आ· कोई दुलहन की जूती दूला के कांधे से छुवा गई कोई जूली ·ाजल पारा हुआ लगा गई· बलाहर नालियों की छेड़ छाड़· उनके जोबन की बहार· जब तो बात के पुचे की तो· बन आई· अजब सैर दिखाई· इस तरह चुनी के देखी न सुनी· ॥कवित्त॥ वो जब पांव पड़के उठाती अज्ञान ही और हां का अजब गुल पड़ा·॥ जब ये रस्में हो चुकी· डोमनीयों ने बधाई· गाई सबकी खाली भर आई· दुलहन रुख सत होने लगी· रोते जी खोने लगी सवारी तैयार हो दर बाजे प र आई· दूलाने सेरा सिरसे लपेट दुलहन गोदमें उठाई· सबका दिल उमड आया· और गुल मचाया· दुलहन को सु खपाल पर सवार किया· बाद शाहने राज खजाना दहेज में लि ख दिया· बरात रुकसत हुई· दहेज का बहाना, लोगों का दुला पर दुवायें पढ़ना· सबेरे की ठंडी हवा का चलना· बत्ती का झिलमिला झिलमिला के जलना· शहनाई भै रो· राग कली का फूकना· चोप दारों का कोयल की तरह·

कूकना·नौबत की टकोर·झांझकी फुनकार फुट पुटाब
क्त कुछ कुछ तारों की चमक धौसे की गमक चांद के पर
सफेदी दुल्हन वालोंकी नाउमेदी·इतर की लपट फूलो
की महक·सबको नींद का खुमार·कोई पैदल कोई सवार
दूला के घरमें तैयारी·दुलहन यहां आहओ जारी·कोई
झोंके खानाथा·कोई सिर टकराता था·ये तमाशा लायक
देखने के होता है·राह चलती देख कर रोताहै·इसका मजा
तो वोहीजाने जिसने ये देखा हो·किसीके बरातमेंतो गया-
हो अगर आप व्याह नकिया हो·गरज के सवारी दूला के घर आ
पौंची·बकरा जिबे किया·अंगूठे में लहूं लगा दिया·खीरखि
लाई·रस्मों से फुरसत पाई·जान आलम का घबराना·घडी२
घडीयाली से दिनकी खबर मंगवाना·केकहीं जलदी रातहो·सो
फ़नेमें मुलाकातहो·कभी चिल्लाना केघंटा देखने को कौन गया
है·वाह किसमत की खूबी·पहर भर होगया·घडी नहीडूबी

होगा कहांथा • फ़िर पूछना था • अभी क्या बजाया • उधर ॥ अंजुमन आरा भी जमाई यां लेती थी • तकिये पर सिर धर देती थी जब कुछ और नज बीज न बन आती तो लोगों के दीका ने को ऊंघ जाता • गरज के खुदा खुदा कर शाम हुई • चांदनी छिट की लोग आंख बचा कर इधर उधर खिसक गये अब सोने के मकान का हाल सुनिये ॥ कबित्त ॥ एक दारह दरी सफेद गजकी जिसमें के निगाह जाय धजकी सोने का छिछा पलंग उसमें हीरे जडे रंग रंग उसमें ॥ हरतो खवासा या तैयार शमर रहे • जिस्से कितना बेदार ॥ शाहज़ादा जब उस मकान पर आया • ॥ दुलहन को खवास ने उठाया • ॥ मचलाती जाती ती याद शाह जादी शरमाती क दम दबाती आई • ॥ गरज के छप्पर खट में आये उस वक्त ॥ अंजुमन आरा को देखना चाहिये ॥ चोटी मिस्व जूरी वो सु अम्बर बल खाई • हुई पडी कमर पर ॥ मोती का मुबाफ़ उसमें डाला था • काले के मूं में कोडि याला • ॥ गलों पें करे थे कूके के हर दार • दो फ़ूल के झुमके फ़ूल के प्यार • ॥ वो नाक के दूब गुल से दहाय जाय • ॥ दम गुंचे का जिस्में नाक में आय ॥ नक तोडो से झलके उसके दम दम ॥ या नाक में नथ का आगया दम ॥ बिच्छू का सा डंक नथ की वो नोक ॥ रख ती थी दिलो से नोक और झोक ॥ अंगारे से लाल लाल रुखसार ॥ दिल में यही आया की जिये प्यार ॥ गरदन की वो नाज़ुकी का आलम ॥ चंपा कली दुग दुगी का आलम बाजू थी भरे भरे वो अर गोला वो नौ रतन उनमें पहने अनमोल ॥ वो हात हिनायी गोरे गोरे ता खूने उ शाक के च होरे वो छातियां गोरि गोरि और सख्त उबरी हुई गोल गोल

दंदरत ॥ वो हुस्न वो कुछ लडकपन उसका ॥ गद राया हुआ वो जोबन उसका ॥ उस चंपे रंग पर वहारे क्या जोबनकी उमंग पर बहार रेक ॥ प्यारी प्यारी वो भोली सूरत ॥ चितवन में भरी हुई शरारत ॥ अंगिया वो बनत की जग मगा ती ॥ जोबन कि भरी फबन की वाली जान आलम देख नहीं बेताब होगया· एक तर्फ शोक दूसरे तर्फ ख़ौफ़· अगला पिछला खयाल आने लगा· डरा डर वाले थोके नाकने फा कने का खौफ लगा हुआ हलके दानोंने अपने दुखड़े· रोये· दस्तूर है· के हर एक अपने प्यारे के आगे शेखी मारता है कुछ अपनी तरफ़से झूठ बोलता है· अपने दिल के फफोले फोडता है· जान आलम ने अपना सब हाल बयान किया अंजुमन आराने जादू गनी का हाल सुनकर अफसोस किया· मलकाकी बात पर बनावट से हंस दिया· फिर रूखी सूरत बनाई· नाक भौं समेटी· तेवरी चढाई मगर चले आने के सहारे पर मुसकराई· अपनी जान बचाने का अहसान दंदी जताथी· फिर तो शरम उड़ गयी· छाती से छाती· मूंसे मूं· बदन से बदन मिल गया· मसल है (एकजान दो कालिब) मगर यहां का ये कहीये जान और एक ही कालिब थे· दिल में उमंग मगर शरमसे तंग दोनो के दम चढ़ा गये थे· जंगाजरी गाव जारियां कर रहे थे· शाह जादी मौके पर हाथ न लगाने देती थी· जब वे बस हो जाती तो चुट किया लेती थी· कभी कहती थी ऐ साहब कोई इतना घबराता है· देखो तो कौन आता है· कभी आप उठकर देखती· भालती कोई दम यों टालती· कादिर· कहने लगी है है छोड मुझको ॥ बेदर्द नयों मडोड़ मुझको दम रुकने लगा· मेरा कहीं हट ॥ चला की बहुत थे :

खुश नहीं हुआ जान आलम जवाब में बोला · लग मेरे गले
ज़रा तो प्यारी ॥ दिल की मेरी देख बेकरारी ॥ हात अपनी क
मर में डालने दे · कुछ दिल की हवस निकालने दे · ॥१॥ आख
र वो जान आलम ने दबोचा · बहुतेरा सिट पिटाई · हुसने ए
कन माली · दिल में तो उसके भी उमंग थी · बराबर से जवाब
देने लगी · थे जी कि उमंग पर वो दोनो झट आरी पलंग पर वो
दोनो । दो फूलों की सेज वो पलंग हुआह · वो दोनों की एक
सी उमंग आह · ॥ गरज़ के मुराद पूरी हुई · कली खिल ग
ई · हुस्न तो दो जान लिपट गई · अल्लड़ पन के दिन थे · दो
दोनों पड़ रह गये · सवेरा हुआ · जान आलम नहाने गया · एक स
हेली उसके सदान से आई · अंजुमन आरा सोई पड़ी थी ·

कहा के उट्ठो· अबभी पेट नही भरा सूरज निकल आया· यातो
इतनी हद थी या अब ऐसी फिसली · अंजुमन आरा कुछ न
बोली· सिर झुका नहाने चली गई·॥ कवित्त॥ वो अंचलसे मूंह
छुपाये हुये· लजाये हुऐ शरम खाये हुऐ · दोनो नहा धो के
आये· पलंग की चादर देखी गई· पंजीरी आई· बराबर
वालियों इशारों बातों में रात की पते पते की कही· दोनों ने
शरम के मारे सिर झुका लिया · जान आलम बादशाह के पास
गया· फतः का खिलत पाया · फिरतो इसकी सल्लाह से राज्य
पाट का काम होताथा · एक बडा बाग रहने को मिला · जा
न आलम रात दिन अंजुमन आराके साथ शराब पिया क
र्ता · और परियों के अखाडे में राजा इंद्र की तरह चै
न उडाता · जिसने कभीये किया हो वोही खूब समझता
है· और जिन्हे नही किया वो कर देखे · नहीतो अंधेके आ
गे रोना अपनी आंखें खोना है ·॥

चरित्र ७ ॥

अब फिर मलका का हाल लिखाजाता है· वो बिचारी कम
बख़्तीकी मारी रातदिन रोती थी· बिलख बिलख के जान
खो तीथी · ॥ कबित्त ॥ यहां तक के उठाने का इ
रू करीब आया ·॥ इस पर मेरे बाली पर तुम उठके ना
आ बैठे ॥ मैं नाम तेरा लेले दिन रात जो चिल्लाऊं ॥ जो
सुनते हुऐ बहरे क्यों कर नगला बैठे ॥ १ ॥ जोकोई क
हता मलका खैर है घुलीजाती हो· क्यो इतना गम खातीहो·
तोवो ये कहती॥ कबित॥ गम खाती हूं लेकिन मेरी नियत नहीं
भरती·क्या गमहे मजेका के तबियत नहीं मरती· ऐसी ऐसी बाते
करतीकि सुन्नेवालों की छाती फ़टती · वो कहती मलका इ-

तुम न घबरावो · जलदी फिरेंगे · और मनोकामना सिद्ध
होगी · वो कहती के मेरे दम की क्या भरोसा है · क्या जाने किस
दम निकल जावे · देखो · जिस दिन से गया आजतक उसकी
खबर भी न आई · हसने मुफ़्त में जान गवाई · वे भूल के ज
वार छडी दिन रहना · तो उनी पेडों में जहां जान आलम मि
ला था जाती, आप रोती · संग सहेलियों को रुलाती और कभी
सुभों से श्याम तक उसी जंगल में सबको फिराती और ये ज
बान पर लाती · ॥ कबित्त ॥ रहेथा लिपटा हुवा जब के मु
झसे प्यारा ॥ अजब मज़े की थीं रातें अजब वे प्यारे दिन ॥
कब उससे होगी मुलाकात मैं ये पूछूं हूं ॥ ज़रा तो ज्योतसी
देखो मेरे सितारे दिन ॥ रात को एक बार घर आती और
कराह कराह सबको जगाती · और ये सुनाती ॥ कबित्त
हराम नींद की इक बार बस ले जाना ने ॥ इलाही कोई
किसी का उम्मेदवार नहो ॥ रात के चैनी से पहाड हो जाती
तो वो बडी घबराती · और कहती · हे भगवान जैसा मुला
कात की रात को तूने घटाया वैसा जुदाई की रात का क्यों न
जलदी तड़का कर दिया ॥ है है · आज मुर्ग बोला · न मुल्ला
ने अजां दी · न चौकी दार के वक्त जागा · और छडी वाली भी
नींद के झोके में गजर बजाना भूल गया · कबित्त · ये छूबे
रहा यें सब जान के खाने वाले · आज क्या मर गये घडिया
ल बजाने वाले ॥ दिन रात उस पर भारी थी · किस मुसीबत में
वो बिचारी थी ॥ लोग कहते · मलका अल्ला को याद करो
रात दिन का रोना अच्छा नहीं · रोरो के आखें खोवोगी · खु
दा जल्दी तुम्हारी मुश्किल आसान कर देगा तो वो आह भर
कर यह कहती अगर नसीब में है तो मिलेंगे मगर ये दु-

काहे को रात दिन सवेरा हो · जिससे हमें आराम · तुही हमें उठा दे · यही हमारी औलादका बदला है · ये इश्क में गजब देखिये · वहां तो शाह ज़ादा बाग में चैन उड़ावे · और यहां मलका विलखके जान गवावे · मगर जब एक के दिल में ज्यादा बेचैनी होती है तो दूसरा भी तड़फ़ता है · ये इश्क दोनो की जान लेता है · इस पर एक कहानी याद आई है · बनाने वाले ने खूब बनाई है ॥

कहानी

कलकत्ते में एक अंगरेज सौदागर था · बड़ा आली शान सब तरह का सामान उसकी दुकान में मौजूद था · उसकी एक बेटी थी · बड़ी खूब सूरत · यों तो सब सामान अच्छा था · मगर ये रकम तुर्फ़ा दम थी · बिलायत से हिन्दुस्तान तक उसके हुस्न का चर्चा था · और बंबई से सूरत तक उसकी सूरत की धूम थी · हजारों अंगरेज उस पर जान देते थे · लाखों हिंदुस्तानी उसके पीछे खराब फिरते थे जिस वक्त हवा खाने को निकलती तो दोनो तरफ़ लोग खड़े होजाते उसका दर्शन करते · और जान नजर करते · इत्तफ़ाक से एक अंगरेज खूब सूरत नौजवान · इश्क बाज · ताजा बिलायत से आया · एक दिन वो आफतका मारा कुछ सौदा लेने उसी सौदागर की कोठी पर आया · और उस हूरके बच्चे को देखा · इश्क गले का हार हुआ · होश खो बैठा · दिलसे हाथ धो जानको रो बैठा असबाब खरीदने गया था · सौदा मोल लिया · उसने गाहक समझ मोहब्बत के कांटे में तोल लिया · हाथ पांव ने सत दिलने हिम्मत हार दी · दिन धौले लुट गया · जब और कुछ तजवीज बन न आई तो असबाब मोल लेने के बहाने से आमदरफ़्त बढ़ाई फ़िर तो ये हाल हो गया के ॥ कबित्त ॥

दिन में सौ२ बार अब हम उनके घर जाने लगे· आ कुआने बोलने हम उन पे मरजाने लगे· ॥ मुहब्बत कभी आजतक छु पी नहीं लोगों ने बडे बडे जतन किये मगर एक न चली· जब सौदा गर के कानमें इसकी भनक पडीतो साहब का आ ना जाना बंद किया ये बडे घबराये· गरज के साहब बहादुर ने शिकस्त खाई· हिलने की ताकत न रही· लेने के देने पडे· यीड हर थाई से लग लई· जोजो उसके दोस्त थे सम झाने लगे· कैदके फिकरमें हुए· और नोकी बुराई बयान की मगर इसको एक खातिर में न आई· आखिर कोउस का एक बडा गहरा दोस्त थाउसने कहा· क्यों मौत मांगता है· अरे जालिम, ये क्या करता है · सिवाय बे इज्जती के कुछ हासिल नहोगा· अपने हातसे अपने ही पैरमें कुल्हाडी मारली किसने बताई है· तूने शायद मजिस्ट्रेन के बेटे की कहानी नहीं सुनी· उसने कहा क्योंकर· ॥

मजिस्ट्रन के बेटे की कहानी

मजिस्ट्रन नाम इसी शहर मेथा· बडा रुपये वाला· सब दुनियां की बाते उस्को नारदून मेथी· सो सो जहाज सौदा गरी के उसके जाते थे· मिट्टी में हात डालता तोसोना ह त आता· सिवाय बेटे के और कुछ खबर दिलमें नथी· नसी बे वालो की दुवा जल्द कबूल होतीहे। १७५ बरस की उमरमें एक लडका पैदा हुवा· बडा खूबसूरत· बारह बरस की उमरमें लिख पढ के तैयार हुआ· और तेरह बरस में बापसे सफर की छुट्टी मांगी· । मजिस्ट्रनने कहा के अभी थोडे दिन सबर कर· वो बोला· आप बुढ्ढे हुऐ मैं चाहता हूं के आपके जीतेजी सफर को जाऊं और अपनी

चाला की बताऊं लाचार दापने दस बारह जहाज लोग बागसा थकर दिये· दो महीने बाद आंधी जो आई जहाज तबाह हो गये· मजिस्हल का येक तखते पर डूबता उछलता बह चला सात वे दिन वो तखा किनारे लगा ये उतरा और घासकी र स्सी से तखते को पत्थर से बांध दाला चारा ढूंड ने गया· थोडी दूर पर एक शहर दिखला ये· उठता बैठता उधर चला· देखा के शहर खाली है· न कोई वारिस है न वाली है· रुपये अशर फीयों का ढेर लगा· हुआ है· फिरते फिरते किले मे आया· वहां फूल फल देखे· बीच में एक बंगला था· ये जर बख्त बाप दी उठा अंदर घुस गया· देखा के जवाहर के पलंग पर मुर्दे की तरह कोई सोया है· दुपट्टा ताने न कोई पायती न सिराने इसने दु पट्टा सरकाया· औरत ने चौंक· कर सिर उठाया और इसको देख कर कहा अपनी जवानी पर रहम खा यहां से चला जा· बिन आ ई मरेगा· कोई आह भी न करे गा· इसने कहा तू हाल तो क ह· औरत बोली तू पहले अपनी सुना· इसने कहा ऐसा न दिल का भूखा प्यासा हूं जो कुछ खाऊं तो बात करूं· औ रत ने कहा के मुद्दत बाद आज खाने का नाम सुना· गम के सिवाय खाना आंसूं ओके सिवाय पीना यहां नहीं है· खा ने की किसम से कसम तक भी नहीं खाती हूं· क्या जाने क्यों कर जीती हूं डर के मारे दिन पूरे करती हूं· और जान ऐसी सख्त कंबख्त है के नहीं निकल ती· लोग कहते हैं के वे खाये पिये जीते हैं ये बात झूठ है· दिल को खाते हैं· और लहू को पीते है· तू इस बाग में जा· जिस मेवे पर दिल चले वो खा· ये ग या मेवा खाया पानी पीया· उलट आ औरत को सब अप ना हाल सुनाया· और उस का पूछा· वो बोली के मैं यहां की ?

शाह जादी हूं • बाप मेरा यहां का बाद शाह था • मैं रात दिन
सैर और शिकार किया करती थी • एक दिन नदी किनारे सां
प दिखा वो मेरी तर्फ़ को बढा • मैंने उसे तीर मारा • क्या जानें ल
गा मगर देखा तो एक बडा अजदहा फपटा आता है • मै तो घो
डे पर चढ कर भागी और मेरे साथी यों को वो अजदहा खा ग
या • यहां तक के शहर में बाद शाह से हैवान तक भी न ही रहा
फ़क़त मैं बची हूं • शाम को वो यहां आता है • और दो घडी बैठ
कर गायब हो जाता है • जब भूख लगती है तो मेवा खा लेती
हूं • कोई अपना नहीं • खुदा के डर से तुझ को शुआर कर दिया •
इसने कहा तू खातर जमा रख • आज ही फैसला कर देता हूं
ये कह कर किले में से बारूद लाया • साप के बैठने की जगह
गढ़ा खोदा • बारूद बिछाई • दूर तक सुरंग बनाई • और उस
पर हरी घास जमाई • शाहज़ादी ने कहा अब वो आता होगा •
ये सुन कर मजिस्ट्रन का बेटा सुरंग के कोने मे जा बैठा • इतने में
वो अजदहा आया • और अपनी जगह पर उस ज़ु कदम ने
हरा फर्श बिछा पाया बहुत खुश होकर बैठा मजिस्ट्रन के बे
टे ने पथ्थर से आग झाड सुरंग उडाई • येक ही दफ़े धस
का हुआ वो ज़मीन का टुकड़ा सांप समेत आसमान को उड़
गया • फिर तो ये दोनो खुश हुए • सात बार तक ई खड़े रहे दो
लडके भी पैदा हुए • एक दिन शाह जादी ने कहा के शहर का बसा
ना चाहिये • अकेला दिल नहीं लगता • वो बोला के अगर घर
जाऊं और मजिस्ट्रन को लाऊं तो ये बस्ती बसे • उसने कहा मैं
अकेली क्योंकर रहूंगी • मैं भी तेरे साथ चलूंगी • आखर
को एक एक लडका दोनो गोद में लेकर चल निकले औ
र वहीं पहुंचे जहां वो तख़्ता था • कहो जो हो सो हो • इसी पर

सवार हो • कहीं तो जा निकलेंगे • येक हु कर सवार हुये •
मजिस्टून का बेटा तख्ता खोल ने लगा शाहजादी बोली यूं तो
मालदो होता है • अगर एक नारियल • छूकसीरं से भरा हु
वाहै • अगर कहै तो लेआऊं • आदमी निल्यार के केफेरमें र
हता है • इस ने कहा जो लेआ • शाहजादी लडका गोदमें लिये उत
री उसके उतर ते ही ऐसा हवा चली के रस्सी तख्ते की टूट गई व
ह चला • बहुतेरा हात पैर मारे मगर किनारे न लगा • किना
रे पर शाहजादी अलग रोरही थी • इतने में एक जाहाज
आया • जहाज वालोंने देखा के कोई जवान लडके को गोद
में लिये बहा चला जाता है • रहम खाकर एक डोंगे को दौडा
या • इसको जहाज पर लिया • जहाज का मालिक मजिस्टून
का दोस्त था उसने उसके बेटे को पहचान लिया बडी खातर
की कलकत्ते में पोहचे • बेटा बाप से मिला • घी के दीवे •
जले • मजिस्टून ने बेटे से तमाम हाल पूछा • बेटे ने सब
दाहवार बापसे कहा अब देर न कीजे जल्दी चालिये ऐसा मु
लक और रुपया हातसे न दीजिये • मजिस्टून ने कहा •
खेर है • ये भी येक किस्सा था जो मैने सुना • और ख्वाब
था जो तूने देखा • बेटे ने कहा के ऐसा अकल मंद और ऐसी
बात कहे • दुनिया में तीन चीज़ है • जर जमीन जन यानी
रुपया धरती और औरत • ये सामान जमा है अगर आप
नहीं जाएंगे तो बंदा अकेला ही चपाहुंचता है मजिस्टून ने क
हा अफ़सोस • हमतो तुम्हे अकल मंद जानते थे मगर ये ह
मारी नादानी थी • तुम्हारी जवानी थी • कोई नादान से निदा
न भी • औरत की बात पर ध्यान नहीं करता • ये बातें जभी नद
थीं के जब तुम और वो एक जगे थे ये किसकी यार है • जहां तुम

से ग़रज़ मिला · उसको होली · मसल मशहूर है · (औरत को तरह चाहिये न वक्त) लोग कहते हैं के औरत जबतक अपने पलंग पर है तब तक अपनी · हम इसको भी नहीं मानते नींद और मौत बराबर है · बल्कि करवट फेरने में इधर की दुनियां उधर हो जाती है · जो लोग औरतों पर सख्ती करते हैं वे बडे बेवकूफ़ हैं क्या वो नहीं जानते (रहेंतो आपसे नहीं तो जासगे बापसे) मजिस्द्रन ने बहुतेरा उतार चढाव दिये मगर उसने एक न माना लाचार मजिस्द्रन भी साथ होलिया जहाज पर चढे और उस मुल्क में पोंचे मगर दंग होगये सब नर्फ आदमी फिरते थे · मजिस्द्रन के बेटेने जाना के मैं रस्ता भूल गया · आदमी योंसे पूछा · इस शहर का नाम क्या है और वहां का हाकिम कौन है · उन्होंने कहा यह शहर उजड गया है · फ़कत बादशाह की बेटी बचीथी · सो दस दिनसे शादीकी और ये अबादी हुई है · मजिस्द्रन ने बेटे से कहा खुशानो बहुत हुए होगे · सीधे फिर चलो · उसने कहा इतनी मुसीबत उठाई · उसकी शकल भी नजर न आई · दो बातें करलूं तो फिर चलूं मजिस्द्रन ने कहा कहा मान · नहीं तो मुसीबत पडेगी · मगर उसने एक भी न मानी · लोगों से पूछा शाहज़ादी क भी सवार भी होती है उन्होंने कहा हां रोज़ निकलती है · ये फ़क्त पूछ पांव लडके का हाथ पकड के रस्ते में जा खडा हुआ · इतने में शाहज़ादी घोडा फेंकती आई · ये पुकारा हमने इकरार पूरा किया हाजर हुए · लडका सलामती से मौजूद है · क्या हुक्म हो · शाहे· दो किसानों की तरह देखती चली गई · कुछ जवाब नहीं दिया · वे ज़लील होकर घरमें आया · बापने हाल पूछा इसने जवाब दिया आज मुलाकात नहुई कल फिर जाऊंगा · उसने क

हा क्यों शामत आई है· नाहक जावोगे मुफ्त में पहिनावोगे· दूसरे दिन इसने बेटे को सिख लाया के जब सवारी आवे तो तू इ घोडेसे लिपट जाना· और कहना कि दुनिया का खून सफेद होग या· मा की उल्फत से वाप की मुहब्बत में ज्यादा मजा पाया· वो तो उस को साथ लिये फिरता है· तुम बात की भी नहीं करती हो· बल्कि पहि चान ती भी नहीं· जिस वक्त सवारी आई· ये तो वहुत जला था· और समझ चुका था· कि खेल बिगड गया· कहा· वस शाहजादी वाग कोरोको· वो तो खुद रुकी हुई थी वाग भी रुक गई· मजिस्ट्रनका वे टा वोला·॥

कबित्त

याद वो दिन है कि नफरत थी जमाने से तुझे।
हां तो वह शान थी वहुत गैर के आने से तुझे॥
खोफ आता था कहीं आने से जाने से तुझे॥१॥
मकर था याद खबर थी न बहाने से तुझे॥२॥
बेधडक गैर से बातों का कभी तोर न था॥
हसी हसथे तेरी सोहबत में कोई और न था
कभी चोटी की खबर न थी न था कंघी का ख्याल॥
वारहा उलझे हि रहते थे सिर के तेरे बाल॥१॥
पान की लाखे से और मिस्सी से होता था मलाल
मुझको अफसोस ये आता है के गुजरा नहीं साल
ऐसी क्या बात तेरे दिल में समाई जालिम॥१॥
इफा तन सब वो रस्मो रसम भुलाई जालिम॥
थी लगा वट हि तुझे याद न खल ना सबसे॥
गरम जोशी का भला कब था ये लपका सबसे
में बैठना कोने में हरदम तुझे तनहा सबसे॥
तुझको लग चलते कभी हमने देखा सबसे।

अब तो रुस्वी में किया के गरज़ तूने किया।
खुलगया सब ये तेरा भेद ग़ज़ब तूने किया।
मुवार सद मुझ हुई जल्द रिहाई तुझसे॥
अब तो नाहक़ हुआर मुकद्दर है सफ़ाई तुझसे
वज़ा अपनी क्या कीजे बुराई तुझसे॥ ५॥
न मिलें पर जो कहे सारी खुदाई तुझसे॥
बख़ुदा मिलने से हम हाल तेरे खो बैठे॥ ५॥
खुश रहो तुम के तुझे खोल के दिल रो बैठे॥
अब क़सम खाता हूं लो दिल न लगाऊंगा कभी.
ज़िल्लते रंज न इस तरह उठाऊं गा कभी॥ ५
गर न रहें दारवी दुनिया में पाऊंगा कभी ५
रक़ीब तो क्या है न मैं पास बिठाऊं गा कभी ५
भोसरम अब दिल के लगाने ही का जाना न रहा
यार लोगों की ज़बां पर ये रहेगा हर बार ५
गो कि आशक़ था मगर था ये बड़ा ग़ैरत दार॥
देख बद वज़ा किया दे दिये ऐसा इन कार॥ ५
सिर पटक के मर गये सब पर न मिला वो जिनहार
करे माशूक़ दग़ा किसी से तो ऐसी करै॥ ५॥
पह करे बात की आशक़ तो भला ऐसी करे॥

ये सुन के वो सर सिंदा हुई · फ़िर लड़का घोड़े से लिपट ग
या · जो बापने छिपाया था · वो कहने लगा · जब कह चूका · शा
हज़ादीने तसनूचा उस पे फ़ेंक दिया · धमसे गिर पड़ा · और
वो: नाग उठा चलदी · मजिस्टून बोला · क्यो जो हमने कहा था
वोही आगे आया · वो: बोला सवेरे जो होना है हो जावे गा · मजि-
स्टून ने कहा के तू: अपना भी वोही हाल किया चाहता है · दूसरे

दिन दो चला · मजिस्ट्रन काज़ी न रुक सका साथ हो लिया · जब शाहज़ादीकी सवारी पास आई · बाग पकड़ ली · अभी ज़बान भी नहिं लाईथी · कि शाहज़ादीबोली, मजिस्ट्रन हम ने सुना था · तू बड़ा होशियार आदमी है · सब तरह का ज़माना देखा हुआ है · मगर अफ़सोस · के बई रिशोकसे तूने नहीं सुना केजो गया सो गया · सो किन किन बातों को याद किजिये · बन बनके खेल ऐसे लाखों · बिगड़ गये है · ये कहके घोड़ा छुड़ कारा : मजिस्ट्रन ने और बोलने में जान का डर देखा · बेटे को झुकके सलाम किया वेभी बुड्ढे बाप का बेटा था · शर्मा के उलटा फ़िरा जीतेजी बापसे आख चारनकी : फिर उस अंग्रेज ने कहाके इस कहानीसे ये मतलब है के आदमी वो काम न करे जिस्में आखिरकोजल्लत होवे · अबक्या कहने हो बोला ॥ कबित्त

कब तलक जिऊंगा में मौत एक दिन आनी है ॥ इन दिनो जो आजाये ऐनमेहरबानी है ॥ लोगबाग सिर पटकके उठ खड़े हुए · कहा जब ये जान गवावेगा तब ये झगड़ा जावेगा; जब उसका अबतर हाल हुआ · तो उन्ने दोस्तों को चिट्ठियां लिखके जमा किया कहाकेकल हमारा कूच है · अगर हमारा कहा मानो गेतो यहां तुम्हारा नाम होगा · और वहां नेक अंजाम होगा · सबोने मान लिया उसनेकहाके मेरे मरनेके बाद मेरी लाश बड़ा धूम धाम सेबजरे के छतर पर संदूक में धर बाजे बजाते मेरी प्यारी की कोठीकेनीचे से लेजाना · और दिलमें ये था ॥ कबित्त ॥

॥ साथ वो मेरे जनाज़ेके लहदतक आये
अय अजल तेरा कदम मुझको मुबारक होये

रातको साहबबहादुर चल बसे · सुबह को ये खबर सब में फैली सोदागर बच्ची के कानमें भी पहुंची मुहब्बत ने जोश कि

या ·अनार आरस से दबाये रक्खा· साहब लोग सिर नंगे गुल मचा
ते दाजे व जाने जनाजा कंधे पर लिये चले · हज़ारों लोग रोते·
पीछे साथ थे· इसी सूरत से कोठी के नीचे जनाजा आया·
उस वक्त सौदागर बच्ची मुहब्बत के मारे कोठी पर चढ गई·
और वे इख़्तियार बोली के· लाश किसकी है, के मुहब्बत के हल
कारे बच्चो बच्चो कह रहे हैं· वो बोले के तुम्हारा हीनो मारा हु·
आ है· अफ़सोस के उसने जानदी और तुम्हें खबर न हुई· ता
के सरवश ने इसको सुना कर ये कहा·॥ कवित्त

॥ मुकर जाने का जालिम ने निराला ढब निकाला है
सबों से पूछता है किसने इसको मार डाला है ॥

ये सुनते ही उसने चीख मारी और धमसे संदूक पर कूद पडा
दम निकल गया आशिक़ा सोता नसीबा जग गया · मुहब्बत ने
इस तरह दोनों बिछडे हुओं को मिलाया· लोग थरीग
थे दूर दूर खबर पोहची· आखिर को दोनों को साथ एक
संदूक में गाड दिया· ये मुहब्बत के मजे हैं· कब जीत छोडती
है· अब मलका का हाल सुनिये उसका बुरा हाल होगया·॥

कवित्त· लगे ज़मीन पर अनडनार ने हमको ॥ १॥
ये दिन दिखाये तेरे इंतिजार ने हमको ॥
जुदाई में तेरे बिलआल अबतो मारा है ॥
तड़प तड़प के दिले बेक़रार ने हमको ॥

सुबह से शाम तक हिचकी लगी रहती· दरवाजे की आ
ह परवात थी· आखिर को आंख बंद होगई· मरा दिन तक
हिचकी बंधने के बाद आस रहती है तो दो पहर बंद· जब मलका
का यह हाल हुआ तो जान आलम बेचैन हुआ· दिल में सोच
ने लगा· क्याजाने मलका कैसी होगी· जाती है या मर गई·

जल्द चलना चाहीये • ऋंजुमन आरासे कहा हम तो जाते हैं •
और बादशाह से रुखसत लेते हैं • अब और नहीं ठहरते • जा
नी बेहतर यो बोली कि बेहतर है • तुझ को भी जंगल देखने •
का शौक है • ॥ कवित्त ॥ चलिये गातो साथ है •
विला उजुर ॥ रहिये गातो बंद गीमें क्या उजुर ॥ बादशा
हने जाके कहा • तो खब रा गया • के मैं कभी जाने न दूं
गा • जंगल की सैरका शौक है तो यहीं जावो • सब ची
ज मौजूद है • जानआलम ने अरज की कि हुजूर को •
एक बरस में मुझसे ऐसी मुहब्बत होगई • के जान और मा
ल से मौजूद है • भला हाल उनका क्या होगा जिन्होंने लाखो
मिन्नतें और मुरादो पर न दिन को दिन • न रात को रात •
जानकर सोला सतरा बरस खाक छान कर मुझको पाला •
दिवाने पन में घरसे निकला • मुद्दतसे मेरे जीने मरने का हा
ल भी मालूम नहीं • वे कौन सी आदमी पन है • कि आपनो
चैन करे और मा बाप जल के मरे • अब इसमें तीन पांच न
कीजिये • घर जाने दीजिये • बादशाह ने देखा कि अब ये नमा
नेगा • कहा कि अच्छा जावो जो तेरी मरजी मगर सफर की
तैयारी से ४० दिन तो चाहीयें • जानआलम ने ये मान लि
या • ॥

चरित्र ८

चालीस दिनमें सफर का सामान सब तैयार हुवा • बाद
शाह उदास दो कोस शहर से बाहर एक ठेकडी पर जा बै
ठा • और वजीर को हुक्म किया कि तुम शाहजादे को रुख
सत करो • हम यहां से सवारी का जलूस देखते हैं • तमाम ख
लकत पांच बरस का लडका पिच्यान वे बरस का बुड्ढा • और
तमर्द • सब तमाशा देखने को चले आये कुछ पुछे बना

न·ताज·बहरी·शिकारी· कुत्ते· चीते लहू पीते·फिर
गुलाब· सच्चे छिड काव करते· बेद मुश्क छिड़कते
हज़ार लाल टेसे जल रही·खुशबो के मारे उबल रही·
इतने में सुबह हुई· कली का खिल खिला खिल खिला·
उदास जलना सवारी का हलके २ चलना ·जंगल में जा
नवरों का बोलना·फूलों का खिलना· चांदनी का छुपना·सूर
ज का निकलना· तमाशा देखने वालों की भीड़ भाड़·लो
गों की उखाड़ पछाड़·इतने में खास बरदारों का गोल
आया·किमखाब की मिर्ज़ाई· मस्तु के घुटन्ने दिल्ली
के नागोरी·पांवसें·सिर पर फेंटे बंधे कला फलकी एक
ल चकमान तोडे दार करा बीन शेर बच्चे·जिस्से शेर
जीता न बचे आसपास करछी बरदार बीच में जानआल
म घोड़े पर सवार बराबर अंजुमन आरा का सुखपाल हज़ार
पांच सौ कहारी प्यारी प्यारी छोटी उमर गदराया हुआ बद
न माल मस्त अतलसके लहंगे मसालाट का मलमलके
दुपट्टे बारीक बनत गोखरू कुती· अंगिया कंधोपर सुखपा
ल कुछ इधर कुछ उधर जड़ाऊं कड़े नाजुक नाजुक हातोंमें
पड़े पांवमें सोने के तीन तीन छड़े कानोंमें सादी सादी बालि
यां जोबनकी मतवालियां·तेवरी चढाके पांव धरना हरबात पर
नक तोड़ा करना कहीं सीसकी कहीं हिचकी इस तरह·से
सवारी बादशाह के पास पहुंची जान आलम ने देखा
कि बादशाहकी आंखोंसे खून जारी हिचकी लगी है·च
ट घोड़ेसे कूदा बादशाहने कसम देके कहा के इसवक्त
हमारे पास न आवो खुदाको सोंपा·चले जावो जान
आलम फिर सवार हुवा·जब शाह जाने· घोड़ा बढाया

तमाम रवल कत का जीभर आया · उनको देखके लोग वा
हा दिल्ला ते थे· और कहते थे के आज शहकी रौनक
गई· और चांद सूरज छुप गये · शहरे में गदर पड़गा
अंधेरा होजावेगा · दिन देहे सूने सैंकड़ों औरत मर्द साथ हो
लिये · पालकी नालकी, पीनस, खेड खडीये, ऊंटों की क
तारे· छकडे, गाडिया · लदी लदाई· पीछे चली · हाथी
ददा · आनू · मामा · डेरे खेमें शाम तक चलते रहे · अशर
फी रुपये दंटे · वादशाह उलटा घरको आया · बसाबसा
या शहर लुटा · उजड़ा · बेरान · नजर आया · जाबजा
चिराग गुल, सर शाम पगडी गायब · अंधेरा बिलकुल
सब लोग थके · मांदे गिरे पडे थे · अंजमन आरा की या
की देखना चाहिये · जिसके सामने से वो दोनों चांद सूरज छु
प गये · वादशाहने समझाया · मूं धुल वाया · कुछ खानेको
खिलिवाया · इधर इसका तो ये हाल · उधर जान आलम पां
च १ कोस का कूंच करते · तमाम लश्कर की सवाले मल
का के ध्यान में हर बात की निजद कान से सुनता चला ·

चरित्र ५

जब लश्कर से मलका का बाग थोडी दूर रहा · तो खबर दा
रने थे खबर मलका को · सुन्ते ही घडं चाई · दिलो शाह
जादा आया · मुबारक हो मलका को सुन्ते ही गश आया फि
र सम्भल कर उठ बैठी · और कहा · (यह ताने की बात है · ये
हिलटी बहल ते हैं) हमारा नसीबा तो पांव फैला सोता है ·
येहम किसी भीयको जावे हो · हर वक्त की छेड खानी अ
च्छी नहीं ॥ कबित्त
किसको खुशी कहांकी हंसी कैसा इख तिलाना

हमको नछेडो तुम केदो अब हम नही रहे·
घब राते क्यों हो·यही हाल है· दो रोजसे फैसला हुवाजाता है·
तकदीरके आगे तदवीर नहीं चलती· इतने में एक लौंडी॥
बारह दरी से उतरी· और बोली· कि खुदाजाने इतनाबडालश
कर कहांसे आया· मलका हंसी·और सैरकेबहाने से लौंडि
योंकेकंधे पर हात धर ठंडी सांस भर कोठे पर चढी·देखा केब
डा लशकर पडा है· बाद शाहीडेरे खडे हैं·इतने में जानआ
लम तीन चार सवारो से घोडा दौडा़थे· चला आया·मलका दे
खकर घरां गई·मानोउलफतके हालों में सफरका मारा घर
से आवारा देखाथा·या अब चाक चौबंद पाया·जानआल
म घोडेसे उतर सीधा मलका के बापके पास गया·सलाम
किया·उसने दुआदी·छाती से लगा लिया·फिर अंजुमन
आराकी सवारी आई·उसभी भी सलाम किया·मल्का॥
का बापबोला·शाहजादी·फकीर के हाल पर तुमने इनायत
की·खुदा तुम्हारा भला करे·उसने अर्जकी लौंडी मुद्दत सेबाद
शाहकी जबानी आपकी तारीफ सुना करती थी·आजशाह
जादे की बदोलत आपके दीदार नसीब हुए·दो घडीबैठ कर अ
र्ज किया·जो हुक्म होतो मलका सेभी मुलाकात करूं·उसने
कहा इसमें पूछना क्या है घर आपका है·जानआलमरुखस
त हो खेमेमें आया·अंजुमन आरा मे मलका के घर का रस्ता लि
या·आनेकी खबर पहिले ही मलकाको पोची थी·सामान उसउ
जडे घर का फिर दुरुस्त हुवा·जब सवारी देखी तो मल्का पेशवाई
को आई·फरशीसलाम किया·उसने गलेसे लगा लिया·मल्का
आंखोंमें आसूभर लाई बोली तुमने मुझे शर्मिंदा किया·मैंफ
कीरकी बेटी·तुम शाहजादी·आपके पांव आंखों पर रखने

चाहीये· आपके आने से मेरी बडी इज्जत हुई· अंजुमन आ
रा बोली· हमने खूब किया· औरत अगर ये चोचले· की बातें
न करती तो क्या होता· ऐ साहब हमारी तुम्हारी तो बराबरी है·
और हिसाब की राह से पहिले तो सभालामती से तुम्ही हो·
सरकार की फ़ज़्ल हमें मिली है· पहिले मजा आप ही ने चक्खा है जो
बनलूं हाहे· वो दोनों के होकर रात भर हंसी ठट्ठे में प्यार मुहब्बत की·
बातें होती रही· सुबह को अंजुमन आरा जान आलम के पास आई·
देर तक मल्का की तारीफ़ करती रही के आज तक ऐसी औरत न दे
खी थी· दूसरे दिन जान आलम ने मलका के बाप से कहा के·
अब वादा पूरा कीजे· वो बोला हम इस लायक कहां हैं· तुम तो
लकोपूरे इक़रार के सच्चे हो· लौंडियों में धरलो· शादी का नाम
लेना तो चिड़ाना है· न वो हम हैं· न हमारा वो जमाना है·

आखिर को मलका का निकाह जान आलम के साथ हुवा· अब ये मालूम हुआ के एक रात अंजमन आराकी और दूसरी मल्का वी वैठी· और उन दोनों में ऐसा प्यारा बढ़ा के शाहजादे की आशकी नजर से गिर गई· सच है; बड़े घराने वालों में जलन और हसद का नाम नहीं· जलन अदावत· दांता किल २ रोज की तूतू में में छोटे लोगों में होती है· उन्हे बहुतेरा समझावो नी चूंच दिखावो मगर दो वेगार्ला गलोज फोर्व फाला के नहीं मानते दो दिन मिलके नहीं रह सक्ते· जिंदगी जहर होती है· खातरे का गम होता है· नाक में दम होता है·॥

कबित्त॥

इश्क में दोनों तरफ़ उलफ़त बरा वरा चाहिये
दिल से नो बेदा हो उसका दंदा बरा बर चाहिये॥

चरित्र १०

कुछ दिन शाहजादा वहीं रहा· एक दिन ये सब वैठे हुए थे· जान आलम ने कहा· हमे घर छोड़े अजी जी से मूं मोड़े मुद्दत हुई अभी दिल्ली दूर है· अब चलना जरूर है· वो दोनो वोली बहुत खूब· मल्का के बाप से जिकर हुआ· उसने भी रोकना मुनासिब न समझा· सफर की तैयारी हुई· इतना माल और असबाब शाहजादे को दिया के वो अंजुमन आरा के बाप का दहेज भूल गया· चलते वक्त मलका के· फकीर के पास कुछ भी न था जो देता· मगर एक चुटकला बताता हूं· जब वक्त पड़ेगा बड़े काम आवेगा· दौलत इसके आगे कुछ माल नहीं· मगर होशयार रहना फिर अलग लेजा कान में मंत्र फूंका और कहा कि अगर माजाये भाई से नी कहा गे तो दगा खावो गे· फिर अंजुमन आरा के पास आकर कहा· या शाहज़ादी फ़कीर ज़ादी को

दो चार घडी के बाद फिर अपने अपने खेमे में आये व
ज़ीर ज़ादे के वास्ते बड़ा खेमा खड़ा हुआ. जान आलम ने
दोनों शाहज़ादियों को बुला कर वज़ीर ज़ादे से कहा के जिस
तर्फ तेरा दिल चले दिला दूं. वो हरामी टाल तो औरही धुन
में था. कहा मेरी क्या मज़ाल है जो इनकी तर्फ आंख उठाके
देखूं. जान आलम बोहत खुश हुवा. और दिल में वज़ीर
ज़ादे का घर हुआ. तमाम रस्ते की मुसीबतें सुनाईं. म
गर जब फकीर के लड़के का ज़िक्र आता. टाल जाता. वो स
मझा इसमें कुछ भेद है. एक दिन मल्का और अंजुमन आरा
ने मिल कर जान आलम से कहा. ये नया माजरा है. हर
दम एक गैर. और जवान आदमी की सोहबत में शरीर
करना. खला मला रखना क्या जरूर है. बाद शाह कभी
ऐसा नहीं करते. शैतान को इन्सान दूर न जाने. गैर का
एतबार न करे. जान आलम ने कहा फिर कभी ऐसी बा
त ज़बान पर मत लाना. उसने तुम्हारी लोंडियों तक का पास
किया. और मैं क्या ऐसी नादान था. जो बे देखे भाले दस्तूर के
बर खिलाफ करता. मल्का ये सुन कर हंसी. और अंजुम
न आरा की तरफ मूं फेर के कहा. खुदा के वास्ते इन्साफ तो
किजिये. खातिर की तली जिये. इनकी सादगी में किस बेवकू
फ़ को शक होगा. आप अगर अकल के दुश्मन न होते तो क्यों
हौज में कूद कर जादूगनी की कैद में फसते. नाम डूबोते. लो
भला सच कहो. शरमिंदा न हो जी में क्या समझे थे. जो कूद पड़े.
ज़रा ख्याल न आया. के कहां अंजमन आरा और कहां जंगल
का हौज. वो बाद शाह की बेटी थी के किसी मछली की पोती
थी. जान आलम ये सुन खिसियाना हो गया. कहा. वा

दो चार घडी के बाद फिर अपने अपने रवसें में आये ८
ज़ीर ज़ादे के वास्ते बडा खेलारवडा हुआ जान आलम ने
दोनों शाजा दीयों को बुला कर वज़ीर ज़ादे से कहा के जिस
फ़कीर का दिल चले दिला दूं लो हुशली तोल तो औरही धून
में था कहा मेरी क्या मजाल है जो इनको नकी आंरव उठाके
देखूं जान आलम वोहत खुश हुवा और दिल में वजीर
ज़ादे का घर हुआ तमाम रस्ते की मुसी वतें सुनाई म
गर जब फकीर के लडके का जिक्र आता टाल जाता बो स
मका इस्में कुछ भेद है एक दिल मल्का और अंजुमन आरा
ने मिल कर जान आलम से कहां ये नया माजरा है हर
दम एक गेर और जवान आदमी की सोहबत में शरीक
करना रवला मला रवना क्या जरूर है बाद शाह कभी
ऐसा नही करते शैतान की दूर सात दूर नजाने गेर का
एल दार न करे जान आलम ने कहा फिर कभी एसी बा
त जबान पर मत लाना उस्ने तुम्हारी लोंडियों तक का पास
किया और में क्या ऐसी नादान या जो वेदेखे भाले दस्तूर के
बर खिलाफ करता मल्का ये सुन कर हंसी और अंजुम
न आरा की तरफ मूं फेर के कहा खुदा के वास्ते इन्साफ तो
किजिये खातिर की नलीजिये इनकी साद गीमें किस वेवकू
फ़ को शक होगा आप अगर अकल के दुश्मन न होते तो क्यों
हौज में कूद कर जादू गरनी की केद में फसते नाम डूबोते लो
भला सच कहो पर मिंदा न हो जी में क्या समझे थे जो कूद पडे
जरा ख्याल न आया के कहां अंजमन आरा और कहां जंगल
का होज वो वाद शाह की बेटी थी के किसी मछली की पोती
थी जान आलम ये सुन खिसि याना हो गया कहा बा

न और अस्सर सरवरा पन और • कहांका जिकर • फिर जगे लि लाया • क्या मेरी हंसी का सौदा आपके हात आया • ऐसे तो स भको मुहब्बत में क्या क्या नहीं होता • भला अपनी बातें तो याद करो वो कौन रात दिन बिलबिलाया करता था • कह हक नाहक लौंडियों को धमकाया करता था • मल काले क हा देखा • आप थमिये • तोये कहानी लाये • मैं तो और न हूं • और मुझको नाकिस अकल सल कहते हैं • भला साहब अगर मुझसे बेवफाई की हरकत हुई तो तअज्जुब नहीं • लेकिन शुक्र करने की जगह है के आपका मिजाज भी मेरा हिसा है • ये बात हंसी में उड गई • मगर वो हराम ज़ादा हर फून हर मुकाम में वक्त ताकता था • एक दिन एक जंगल में लश्कर पडा • फूल खिले रहे फिरे बह रहे दिमाग में खुशबो समायी • जान आलम को लहर आयी • बज़ीर ज़ादे का हाथ पकड फिरे पर जा बैठा • शराब मंगवाई • दौर चलने लगा • शाहज़ादा मस्त वाला हो कर प्यार मुहब्बत की बातें करने लगा • वो हराम ज़ादा थे मोका गनीमत जान रोने लगा • जान आलम ने हंसके कहा खैर है • वो बोला • जो जो नोकरी का हक होता है • सो गुलाम ने किये • कहां कहां साथ दिया • मगर खूब एवज़ भर पाया • जब आप साकदरदान तालको छुपाते हो • फिर और किसीके स किस बातकी उम्मेद रहे • जान आलम ने नशेमें आगा पीछा न सोचा उसके रोनेसे बेचैन होय गया • कहा अगर तुझको यही रंज है तो • सुनले • मुझे बल्का ने वायने थे बात बताई है • के जिस बदन में चाहूं अपनी जान डाल दूं • उसने पूछा किस तरह • शाहज़ादे ने सब तरह की तरकीब बता दी • जब

वो सीख चुका तो बोला· के गुलाम को बगैर अपनी आखों
से देखे गलती का शक है· शाह जादा उठ के जंगल की तरफ
चला· दो चार कदम पर एक बंदर मरा हुआ पडा था· क
हा देखमें इसके बदन में जाता हूं· ये कह कर शाह
ज़ादा जमीन पर लेटा· बंदर खडा हुआ· वजीर जादे
को सब ढंग याद होगया था· फौरन बेईमान जमी
न पर गिरा· जान आलम के खाली बदन में अपनी
जान डालदी· और कमर से तल वार निकाल अपना
बदन टुकडे टुकडे कर डाला जान आलम का तमाशा कि
र फिरा हुआ· समझा बडी खता हुई अपने हाथ से पांवपर
कुल्हाडी मारी· वो बेईमान· बंदर के पीछे दौडा शाह जादा
भाग के बिचारा दरख्तों के पत्तों में छुपा· वो हराम जादा·

लहू के पड़ो॰ में छिड़के बेधड़क मल्का के डेरे में आया॰ रोया पीटा॰ चिल्लाया॰ कहा बड़ा ज़ुल्म हुवा॰ में वज़ीरज़ा दे के साथ सैर करता था॰ एक दफे ही जंगल में से घेर निकला॰ और उसे उठा ले चला॰ मैंने अपनी जान पर खेल कर घेर को ज़खमी किया॰ मगर उसने न छोड़ा ले ही गया॰ मल्का ने अफसोस किया समझा कि उसकी मौत यो ही थी॰ अब क्या हो सकता हे॰ वहां से फिर अंजुमन आरा के पास गया॰ वहां भी यही कहा॰ मगर घबराया हुआ॰ बाहर चला गया मलका अंजुमन आरा के डेरे में आई॰ वज़ीरज़ादे का ज़िक्र आपस में होता रहा॰ लेकिन मलका तेवरी ताड़ती थी उड़ती चिड़िया पहचानती थी॰ घबरा के बोली॰ खुदा खेर करे॰ आज बहुत सुगुन बुरे हुए थे॰ सुबू से दहनी आंख फड़कती थी॰ हिरनी अकेली रस्ता काट मेरा मूं तकती थी अपनी छाया से भड़कती थी॰ डेरे में उतरते वक्त किसी ने छींका था॰ तड़के ही बुरा सुपना देखा था॰ तुम भी तो खुदा के फज़ल से अकल और शहूर रखती हो॰ आज की हरकतें शाहज़ादे की तो देखो के आदत के खिलाफ़ हें॰ या तुम को यों ही वहम हे॰ अंजुमन आरा ने कहा तुम जानती हो॰ के वज़ीरज़ादे से कितनी मुहब्बत थी॰ रंज बुरा होता है॰ बदहवासी में क्या होता हे॰ वो रात मलका के पास रहने की थी॰ उसे अंदर का हाल क्या मालुम था॰ तबियत के लगाव से अंजुमन आरा के डेरे में गया॰ जब पहर बजा मलका वहां गई॰ देखा शाहज़ादा बैठा हे॰ मगर चौकड़ी भूला हुआ॰ उसने पूछा आज कहां आराम करोगे॰ वो घबरा कर बोला॰ जहां तुम कहो॰ मल्का ने कहा यहीं सो रहो॰

शाहजादे ने कहा बहुत खूब· ये भी दस्तूर के खिलाफ था· उस
का खूब कहना मलका ने बुरा माना· अंजुमन आरा का हाथ पक
ड़ अपने डेरे में आई· रोयी· पीटी· चिल्लाई ; अंजुमन आरा बोली
मल्का खुदा के वास्ते कुछ हाल तो बताओ· बोली गजब हुआ· उले
ट· किस्मत गई· शाहजादे से छूट गई· खुदा की कसम ये जान
आलम नहीं· वो भी शाहजादी थी· सो सीधी साधी थी· कहा
सच कहती हो· आज बहुत सी बातें इसने नयी की हैं· मल
का ने कहा खैर· अब जो होना हो· तुम यहीं सो रहो· फिर लौंडि
यों को बुला कर हुक्म दिया के सोते हैं· तुम हथियार बांधे डेरे पर
पहरा दो· शाहज़ादा क्या अगर फिरिश्ता भी आवे तो आने न दो नि
काल दिया जावे ये· सुन कर वो बच्चा डरे· अकेले और खेमे में
जा पड़े· एक डर दो तरफ़ होता है· मलका ने कहा देखा· अगर
जान आलम होता तो कभी अकेला न सोता· बे शक चला
आता· खफ़गी का सबब पूछता उसे कैसा डर था· अंजुमन
आरा कहने लगी· सूरत तो वोही है· उस वक्त मलका ने दूसरे
के बदन में जान डाल देने का हाल बयान किया· फिर कहा ये
हाल वज़ीरज़ादे से कहा होगा ये· फ़साद उसका है· मुझे उस
की तेवरी में शक आया था· सामने आने को मना किया था· स
मझाया था· उस नादान ने हमारा कहना न माना उसका मज़ा
पाया· गरज़ ये रात भर रोने पीटने में कटी· दोनो इसी फ़िक्र
में थी के इज़्ज़त और आबरू कैसे बचे· सवेरा हुवा· सवारी ड्यो
ढ़ी पर मौजूद हुई· कूच हुआ· खबर दारों ने खबर दी के यहां से
पांच कोस पर जा कर गजनफर शाह का मुल्क है· हुक्म दिया के·
शहर के पास डेरा हो· जब शाहज़ादीयां उत्तर कर डेरे में गईं· ये
खुद आया· इधर ये बिचारियां डर से मरी जाती थी· उधर वो बच्चा

सीघ्र दराये· हुये था· ये दस भर बैठ के उठ गये· उस मुल्क के
बादशाहने लश्कर का हाल सुन कर अपने वजीर को तोफा
दिया· वो लेकर पेश वाई को भेजा के चुपके चुपके तमाम हा
ल दर्याफ्त करे· वजीर आया· ये हराम जादा भी वजीर का बेटा
था· सब रंग ढंग जानता था· दस्तूर के मुवाफ़िक मुलाकात की
चलते हुये· वजीर को खिलत और बादशाह के वास्ते कुछ तोफे
भेजे· वजीर अपने बादशाह से ऐसी तारीफ़ करी के वो खुद मि
लने को चला आया· इसने भी इस मजे से मुलाकात की· के वो
बादशाह भी दंग होगया और तकरार कर पीछे पड इसे शहर
में लेगया· अपने किले में उतारा· शाहजादियों के वास्ते भी मह
ल खाली हुआ· कोई दिन तो जलसे खूब उडे· जब फुरसत मि
लीतो दिल में सोचा के अगर चे जान आलम बंदर है· मगर उ
सके जीने से अपनी सौत का डर है· ऐसी तदबीर निकालिये
उसे जान से मार डालिये· फिर बे खटके आराम कीजिये· मल
का से डरता था· उसके बापके नाम से · म निकलता था· जैसे
शेरकी डाढी से तिनका· ये सोच के हुक्म दिया के हमें बंदर
दरकार है· जो लावे गा दस रुपये पावेगा· शहर वाले हजारों·
बंदर लाये· जो सामने आता देखके अपने सामने सिर तुड
वाता· जब बंदर कम हुये तो दाम बढे· यहां तक के २ बंदर
सौ सौ रुपये मुकर्रर हुये· दो दो चार चार कोस तक बं
दर का नाम न रहा· वहीं के भागे आज तक मथुरा और
बिंद्रा बन में फिरते हैं· और उस जमाने में इसी सबब से
बृंदा बन को बंदरा बन कहते हैं· गरज ये के सब की रोटी
हुई· हर एक को बंदर की तलाश हुई· एक चिडि मार उसी
बस्ती में बसता था· मुफलिस कलांच दिन भर फिरते फिरते

डे जावेंगे तुम घोडे के पास रहो मैं अभी बेच कर आता हूं
ये कहके चला शहर दरवाजे पर बडी भीड दिखी उस
मुल्क का ये दस्तूर था के जब वहां का बाद शाह मरता
सब छोटे बडे वजीर के साथ तख्त ले कर दर वाजे के पा
स आते जो मुसा फिर पहिले आता उसे बाद शाह बनाते
इन दिनों में वहां का बाद शाह मर गया लोग तख्त लि
ये खडे थे ये पहुंचा उन्होंने तख्त पर बिठाया बादशाह बना
या उस दिन तो धूम धडक के में भायी का ख्याल न आया दूस
रे दिन तो जासूस भेजे कहीं पता न मिला चुप हो रहा राज
करने लगा वो लाल जो बेचने आया तो भाई की निशा
नी थी वो राज दर बार वालों को दिखाता सब उस्की
तारीफ़ करते इधर छोटे भाई थे बिचारा बडे भाई
का रस्ता देखते थक गया अचानक एक जानवर आया
और इसे पंजे में दवा कर ले गया घोडे जंगल में

भाग गये• वाहवा एक तो राज करे• दूसरा मुसी बतमें
पड़े• वोजान वर उड़ता उड़ता एक पेड़ पर बैठा• उसके नी
चे कुंवा था• पंजा जो खुला तो छुट कर कुएे में गिर पडा• इत
ने में वहां एक काफला आया• लोग वाग पानी भरने को आ
ये• ये चुपके से एक डोल में बैठ गया• लोगों ने खेंच लि•
या• जो देखता था वो ताज्जुब करता था• उस्से हाल पूछा
उसने सब बयान किया• वो उसे काफले में ले गये• और•
अपने सरदार को दिया• वहां ये रहने लगा• काफ़ला• चल
ते चलते मंजिल पर पहुंचा• महीना भी पूरा हुआ• इस
ने दूसरा लाल उगला काफाले का सरदार बहुत•
खुश हुआ• फिर सोंचा और उसे कैद करके कोतवाली
में भेज दिया के मेरा गुलाम है• इसने लाल चुराया जो
सजा चाहो इसे दो• कोतवाल ने काजी से पूछा के इसको क्या
सजा चाहीये• उसने कहा के इस्के हात काट डालो• मगर
उस शाहर का ये• दस्तूर था के जो तकसीर करता वो बाद
शाह की बेटी के सामने जाया करता था• क्यों कि बादशाह
तो बुड्ढा था• तमाम काम वोही करती थी• उस्के रूपका क्या•
पूछना• हजारों आदमी एडीयां रगड कर गये• मर• मगर
उसने किसी को पसंद न किया• अब तक कुंवारी थी• इस
जवान को शाहज़ादी के पास ले गये• उसने कोतवालको
बुला सब हाल पूछा जो कुछ गुजरा था• उसने सब हाल बया
न कर दिया• फिर वो इस्के तरफ़ फिरी• इसने कहा के सब स
चे है• आप मुझको सजा दीजिये• शाहज़ादी ने कहा आज
तक किसी चोरने• चौरी का इकरार नहीं किया• इसमें कुछ फी
है• कल सब कचेरी में हाजर हो• और ये हमारी डेहुडी•

पर कैद रहे • किस्मत जो खुली तो शाह ज़ादी का दिल इ
स की तर्फ़ आया • रात को बुलाके सब उससे हाल पूछा • इ
सने सिर से पांव तक सब कह दिया • शाहजादी सुन कर बहु
त खुश हुई • दूसरे दिन बाद शाह के सामने हात बांध कर
कहा के कोत वाल और काजी सब झूठे और जुल्म करते हैं •
नाहक इस बिचारे के हात काटते हैं • बाद शाह बुढ्ढे थे •
और बुढापे में अकल जाती रहती है • सोंचने लगे • शाह
जादी ने • कहा हात कंगन को आरसी क्या है • हजूर महीने
भर और कैद रक्खे • अगर इसने दूसरा लाल उगला तो
ये सच्चा है • नहीं तो बेशक इसका सिर काटा जावे • बादशा
ह को ने बेटी की बहुत तारीफ़ की • और जवान को अपने सा
मने कैद किया • और काफले के सर दार को शाह जादी ने कै
द में भेजा • दिन २ शाह जादी को उस की मुहब्बत बढती •
दिल बुरा होता है • जिस पे रे परे वोही जाने • इतने में महीना
होगया • जवान ने • सब के साम ने लाल उगला • लोगों को
बडा ताज्जुब हुआ • काफले के सर दार को गधे चढा पर के
शहर के बाहर निकाल दिया • सब लोग उस जवान को देख क
र खुश होते और आखिर को शाह जादी के खातिर से स
बने मिल कर बाद शाह से कहा • हजूर इसे अपनी नोकरी
में रक्खे • ये आपकी जूति था उठाये गा • बाद शाह भी राजी हु
ए थी • मान गया • थोडे दिनमें वो मूलगा के बाद शाह की मूछ
का बाल हुआ • हर महीने लाल उगल ता • और बाद शाह
के पास लाता • आखर को सबने सला कर २ बाद शाह से • क
हा के हजूर इसका ब्याह अपनी बेटी से करदो • दोनों का दि
ल आया हुआ है • अब रोकना मुना सिब नहीं ॥

बादशाह ने वडी धुम धाम से व्याह कर दिया· औरमजे उडने लगे· मगर जवान हर रोज बिला नागा बादशाहकी नौकरी में हाज़र रहता था· एक दिन उसके भाई का एलची वहां आया· इधर उधर की वाते होने लगी· जवाहर का जिक्र उठा· एक एलचीने कहाके हमारे बादशाह के पास एक ऐसा लाल है· के किसीने देखा न सुना· बादशाह के पासभी उगले हुये· लाल थे· आठ दस दिखाये· एलची देख कर घबराया· और कहा के ये लाल तो हमारे बादशाह के लालसे बिलकुल मिलते हैं· बादशाह ने कहाके ये मेरा लडका हर महीने लाल उगलता है· एलचीने जो देखा तो अपने बादशाह की और उसकी शकल एक सी मिलती हुई पायी· खैर वहां से रुखसत होकर अपने बादशाह के पास आया· वहां तो ये दस्तूर था· जब बादशाह तख्त पर बैठता था· तब वो लाल सामने धरा जाता था· एलचीको वही बात याद आई· और उसने हात बांध कर कहाके हुजूर क्या एक लाल को लिये फिरते हैं। जिस-बादशाह के मैं पास गया था· उसके पास लालका पुतला मौजूद है· ये बादशाह के बात समझ में न आई· फिर एलचीने कहाके उस बादशाह का दामाद हर महीने एक लाल उगलता है· औरविसकी और हजूरकी शकल बहुत मिलती है· अगर दोनों साथ बैठ जाय तो सगे भाई मालूम हो· ये सुनतेही यकीन हुआ के अब पता मिला· बेशक वो मेरा भाई है· उसी वक्त एक खत बादशाह के नाम लिखा· के आपके दामादसे मुझे मुलाकात करनी है· उसको जल्दी यहां से भेज दीजे· बडी मेहर·

वानी होगी · चुपके से एक खत भाई के नाम लिखा · औ
र सब पता बता दिया · एल ची ये दोनों खत लेकर आ
या · भाई ने भाई का खत देखा तो खून ने जोस किया ·
उसी वक़्त बाद शाह से रुख सत हुआ · और · चीके · ए
ल ची से साथ हो लिया · कहि दम भर न ठैरा · एल चीसे भाई
का हाल पूछा तब चला · मगर दुनिया कब चैन देती है · जब
शहर दस बारह कोस रहा तब जहाज तबाह होगया · वि
जिसकी आई थी वो रह गया · जिस की बाकी थी वह नि
कला · ये बात सब मे मशहूर हुई · भाई ने भी सुना · उसी
वक्त हज़ारों आदमी भेजे के जिस डूबते उछलते का पता
पाओ उसे जल्दी लावो · बहुत सा ढूंढा ढाढा · तो शाहजा
दी हालत आई · उसे बाद शाह के पास हाजिर किया · और भाई
के डूबने का हाल कह दिया · एक तरफ़ शाहजादी कोने मे बैठ ग
ई · दूसरे तरफ़ बाद शाह रोने लगा · वो जवान तक्त के सहा
रे बहता २ भूखा प्यासा गिरता पडता किनारे पोहचा · ज
ब ज़हाज़रा दम आया तो पूछता २ उस शाहर में घुसा · बा
द शाह को खबर हुई · सामने बुल वाया मगर मुशीबत ने
वो मूं बिगाड दिया था · के पहिचाना न गया · ॥

शेर ॥

(इतनी मुद्दत में मिला मुझसे वो धोखा देकर
याद भी जब मुझे उस यार की सूरत न रही ॥

वाहनी वाह अभी तो वो मजे करते थे · और अभी ये मु
सी बत पडी · शाहज़ादी को बुलाया · वो हिचर मिचर करने
लगी · वो बोला के पहर भर बाकी है · लाल उगलूंगा · तब प
हिचान · लोगी · बाद शाह ने जाना के ये बेशक सच्चा है

अगर झूठा होता तो पहर भर का नाम न लेता · शाहजा
दी बोली के तू बड़ा अकलमंद है · एक बात पूछता हूं अगर
उस का जवाब इसी वक्त देगा तो मेरा शक जाता रहेगा · भला
वो चीज क्या है · जिसे सब हिन्दु मुसलमान और किश्चन खुले
बंदो खाते हैं · मगर जो उस्का सिर काट डालो तो जहर हो जावे ·
कोई न खावे · और जो खावे चट मर जावे · जवान ने हंस कर
कहा शाहजादी · कसम है · क्या अच्छी बात पूछी है · सुनते ही
वो फड़क गई दौड़ के गले से लिपट गई · बादशाह ने क
हा हम तो कुछ न समझे · शाहजादी क्या समझ सामने हुई ·
जवान ने हात बांध के कहा हजूर वो चीज कसम है · उसे त
माम आलम खाता है · और सिर उसका (क) है उसे का
टा तो (सम) रहता है · और सम जहर को कहते हैं · उ
से कौन खाता है जो खो ता है वो मर जाता है ये सुन के
बादशाह ने भाई को गले लगाया · शादी याने बजने ल
गे · जवान ने लाल उगला और बखेड़ा नंदा मिटा · जिस
तरह ये बिछड़े हुए मिले इसी तरह ईश्वर हम को भी बिछ
ड़े हुए मिले · जोगी ने ये कहानी कह कर जान आलम से
कहा बाबा दलो · घबराने का काम नहीं · हम को सब
मालूम है मगर कह नहीं सकते · बोलने का हुक्म नहीं
मैं थोड़ी देर मे मरने वाला हूं मुझको गाड़ दीजो · ये कह कर
दो चार बाते बनाई · जान आलम ने कहा साईं ये किस्से देखा
जायगा · पत्थर का कलेजा कहां से आये गा · ये क्यों कर हो स
के गा · मैं तुम को अपने सामने गाड़ूं · फिर जान आलम
खूब रोया · जोगी ने कहा · बच्चा अब कुछ देर नहीं · प्यादा
आन पहुंचा है · नही तो हम भी तेरे साथ होते ।

है· नहीं तो हम भी तेरे साथ होते · भला फकीर का एक लट का सीख ले · साईं चाहे तो कहीं अटका न रहे गा · कबर में अपने साथ लेजा कर क्या करूंगा · तुझको बतादूं जो काम तो आवे · फिर एक तरकीब बताई · के जिस सूरत का ध्यान करो वोही हो जावे ये बात बना हर हर कर गुरु को नाम लिया · फिर कलमा जो पढा तो चल बसा · दम निकल गया · रमता राम था · आया आया · न आया न आया · जान आलम · रोया · चेले चाटे सब जमा हुये बहुतेरा चिल्ला ये · मगर जोगी न बोला · फिर जान आलम ने · उसके कहने के बमूजिब नहला धुला · कफन पहना कबर में रक्खा · फिर जो देखा तो · लाश भी नहीं है · कफन को फाड डाला · आधा चेलों ने जला दिया · और आधा मुरीदो ने गाढा · और सबने मिल एक को गुरु की गद्दी पर बिठाया · गद्दी पर बैठने की देर थी · कि वो चिल्लाया · कि जोगी दिखते नहीं मगर यही मोजुद है · पेड और पत्ते बोलते है · आख चाहिये सब कुछ देख लो · कोई मसजिद में सिर रगडता है · कोई मंदिर में हात जोडता है · ढूंढने वाला चाहिये, घर बैठे ही मिलता है ·

कबित्त

जिन ढूंढा तिन पाईयां गहरे पानी बैठ ॥
मैं बैरिन डूबन डरी रही किनारे बैठ ॥ १ ॥

दुनियां का मामला · समझ का झगडा · ये अच्छा वो बुरा · जहां देखो · वहां दाता मौजूद है · एक निराकार ज्योति स्वरूप को जानो · उसीसे सबको निकला · और उसीमें मिल जाय गा · दिल्को खुश रक्खो · जीने मरने के बखेडे में मत पडो हां को नहीं · और नहीं को हां है · दिल ईश्वर का घर ·

है· इसमें कुडा ककॆट न चाहीये· जितना साफ रक्खोगे· उतनाहिं मजा पाओगे·जान आलम ने ये·सुनके चलने का इरादा किया·उस महंत ने जो रोका तो दोचार दिन ठैर गया· फिर जिस तर्फजोगी ने बताया था·उसीतरफ़ चलनिकला·जब पहाड से आगे बडा तो एक दर्या मिला· बहुतेरा ढूढा· कहीनाव बेडे का थल बेडा न लगा·मगर एक लाल चमकता हुआ पानी में दिखा· उसके पास एक और दिखाई दिया· इसी तरह थोडी२ दूर पर इसने लाल बहते हुऐ देखे ·अबतो घबराया के ये क्या बात है· किनारे २ सेर देखता चला जब दो कोस निकल आया·तो एक बडा मकान दिखा· मगर अंदरजानेका रस्ता नही· लटका याद था·बुल बुल होकर दीवार पर जा बेठा ·देखातो बडा मकान है·बाग बहुत अच्छा लगाहे·मगर सुनसान न आदमी है न हवान·उसमें एक बंगला था·औरउस्में अंदर से एक नहर बहती थी·४ आदमी बनके नीचे उतरा·बंगले में गया·देखा तो जमुरद के पायौं का पलंग बिछा हुआ है ·और उस पर कोई दुशाला ताने सोता है· और बराबर या कूत कीतिपाई पर फूलोंका दस्ता रक्खा है· आधे सफेद· आधेलाल· जान आलमने दुशाला सर काया· तो· एक आदमी सूरत का घड नजर आया· अफसोस किया·के किस हरामजादे बेईमान ने ऐसा मोहिनी सूरत का सिर काटा·हक्का वक्का देखने लगा· छतपर आख पडी·तो छीकाल टका देखा·उसपर सिर भी रक्खा हुआ था· और सिरके नीचे नहर बहती थी और जितनी बूंदे लहूकी टपकती थी उतने ही लाल ४

वन ने ये· जाना के ये वेशक जादू का कारखाना है· पास जाके जो देखा तो अंजुमन आरा का चेहरा था· पहिचानते ही सिर पीट लिया· कपड़े फ़ाड डाले और अपने मार डालने का इरादा किया· के किसूको मालूम भी नहो फिर सोचा के जल्दी अच्छी नहीं· होज में कासा धोका न- होपहिले हाल तेहकीक करना चाहिये· वहु तेरा सोचा कुछ समझ में न आया इतने शाम हुई· आंधी चली· गुल मचा जान आलम ने जाना के यहां कोई देव या जादूगर आने वाला है· अब छुपना चाहिये· ये सोचा कर वो भौरा बन गया· और वहीं बैठ गया· इतने में एक देव भयानक सूरत बनाकर आया· वो सूंघता हुआ आया· और सफेद फूल तोड कर उसपरीको सुंघाया· सिर उछल कर बदन से जा लगा· अंजुमन आरा उठ बैठी· देव ने मेवा सामने रक्खा· मगर उसका दिल ठिकाने न था· चारो तर्फ देखता था· शाहजादी ने कहा खैर तो है· वो बोला खैर कैसा· और बैर किसका· आज तो यहां मानस गंध आती है· वो कहने लगी हमें तो आज तक जानवरकी पर्छाई भी न दिखी तूने आदमीकी बो पाई ये सब दिवानपन है· रात भर इधर उधर की बातें होती रही· सुबह को लाल फूल उसको सुंघाया सिर छीके पर जाता गया· घड़ पलंग पर रहा· देव दुशाला उडा चल दिया जान आलम ने चार घडी तक बडी मुसकिल से सबर किया फिर अपनी पहिली सूरत बनायी सफेद फूल तोड कर सुंघाया· अंजुमन आरा उठ बैठी शाहजादा चीख मार कर लिपट गया· दोनो बिछडे हुए ऐसे बिलप २ के रोये· के सारा बाग हिल गया· जान आलम अपना हाल बयान करने लगा· आधमी नहीं कहा था के अंजुमन

आराबोली में (किस्से कहूं जो कुछ के मुझ पर गुजरी ·) फिर दो
नों चिल्ला २ के रोने लगे · दुनियां के मामले में अकल कु
छ काम नहीं करती · हमेशा किसी की एक सी नहीं रहती ज
हां तदबीर का मन करे वहां तकदीर के हवाले करदे · हमने ·
हजारों दफ़ा देखा है · के लोग अपने मतलब के वास्ते गुल
करते हैं · मगर कुछ नहीं होता है · जब वो थक जाते हैं · और छो
ड़ देते हैं · तो काम अपना आप हो जाता है · ये दोनों तो रो ही र
हे थे · के एक बड़ा देव उड़ा जाता था · रोने की आवाज जो का
न में आई तो दिल पिघल गया · सोचा के किसी पर मुसीबत
पड़ी है · जो इस तरह बिलख २ कर रोता है · मगर यहां परन्
दा पर नहीं मारता · आदमी कहां से आया · बाग में पहुंचा ·
वो दोनो रोते रोते बेहोश हो गये थे · ढूंढता ढूंढता बंगले में
आया · देखा तो दोनो लिपटे हुए पड़े हैं · मगर चेहरे पर ·
रंग नहीं · दोनों चांद और सूरज को गहन लगा हुआ था
थोड़ा पानी उन पर छिड़का उन्होंने आंख खोली तो देव दि
खा · देव ने उठ कर सलाम किया · और कहा के मैं तुम्हारा
गुलाम हूं · मुझसे बिलकुल न डरना जान आलम ने · उठ
गले लगा लिया · वे हाल पूछने लगा · जान आलम तो
बड़ा बतूनिया था · गम कहानी कह सुनायी · ये सुन कर ·
रो दिया · और बोला · के तुम खातिर जमा रक्खो · अबके
जो हमारा मजारा आवे · तो · कैसी घिस घड़ी बताता हूं
जान आलम तो पांच था · वो लगा वट की और एसा शीशे
मे उतारा के उससे भाई चारा कर लिया · फिर सब मिलके बा
ग की सैर करने गये · इतने में वो देव भी आया तो देखा ·
शाहजादी · आदमी के साथ फिर रही है · और सफेद देव ·

हातमें हात दिये · साथ है · जल कर जान आलम पर क
पटा सफेद देवने वही उसका हात पकडा · फिर तो खूब धमा
चौकडी मची · जमीन के टुकडे उड गये · आखिर को सफेद
देव जमीं से लंगर उखाड़ सिरसे ऊंचा कर जमीन पर पटक ·
हात झटक छाती पर चढ बैठा जान आलम भी पास आया
बहुत सी तारीफ़ की · फिर कहा, अगर तुम खफा न होतो
मेंभी एक जोर करूं उसने कहा बिस मिल्ला : शाह
जादे ने एक हात कंधे पर करे धर · दूसरे से गर्दन पकड़
धडसे खेंच, जमीन पर धड से फेंक दिया · सफेद देवये देख
तेही · सपेद होगया · और वो बेहू मान जमीन पर अंटाचि-
त पड़ा रहा इतने में सपेद देवके नोकर भी आन पहुंचे ·

वड़ी धूम धाम की दावत हुई॰ सात दिन तो ऐसे ही जल
सों में कटे॰ आठवे दिन अंजुमन आरा बोली के मल्का के
बगैर खाना पीना हराम है॰ तुम्हारे अहसान हम पर
भीत है॰ इस सबब से कभी२ ईसी आज्ञा तीथी॰ नहींतो
शराब किसकी और कबाब कैसा॰ यहांतो दिल कबाद हो
रहाहै॰ देवने कहाके आप क्यों घबराते हो॰ मैं अपने
आदमी भेजता हूं पता लगाता हूं॰ जान आलम ने कहा
अपने ढूढने में जादा मज़ा है॰ अपना काम आपही खु
ब होता है॰ लाचार होकर उसने रुखसद किया॰ मगर आप
समें भुला कातके कौल करार हुऐ॰ अंजुमन आरा को रात
दिन मल्का का ख्याल था॰ के खुदा जाने॰ डूब गई॰ या॰ हमा
री तरह तबाह हुई॰ चार कोस दिन भरमे चलने॰ दो तीन
दिनमें छाले पड गये॰ अंजुमन आरा कभी दो कदम पैदल न
चली थी॰ ये बुंदेल खंडके से काले कोस उसने कहां देखे थे
फ़ल्ला गई॰ जान आलम से कहाके सब आपकी बदो॰
लत है॰ सबको छोड दिया॰ रुसवा हुई॰ मुसीबत उठायी॰ देखिये
अभी क्या होताहै॰ शाहजादा हंस कर चुपहो रहा॰ फिर तो
जोगी का लड़का बताया॰ और दोनो तोते बन कर नित न
दाना खाना॰ नया पानी पीते चले॰ कभी पेड पर बसे
रते॰ कभी खंडरोमें जा बैठते जो किसी को हसते दे
देते॰ ॥२३॥ चरित्र २४

अब उस मुसीबत का मारी मल्का का हाल सुनो
॰तीया में अच्छ[illegible] मी वन उ उते है॰ और बुरे
॰ ग धाती पाठी खान की क[illegible] पहने॰ और घो
कभी नहीं॰ तब उसका दूटा तो वो बिचारी॰

आरी डूबती तीर ती चली· उधर से कोई बादशाह जहाज प
र सैर देखता चला आता था· दूर से तख्ता बहता हुआ देखा ज
ब पास आया तो उस पर आदमी सा नजर आया· खुदा के
डर से उसके पीछे डोंगा· दौडाया मल्का में जान कहा· थी·
अंजु मन आरा और जान आलम के ध्यान में जी डूब गया
था· बे होस पडी थी· मगर कही मिट्टी डाले से चांद भी छुपा
है· हाती मरे पर भी भारी होता है· चेहरा चमक रहा था·
बादशाह ने गुलाब केवडा छिडका· इतर सुंघाया· बाजू
बांधा· और भोत से टोने टुटके किये· दो तीन· घडी में आ
खें खोली· देखा तो जहाज पर हूं और एक बिगाना आ
दमी सिराने बैठा है· शरम से सिर झुका लिया· तमाम ब
दन पसीना पसीना होगया· बादशाह ने पूछा के आपका
नाम क्या है· ये बडी मुसीबत में पडी एक तर्फ़ से शरम
दबोच ती थी· दूसरी तर्फ़ लाचारी मसोस ती थी· वे
जबाब दिये क्यौं कर बनती है· होले से कहा के मैं तबा
ह जली ल और खुवार हूं दिल को टुकडे हो गये· बुराई
पंजे झाड कर पीछे पडी है· राह भूली है· और क्या जाने क्या
[illegible]ती हूं बादशाह के टप से आंसू टपक पडे· जाना के
शाहजादी है· खाना मंगवाया मगर मल्का ने खाया·
तो बादशाह ने गिड गिडा के कहा के आप खाना खा
र घर का पता बताईये· जब आपस में दम आवे
वहां पोंचा दूंगा· मल्का ने कहा के जिसके पल्ले
तो· जंगल में भटक २ कर इसी में पानी गायब
र तुम हमारी काम तमाम करो और वही·
बखेडा मिटे· झगडा चूके तुम्हारा बडा

अहसान होगा॰ उसने कहाके फिर ऐसी बात मूसे न नि
कालना॰ नही तो मेरा खून तुम्हारी ही गर्दन पर होगा॰
लाचार॰ मल्का ने मूं कूठा किया॰ दो चार दिनमे हिलने
फूलने लगी॰ वे सहारे उठ बैठ नीची॰ जहाज चलते चल
ते उस बादशाह के शहर में पहुंचा॰ मल्का को एक बडा
महल मिला लोंडियां॰ बादियां, आया, ददा, सब आनमौ
जूद हुई॰ शाहजादी योंकी तरह रहने लगी॰ एक दिन
बादशाह ने कहा के तुम छुपाती हो मगर हमें मालूम हुआ॰
के तुम शाहजादी हो॰ हमारी तुम्हारी मुलाकात इस बहाने से
बधीथी॰ नदी नाव संजोग॰ अब तुम मुझको अपने नोकरों में॰
धर लो॰ जो कहोगी सो करूंगा हांजी का नोकर रहूंगा॰
मल्का ने जबाब दिया के मैं ने तमाम उमर मे बादशाहत का
नाम भी न सुना॰ आप को खुदाने बादशाह बनाया है॰ सो उ
सी धुन में रहा करते हो॰ बिल्ली को सुपने में भी छीछडे ही दिख
ते हैं॰ मैं तो एक मुसीबत की मारी आफसी हूं॰ खुदा जाने कोन
हूं और किस तरह यहां तक आई हूं॰ मेरी तर्फ क्या देखते हो॰ क्या
कुनबे में कोई और नहीं है॰ अगर मेरा खून लिया चाहते हो तो इ
खतियार है॰ यहां नहीं बोल सक्ती तो क्या हुआ॰ खुदा के॰
सामने पल्लाह पकड लूंगी॰ इस वक्त तो तुम्हारे बस में हूं
जो चाहे सो करो॰ और जो मेरी खुशी मंजूर है॰ तो बरस दिन
तक मुझ से न बोलो॰ शायद मेरे वारसों का पता मिले॰ कोई
डबा तीरा चला आवे॰ मुआ जीता फिरे नहीं तो फिर जो तेरे दि
लमें आवे सो करना बादशाहो के यहां जुल्म नहीं होना है
और यूं तो मुझे इख्तयार है॰ दीवे के नीचे अंधेरा॰ मशहूर
है॰ बादशाह ने सोचा के डूबा हुवा भी कही तीरा है॰

इतने और सबर करो · पलख मारने में बरस हो जाय गा · फिर अपने आप मान जायगी · ये सोच कर मल्का से कहा के भोत खूब जी नाच नचावोगी सो नाचूंगा · मगर जो खफा न होगी तो · एक बात में कहूं और वो यह है के मै कभी २ आप को देख जाया करूंगा · मल्का ने इसे गनीमत जाना · बादशाह और कैदी का फरक सब को मालूम है · अब ये ठैरि के पांचवे छटे दिन पहिले जो खोजा आकर खबर कर आता · फिर बादशाह आता · और दो चार घडी बैठ इधर उधर की बात कर चला जाता · अब ईश्वर की देखिये · मल्का के महल के सामने बाग था · फूल खिले · हौज भरे · नहरे जारी · फव्वारे छूट रहे · चबूतरे बने · क्यारियां अजब बहार दिखाती थी · मालने आठ पहर इधर से उधर और उधर से इधर · फिरती थी · कही उखाड़ा और कही जमाया · कोई · बोती और कोई जोतती · किसीने फूल उठाया · और किसीने फल तोडा · कोई खुरपे से · घास छीलती · कोई टूटा झडा पत्ता · गिरा पडा · कांटा क्यारी से निकाल ती थी · दरखतों पर जानवर बोलते थे · सब अपने हाल में मस्त कोई किस को न पूछता · मल्का सवेरे और शाम यहां आया करती और वे इख तियार रोती · बेलों को देख कर जान आलम के बाल याद आते · तो सिर को धुनती और आसमान के तरफ देख कर कहती · ॥

कवित्त

वो दिन खुदा करे के खुदा भी जहांन हो ॥ १॥
अपना किस्सा गैर की यहां दास्तान हो ॥ :: ।
कभी फूलों से बातें करती · और कभी फूल को खिलने हुए

देख कर फ़ट के रोती और दिल से कहती (जल तुफ़िया, इस्ज़रे से के बिल कुल धुवा नहो ।) वो वेई भान क्यों इतना तपडपता हे अब मेरे पास क्या रहा क्या दूं और करूं ॥

कबित्त॥

॥ अब क्या रहा है जिसपे के दुश्मन का गम करे
हमतो बुरों की जान को पहिले ही रो चुके ॥ ॥

इसी तरह मल्का दिन काटती अगर सोचो तो दुनियां कुछ नहीं एकसा हाल नहीं रहता मसल मशहूर है ईश्वर की माया, कही धूप कहीं छाया कभी बुल बुल बोलती है कभी कव्वे कावें कावें करते है पहिले वो कभी यार मिलता नहीं और जो मिले तो किसी न किसी सबब से अलग हो जाता है इस सहारे पर लोग जान देते हैं और जी बेच कर रोग मोल लेवे है एक दिन मल्का बाग मे बैठी थी और अंजुमन आरा और जान आलम का ख्याल आया एक हीव फे वे राग छाया एक पेड़ के नीचे जा खूब दिल खोल कर रोयी शाम का वक्त था जान वर बसे रा लेते थे पेड पर एक तोता भी बैठा था उसने जो इसे रोते देखा तो बोला के शाहज़ादी खैर तो है इतना क्यों रोती हो मल्का और भी रोई और कहा कि वारे किस्मत अबतो जान वर भी मुझ पर अफ़सोस करने लगे बंधी बात है के जब कोई किसी की मुसीबत का हाल पूछता है तो दिल उमंग आता है मल्का ने वे इख्तियार रोकर कहा ऐ जान वर तुझे क्या बताऊं वे कस हूं कोई कहने सुन्ने वाला नहीं ना आगे नाथ न पीछे पगाहे कोई वाली वारस नहीं अगर जमीं फट जाय तो उसमे समा जाऊं गैरों में आफ़सी छाती पर मूंग दले

जाते हैं· तोते ने कहा यहां मुहब्बत की बू आती है· तुम्हा
री·बातों से छाती फटी जाती है· खुदा वास्ते अपना हालतो
कहो·मल्का ने सब कह दिया·सुन्ते ही· तोता जमीन पर
गिर पडा·मल्का घबराई·कि ये क्या हुआ· समझाने
आया था· अजब ही ढेर हुआ·लेने के देने पडे घडी भ
र में· तोते को होश आया· तो वो बोला के ए मल्का
मैं वोही कम बख्त तोता हूं· जिसने अंजुमन आरा का
जिक्र सुना·कर जान आलम को तबाह किया· और बा
की हाल तो तुम्हें मालूम है· मल्का ने उसे गोद में उठा
या· और यहां तक रोयी के बेहोस हो गई·माल ने
दौडी आई· के आज क्या है; जो मल्का को गस पर गश
चले आते हैं· जब होस मे आई तो·तोते ने कहा के ज
मा खातिर रक्खो·जान आलम और अंजुमन आरा·
जीते हैं और एक ही जगे है·फकत तुम्हारा ही ख्या
ल है·मैंने ये बात नजूमियों से पूछी थी· अब बुरे दि
न गये· और अच्छे आते हैं रात की रात तोता वहीं·
रहा·सुबह को रुखसत हुआ· मल्का ने एक पर्चा लि
खकर दिया· और कहा के शाहजादा जहां मिले ये ख·
त निशानी देकर जो कुछ देखा है·जबानी कह देना·तो
ता वहां से उडा और खूब जंगल और शहरों की खाक छा
नी·एक दिन शाम को वक्त वो थक कर एक पेड पर बैठ
कर रोने लगा·उसी वक्त जान आलम और अंजुमन आ
रा तोते की शकल बनाये उसी पेड पर आये तोता उन
का मूं तकने लगा· और फिर खूब रोया· अंजुमन आरा
ने कहा·जान आलम देखना ये तोता रोता है· शायद हमा

री शकल देख कर इसे रोना भर आया · तोता बातें समझता था · बोला के खुदा तुम्हें वो रंज न दे जो हमपे है · दुश्मन से दुश्मन का भी ये हाल नहीं · एक सख्स गैरों में जाके फंसा उसकी बातों से छाती फटती है · अगर जरासा हाल कहूं तो पत्थर पानी होकर वह जाय · जान आलम ने कहा वो कौन है · तोते ने सब कहानी कही · अंजुमन आरा मल्का का नाम सुन कर खिली · दोनों ने सूरत बदली · तोता पहिचान कर पांव पर गिर पड़ा · शाहजादे ने गलेसे लगा लिया और कहाकी उस दिन के बिछुड़े आज मिले · कुछ मल्का का हाल तो कहो · तोते ने वो खत दिखाया · अंजुमन आराने आखों में लगाया · सरनामा ही देखने से मालूम होता था · के घबराहट में लिखा है · क्यों के अंजुमन आरा की जगे जान आलम और जान आलम की जगे अंजुमन आरा लिखाथा · लिखते २ जो रोई थी तो खत भरा हुआ था · और एक एक बात दो २ तीन २ दफे लिखी हुई थी · खैर खत खोला उसमें लिखा था के ऐ मेरे प्यारे खुदा तुम्हें सलामत रक्खे · दिलका हाल क्या लिखूं उमर थोरी है · और कहानी बड़ी · अगर मेरी जिंदगी चाहते होतो अपनी सूरत दिखाओ · नहींतो पछताओगे तुम ने देरकी और हमने जान दी · फिर कुछ हात न आयेगा · मिट्टी के ढेर के पर खाक उड़ाओगे · कभी इतना न हंसे थे · जितना अब रोते हैं थोड़ा सा दम और बाकी है · क्या करूं कहांजाऊं किस्से कहूं · किसको सुनाऊं आठ पहर तेरी शकल आंखके सामने है · अगर ये हाल मालूम होतातो तुझसे बातें करने की आदत न डालती · ॥

कवित्त ॥

जोमें ऐसा जानती कि पीत किये दुख होय
नगर ढढोरा फेरती के पीत न कीजो कोय ॥

मेरे तडप नेसे पडोसी घबराते हें॰ महल में बैठी हूं मगर जह
ल खाना मालूम होता है॰ जिन आखोंमें तुम आंसू की बूंद
न देख सक्ते थे॰ उनसे लहू के दर्या बह गये॰ ॥

कबित्त॥

तुमने हमारी पर खबर ली॰ ॥
छाती पत्थर की कौंजी करली ॥

जब तुम्हारी बाते याद आती हें॰ नींद उड जाती है॰ बचैनीकी
रात पहाड मालूम होती है॰ काटे नही कटती॰ चारपाई काट
ने को दोडती है॰ सुपने मेंभी नींद नही आती॰ खाना
पीना हराम होगया॰ जो सिर आपके घुटनो पर रहता॰
वो पाटियों पर पटकती हूं॰ सितारे मेरे जागने के गवाहे॰ जोइ
स्काभी यकीन नहीतो मसजिद के मुल्ला ओसें पूछो॰ जिनकीनींद
मेरे सबब से हराम होगई॰ मुर्गी को में चिल्ला के जगाती हूं॰ ज
ब हमतुम साथ थे॰ तोये हमे जगाते थे॰ अब हुम मन मानता
बदला लेते हें॰ दिलमें है के थोडा सा जहर लेकर खालूं क्यों
के तुम वहां और में यहां॰ ऐसे जीने का क्या मजा है॰ अगर जी
ते जी मिलेतो सब दुखडे॰ कह सुनाये तो लाचार है॰ यही अ
रमान लेजायेगें आठ पहर यही मांगती रहती हूं के तुम्हा
री शकल देखूं के दिलको चैन आये॰ मोत का डर जाय॰ और
स्या लिखूं॰ जिसदम जान आलम और अंजुमन आराने ये ख
त पढा॰ दिल टुकडे २ होगया॰ आंसू टपक पडे॰ तमाम
रस्ते पानी पानी होगया॰ रातभर तो वही रहे॰ सवेरे तो

चरित्र १५

दस्तूर है के खुशी के बाद गम और गम के बाद खुशी · होती है · एक के पीछे दूसरा लगा हुआ है · इन बिचारों नेबडी मुसीबतें उठायी · बारह बरस बाद कुडी केभी दिन फिरते हैं · इनकाभी दरिद्र गया · मल्का का ये दस्तूर था · के रोज शाम को उसी पेड के नीचे आकर रोया करती · इस दिन भी मामूल के मुवाफिक आईथी · और अपने आप से कह रही थी · के होटो पर दम आगया · मगर अब तक पता नहीं · अब क्या मिल ना होना है · ये कह रही थी · के तोतेने आकर सलाम किया · वो खुश होकर बोली · किरो मेरे प्यारे · क्या खबर लाया तोते ने कहा खबर देने वालोंको खिलत और इनाम मिलते हैं · पहले ये बताईये आप मुझे क्या दीजियेगा · मल्का ने कहा जल्दी बता क्या हाल है · नहीं तो अभी दम उलटता है · तोते ने कहाके जो आप कहो वो सच · मगर ऐसी खबर जल्द नही कहते हैं · तोता कभी कुछ और कुछ कभी कहता कभी मल्का खुश होती और कभी बेचैन होकर खूब रोती · विधर अंजुमन आराजा न आलम घबरा रहे थे · झट सूरत बदली और सब गले मिल मिल के रोने लगे · इन कि आवाज से लोडियां बादियां जमा हुई · देखती थी · सदके हो · तीथी · सच है · खूब सूरती भी अजब चीज है · बेगानाभी एकदफे अपना होजाय है · यहा बुड्ढे और लड़के बराबर हैं · बुढ्ढियाभी सूस की हड्डी लिये फिरती है · हंसते हंसते बारादरीमें आये · तोतोने अपने दुखडे रोये तो तोको येबात बुरी लगी · कहाये झगडा छोडो गडे हुए मुर्दे न उखा

हो · हंसी [illegible]

मल्काने तोते से कहाके जो दोस्त नादान है वो दुश्म
न से कुछ कम भी नही. हम तो शाहज़ादे के हाथ से
तंग आगये. दो तीन दफा तो अपनी बेवकूफी की सज़ा
पा चुका है आप मुसीबत में पडा और हमको मुफ़ में तबाह
किया. आगे आगे देखिये क्या होता है. इस के बाद कमरे में
बैठ दो दो प्याले शराब के उडे. तबले पर थाप पडी. नाच
होने लगा. वहां के बादशाह को भी खबर हुई. उसने क
हा वाहवा: एक तो थी दो और आये. फिर दो हज़ार सवा
र पहरे पर भेज दिये. बाग को घेरलें कोई बाहर न जावे
पावे. जान आलम को खबर हुई. कहा कुछ डर नहीं. सवे
रे समझ लेंगे. अब तो तबले पर थाप पडने दो. रात भर स
वार घेरे खडे रहे. यहां मजा आता रहा. गुल शोर उडते
रहे. जब तडका हुआ तो. जान आलम न्हाया. और तख्ती
निकाल कुछ पढता हुआ बाहर निकला जो घेरने आये थे
आप घिर गये. पांव पर गिर पडे गुलाम हो गये. बादशाह
को खबर हुई और फौज भेजी. इनपर भी जान आलम ने.
दो अच्छर फूंक दिये. फिर तो ये हाल था के जो आया उसने
कढाई चाटी. (चल बुद्दू मोरी का राह) फिर तो मशहू
र हुआ के ये कोई बडा जादूगर है. तमाम फौज उस के
साथ होगई. बादशाह को गुस्सा जो आया तो अकेला
ही लडने वो निकला. तलवार चली. दो एक जख्मी हु
ए. फौजने बादशाह को जीता ही पकडा. जान आलम के
हवाले कर दिया. उसने छाती से लगाया बराबर बैठाया
और कहा के हम तो आपके यहां महमान आये हैं तुमने
दावत के बदले अदावत की. उस का मजा. चखा.

सैर देखी · मगर तुम्हारा मुल्क हमें न चाहिये · ये तुम ही को मुबारिक रहे · हम तो मुसाफिर हैं · आज यहां कल वहां · बादशाह शरम के मारे मर गया · और कहा के आपही सलतनत के लायक हैं · मेरा कहा सुना माफ़ करो · फिर बडी धूमधाम से दावत हुई · हजारों आदमी जान आलम को देखने आये · बाग में आठों पहर मेला लगा रहना · सब मिले मगर जान आलम के लश्कर का पता नहीं · चारों तर्फ मासूस भेजे · चालीस मंजिल पर पता लगा · मगर किसीसें जान न थी · जान आलम का नाम लेले रोते थे · बडी मुसीबत से सब जान आलम के पास पहुंचे · अपना हाल कहा · इनाम पाया · फिर वहांसे कूच हुआ · खूब तबले खडग ने शरावे उडती · ॥

१६ चरित्र ॥

एक दिन एक जंगल में पहुंचे · पूसका महीना था · जाडे के मारे जानवर घोंसलों में जम गये थे · भूखें प्यासे मरते थे · किसीका होट नहीं मिसल सकता · ये हाल था के जहां मूंसे बात निकली के होटों पर जम गई · जोरू खसम साथ सोये तो लिपटे ही रहे · पहाड मारे वर्फों के जमे हुए थे ये जंगल कशमीर को मात करता था · विलायत के पहाडोंको नाम धरता था · लुजोंने बटेरे पकड ली · कव्वे लूलोंके हात आये · लंगडे हिरन बांध लाये · ओस पत्तों पर पडी और जमी गई · आग पर लोग सदके होते थे · हीन्दु और मुसलमान पारसीयोंका दम भरते थे · आफ्ताकतो क्या मा शरूक ठंडे सांस लेते थे · दांत से दांत बजता था · हो हनीलम को शमाते थे · वो पाला पडा के तमाम लश्कर ·

को जाढा चढ़ आया · तिरछे ऐंठे जाते थे · तल-वार · खड खडाने की जगे दांत कड कड़ाते थे · चक मक बे कार सांप के पत्थर आग न देते थे · के चुवेकी मिट्टी आ लाव समज लोग फूंकते फूंकते हाय तेथे · पर वीजने को चिराग समज हातमें उठा लिया · सबने जोरू वोको याद किया · जाडेकी मिसल मस हूर है · (जीवेंगेवो जो सोवेंगे दो ·) जान आलम ने कहा अब तो यहीं डेरे होने दो · फिर अंजुमन आराको बुला · बोतल की डाट खोली · खूब ऊडाई · फिर नशे की तरंग में सूझी के मल्का · ओर · अंजुमन आरा मुझ से भीन अ लग रहीं है · औरत का क्या एत बार · वे धाक इनोनें · कही धब वा खाया है · ये जो समाई ये तो आपस में जली कटी बाते होने लगी · बात बढ गई · हिन्दी म सल है · (हांसी मे खांसी । ·) तो ना उडती चि डिया पेछान ताथा · बोला · हजूर आप का खि - याल कहा है · मजे के वास्ते शराब पीते हैं · आ पर को बहक गये · नहल सके · शराब पीना रा सो बेसो का काम नहीं · सांप को खिला ना पड़ ता है · भीन से इसमें बह गये · यही तो मर्द और ना मर्द मालूम होता है · योतों सभी भट्टी पर जा कर दो पैसे का ठर्रा पी आते हैं · फिरकी चड़ में लोट ते फिरते हैं · मैंने बहुत सा ज़माना देखा है · मै एक कहानी कहता हूं जरा कान धर कर सुनो तो · सब ✕ तुम्हारे वहिम जाते रहे गे · जान आलम ने कहा के जल्दी कह · तोता बोला · ॥

कहानी॥

एक मुल्क में एक बडा बडा धर्मात्मा राजा था॰ उसके श हर में दो भाई थे॰ एक तो शहर का काजी और दूसरा मुफ़ ती था॰ जाहर में बडे भले मानस और ईमान दार मालूम होते थे॰ बादशाह ने मुफ़्ती को किसी काम के वास्ते वाहर जाने का हुक्म दिया॰ वो अपनी औरत अपने भाई को सौं प गया॰ काजी कभी कभी उस औरत के पास जाता था कहीं आंख जो पड गई तो और ही समाई॰ वो औरत बडी खूबसूरत॰ और बडी पतीव्रता थी॰ एक दिन काजी ने उस्से सवाल किया॰ मगर उसने न माना॰ काजी घबराया॰ कि बात की बात गई॰ और हंसी की हंसी हो गी॰ यह भाडा जरूर फुटेगा॰ कुलियां में गुड न हीं फोडा जाता है॰ ये सोचा कर वो बादशाह के पास गया॰ और कहा॰ कि मेरा भाई॰ अपनी औरत मु के सौंप गया था॰ मगर मैंने उसे दूसरे के साथ पकडा है॰ बादशाह ने काजी समझ कर कहा कि तुम्हें इख़ तियार है॰ जाओ सो करो॰ काजी उसे अलग ले ग या॰ और कहा कि अब भी मान जा॰ नहीं तो॰ बुरा हो गा॰ वो कब॰ इस गीदड भपकी से डरती थी॰ एक न मानी और मरने को तैयार होगई॰ वो॰ हराम जादा उस जंगल वाहर ले गया॰ और नौकरों से कहा कि इसे खूब पत्थरों से मारो ये हाल देख कर हजारों आदमी कांपते थे॰ आखिर को सब चले गये॰ ईश्वर के बडे कारखाने हैं॰ उस औरत को चोट तक भी न लगी॰ शाम को उसने पत्थर सरकाये॰।

और वटिया वरिया जंगल को चली गई· वहां एक फ़क़ीर रहता था· और उसका एक छोटा बच्चा था· उसने लौंडे ५ पालने में रइस्को रक्खा· उस फ़कीर का एक गुलाम बड़ा हराम ज़ादा और सैतान था· उसने जो जवान परी औरत देखी· तो फूल गया· बहुतेरा· उतार चढ़ाव दिये मगर वो: ढब पर न चली· उस हराम जादे ने उस फकीर के लवैडे को मार डाला· और इस विचारी पर तोहमत रक्खी· मगर फक़ीर नें कुछ न कहा· चुपका होरहा और वास अशर्फ़िया देकर उस औरत को रुख सत किया· वो चलते चलते एक शहर में पहुंची· वहां एक आदमी को मुश्के बांधे लिये जाते थे· औरत ने पूछा कि इसकैं ने क्या गुनाह किया है· लोगो ने कहाके इसे २० अशर्फ़िया एक की देनी है· और इसके पास देने को कुछ नहीं: इस लिये हम इसे फांसी देने को लिये जाते हैं· उस औरत को रहम आया· और उसने वो वीस अशर्फीयां दी· ये बद माश छूटते ही· औरत पर गिरा· और कहाकि मैंतो तेरे साथ चलूंगा· तूने मेरी जान बचाई· मैं तेरी गुलामी करूंगा॥ इस वहाने से सात हो लिया· चलते चलते एक नदी मिली वहां वो: औरत नहाई· और कपड़े बदले· इतने में दो जहाज आये· लोगों ने जो इसे देखा तो हक्के बक्के रह गये· उस हराम जादे से पूछा के औरत कौन है· उसने· कहाकि मेरी लोंडी है मोल तोल होने लगा बहोत से रुपये लिये और औरत को किसी वहाने से जहाज पर चढ़ा आप चल दिया· उस जहाज पर दो सोदागर थे·

ओदानों दूस पर भिड़ी हुई तू तू मैं मैं होने लगी आखिर को यह ठहरी किये औरत अभी माल के जहाज़ पर रहे और जब असबाब बिक चुके तो जिसे पसंद करे वो ले थोडी देर में आंधी चली सौदागरों वाला जहाज डूब गया और माल वाला बचा और इसी पर वोह औरत थी चलते चलते उसी शहर में पहुंचे वो: जहाज वहां आया जहां इस बिचारी पर पत्थर पडे थे अब और सैर देखो जिस ने इसे बेचाथा वो: यहांके बादशाहका बकसी हुवा फकीर का गुलाम वज़ीर था मुफती भी सफरसे फिर आया मगर जोरूकी फिकमें पडाथा इसी शहर में एक बडा ऋषी रहता था भगवान ने उसको हुक्म दियाकी इस जहाज पर हमारा भक्त है बादशाह वजीर वकसी काज़ी और मुफ़ती उनके पास जाकर जो कसूर किया है उससे कहा है जोवो माफ़ करदेवे तो हमसे भी माफ़ किया नहीं तो अभी सब मटिया मेल हो जाय गे ॥ उस ऋषी नेयेहाल बादशाह से कहा के बादशाह सब को साथ लेकर जहाज पर आया और वोह औरत परदा छोड कर हो बैठी बादशाह से कहाकि मैने तहकी बात नहींकी और योंही मुफती की जोरू को काजीके हवाले कर दिया औरत ने कहा महाराज क्षमा करें फिर मुफ्ती ने कहाकि मुझको अपनी औरत की तरफ़ शक है ॥

वो बोली तू अभी चुप रह · फिर काजी ने · कहा के मेरे कहने से उस औरत पर पत्थर पडे थे · वो बोली के तुझ पर भी महा राज सहाय करे · फिर उस फ़कीर वाला · गुलम हा आया · और कहा के · मैने लडका मारा और · औरत पर तोहमत लगाई · उस ने कहा के तेरे ऊपर भी महा राज दया करे · अब सब के बाद बकसी आया · और मगर · उसकी जान न बकशी · और कहा के जिस थाली में खाना उसी थाली में छेद करना किसने बताया है · फिर पर्दा उठाया · और मुफ़ी से कहा के तूने मुझे पैछाना · आज तक तो बर्क हुई हूं · अब ये माल मता तू ले · और में कोने में बैठ कर अल्ला २ करूं · सब लोग इसे देख कर दंग हुऐ · और बादशाह सलामत भी अपना सा मूं लेकर उलटे फिरे · तोता ये कहानी कह कर बोला के जो पूरे हैं वो पूरे ही हैं · तुम सबको एक लाठी हांकते हो · पांचो उंगलियां बराबर नहीं होती · ये सुनते ही जान आलम का नशा हल का हुआ · और वो मल्का और अंजुमन आरा के पांव पर गिर पड़ा · और बोला के मैने बहुत सा फक मारा · और २ गुखाया · मेरा कसूर माफ़ करना · मैं घोडे पर सवार हूं · जान बूझ कर नहीं · कहा · चमडे की जबान तो है · फिसल गई · फिर सब मिल कर खूब हंसे और आगे को कूंच हुआ · ॥

---

१७ चरित्र ॥

चलते चलते जान आलम अपने शहर में पहुंचा • दो कोस पर डेरे डाले • वहां वालों ने जोये धूम धाम देखी • तो जाना के कोई गनीम आया है • वजीर ने बाद शाह से जाकर कहा के जिस दिन से जान आलम गया था • उसके मा और बाप रोते २ अंधे हागऐथे • पीड और पेटकी मुहब्बत ऐसी होती है • बादशाहीका किसको गम था • नाम के वास्ते लकीर पीटे जाते थे • बाद शाह ने वजीर से कहाके मैं तो आप मरा हुआ हूं • जो जी चाहे वो ले ले • मुझे कुछ काम नहीं • वज़ीर ये सुन कर जान आलम के लश्कर में आया • अब तो ये और ही जान आलम थे • बात बात पर फुंकारें भरते थे • फ़ौज भी बहुत सी साथ थी • वजीर ने बिलकुल न पहचाना • और कहाके हमारे बाद शाह का आंख अंधी हो गई है • बेटे का पता नहीं मिलता मौतको दोनो हाथोंसे बुलाते हैं • मगर वोभी • तीतेरा बाईस बताती है • अगर आपको बाद शाहत लेनी है तो लीजिये • कहां कोई कहने सुन्ने वाला नहीं है • जान आलम वजीर को खिलत दे कर रोया • और कहा के गोदके पाले को अभीसे भूल गये • आप बाद शाह के पास जाईये • और मेरे तर्फ से सलाम के बाद कहिये के गुलाम हाजर है • वजीर पहचान तेही पांव पर गिर पडा • जान आलम ने गले लगा या • फिर वजीर घर रुपटा और बाद शाह को मुबारक बाद दिया • और कहाके इस शहर के नसीब जागे • हमारी दुआ कबूल हुई • बाद शाहने कहा • (मेरे को मारे शा मदार •) क्यों मेरे जखमोंके ऊपर नमक छिडकता है • ये बातें होई रहीथी के जान आलम

महल में आया · बडा रोना पीटना मचा · और तों ने गुल मचा या · मा बापने बेटे को गले लगाया · दोनों की आंखें खूली ॥ बाद शाह उसी वक्त सवार हो कर वह वो से मिलने आये) शहर वाले साथ आये सवारी उलटी फिरी · दोनों लश्कर अर्द लीमें थे मल्का औ र अंजुमन आरा के डोले पर जवाहर अशर्फि यां लुटाई · हरी के गाल सेठ साहू कार बन गये · जान आलम की माने जो मल्का और अंजुमन आरा को देखातो बलायें लेने लगी · दूसरे दिन मल्का और अंजुमन आराने बाद शाह से कहा अगर हजूर का हुक्म होतो हम माह लकर से मिल आवे। बादशाह ने कहावोब डी मुफट हे · जाकर पछताओगे · मिया मिठु भी मोजूद थे · वेसे बोले · पछताने की क्या बात है · अपना पन में आते जाते हैं दो कहते हैं दो सुन्नत ही है · बाद शाह चुप हुआ · शाहजादी यों ने सवारी मंग वाई · तोता पहिले से मोजूद हुआ · और झुक कर सलाम किया · वेठा उसने शरम के मारे सिर झूका य लिया · इतने में सवारी भी आन पहुंची · अबतो माह लक को उठना पडा गले मिल मिला कर फिर बैठ गई · अंजुमन आरा तो गो वर गणेश थी · बुत सी बैठ गई · मल्का आठो गांठ कुमेद थी · बोली शाहजादी हमारा तुम्हारा दावन चोली का साथ है · तुम हमारी · ... कुछ फिक्र मत करो · हम दांत काटी रोटी · खाने वाले हैं · ...ने में तोता अंजुमन आरा के सामने आया · और माह लक से कहा के हजूर अब फर्माईये · सच्चा कौन है · और झूठे के मूं में क्या है · और तो क्या कहू आपकी तकरार की बदौलत ये चां दके टुकडे जान आलम को मिले · मेरे सबब आपको शरम हुई · झूठे के मूं मे घी शक्कर हो · मल्का मुसकुराई · मगर

शुकबहत्तरी
मतबअ इलाही मच्छूरां के प्रबं
ध से छापी गई

श्रीगणेशायनमः

अथ सुकबहत्तरीभाषा

स्लोक

प्रणम्य शारदा देवी दिव्य ज्ञान समन्वितां
मनचित्त विनोदार्थ क्रियते शुकबहत्तरीं॥१॥

पृथ्वी के विषें एक चंद्र कला नाम नगर था राजा विक्रमसेन राज करता था वहां हरिदत्त नाम सेठ बसते रहे ताके सुरसुंदरी नाम स्त्री रही ताके पुत्र मदन ताको रतन सेठ की वेटी प्रभावती सों व्याह किया सो रूप लावन्य युक्ता सो मदनसेन व्यासक्त आसक्त वहुत हुआ देख कर पिता मन में चिंता करने लगा पुत्र व्यापार नहीं करता स्त्री से आसक्त रहता है इससे खराब होगा यह समझ कर चिंता करने लगा इस हेत में जो बात प्रगट भई सो कहते हैं चित्त दे सुनो एक विदेशी ब्राह्मण था विक्रम नाम सो वो गंधर्व पर्वत को गया उस पर्वत में एक सिद्ध देखा महा तपेश्वरी तप करता है जाकर दंडवत किया तब सिद्ध ने बहुत आगत स्वागत किया तब विप्र ने कहा एक वस्तु अपूर्व मोकों दीजिये किस वास्ते कि जो पृथ्वी पर अटन कर्त्ता कथा वार्त्ता पर चित्त लगाता नहीं और जो ऐसे ऋषीश्वर के पास से न पाऊं तो कहां से पाऊंगा जो ऋषी की सेवा करे तो उत्तम है निर्फल नहीं और श्लोक पढ़ स्तुति की। श्लोक। अमोघा वासरे विद्युत् अमोघं निशि गर्जितं॥ अमोघा च सतां वाणी अमोघं सिद्ध दर्शनं। १। ऐसा ब्राह्मण ने कहा तब सिद्ध ने विचार के ध्यान किया उस वक्त एक सुआ एक सारो सिद्ध को दृष्टि आई उन दोनों की जन्मांतर की बातें जानिवे में आई कि ये दोऊ गंधर्व हैं कोई ऋषीश्वर के शाप से तोता योनि पाई है

और ऋषीश्वर अनुग्रह किया जो पृथ्वी के विषे मनुष्य भाषा किया
प्रभावती आगे रात्रि को उपदेश करे अंत वह सुवा गंधमादन प
र्वत पर जायगा तव शरीर को छोडेगा फिर गंधर्व होजायगा अ
व शुक अपना शरीर वेचे मुहर ५०० को तो या ब्राह्मण को दिव
वे तो पाप से छुटे ऐसे सुवा सुवटी को देव ऋषि ने कहा कि अरे
शुक तू इस ब्राह्मण के संग जा और मुहरन को दान कर तेरा भ
ला होगा इतना सुन शुक हाथ पर आन बैठा तव ऋषि ने उस
ब्राह्मण से कहा अरे ब्राह्मन तू इसे लेजा तुझे कोई ५०० मुहर दे
उसे दीजियो मेरी आज्ञा से तेरा भला होगा ऐसा जब कहा त
व वह ब्राह्मण सुआ को ले आज्ञा मांग के चला बाद इस के
वहुत देशांतर फिरा शुक ने कथा वार्ता वहुत किया ऐसे वार्ता
कहते विक्रम ब्राह्मण चंद्रकला नगर विषे आया हाथ में पिंजरा
लिये हुए श्रीदत्त की हाट के आगे विश्राम किया तिसके पीछे वहुत
श्लोक शुक सुंदर कहत भया अपूर्व वार्ता हित उपदेश शास्त्र पुराण
वेद कला ज्ञान विज्ञान कहने लगा तव वह श्रीदत्त शुक की कथा सु
नकर वडा प्रसन्न हुआ और यह सोचा कि जो यह ब्राह्मण मुझे
सुवा दे तो मैं मांगूं और जो द्रव्य चाहे सो दूं यह विचार ब्राह्मण
से वोला हे तपस्वी यह शुक सारो मुझे दो तव ब्राह्मण वोला कि
जो ५०० मुहर मुझे दे तो मैं दूं तव सेठ वोला हजार मुहर ले तव
ब्राह्मण वोला ५०० से कम ज्यादा नहीं लूंगा मुझे सिद्ध की
यही आज्ञा है तव साहु वहुत प्रसन्न हो उस ब्राह्मण की
आतिथ्य सेवा की और ५०० मुहर दीं वहुत सा खुश कर शु
कसारिका ले अपनी चित्रसाली में रक्खा वह रातिदिन क
हा करे एक शुक ने सेठ को देखा तो वहुत उदास है शुक वोला भ
हे सेठ तू उदास क्यों कर है तव सेठ वोला कि मेरा वेटा मदनसेन

है अपनी स्त्री प्रभावती सें बहुत आसक्त है क्षण भर उससे जुदा नहीं होता इस से मुझ को बड़ा क्लेश है और मैं तो बहुकृपा से र राजा विक्रमसेन की बेटी का व्याह है उस ने यह आज्ञा दी है कि तुम देशांतर को जाके रत्न वस्त्र आभूषण अनेक भांति के लावो अगर न जाऊं तो राजा दंड दे और जाने की सामर्थ्य नहीं इससे अति चिंता में रहता हूं तासों शुक अव कहो सो करूं तव शुक बोला कि पिता सोच मत करो मैं मदन को बोधन करके तुम्हारे पास लाऊंगा ऐसा कह के मदनसेन के घर गया जाकर आशीर्वाद दिया मदनसेन प्रभावती ने वडा आगवस्वागत किया तव शुक ने अनेक वार्ता किया और कहा कि पुत्र वही उत्तम है जो माता पिता की आज्ञा माने और जो न माने तो नर्क पडे सो ऐसा वेद शास्त्र कहता है ऐसे सुन मदनसेन एकांत में शुक से बोला कि पिता को किस वात की चिंता है सो तुम कहो तव शुक बोला कि एक कथा सुनो एक चंपावती नाम नगरी रही वहां सत्यशर्मा ब्राह्मण रहता था धर्मशीला भार्या उसकी थी जिस के बेटे विद्यावंत गुणवंत थे परंतु माता पिता की आज्ञा न करते देशांतरों को गये विद्या बहुत पढी महा तपस्वी हुए तीर्थ यात्रा बहुत किया एक दिन तीर्थ को जाते थे राह में धूप लगी तव सिरस के नीचे खडे हुए उस वृक्ष के ऊपर वगुला वगुली वैठे थे सो वगुली तपस्वी के मांथे पर वीट की तव तपस्वी को क्रोध हुआ देखतेही दोनों भस्म हुए तव ब्राह्मण आगे चला मन में सुख भया तपस्या पूरी हुई यह विचार के देश को गया एक ब्राह्मण के घर जायके कहा भिक्षा देही यह वात ब्राह्मन की स्त्री ने सुनी भिक्षा देने चली उसी वक्त पति ने जल मांगा वह पतिव्रता थी इस से जल लेके पति को

दिया पाछे भिक्षा ले ब्राह्मण को देने लगी तब ब्राह्मण ने क्रोध किया कि मैं शाप देऊंगा तब ब्राह्मणी बोली रे तपस्वी मैं बगु ली नहीं हूं जो अपनी तपस्या दिखावे ऐसा कह बहुत सा भिड़ का तब ब्राह्मण ने जाना कि मैं जो पाप किया इससे प्रसिद्ध हुआ यह जान लज्जित हुआ भिक्षा लिया तब ब्राह्मणी ने कहा तू पापी है तुझे तपस्या का फल नहीं तब ब्राह्मणी बोली तू बार णसी जा तहां एक धर्मव्याधी नाम एक कसाई रहता है उस के पास जा मूर्ख वह तुझे ज्ञान उपदेश करेगा सब बात को निर्णय बतावेगा यह सुन ब्राह्मण वहां गया धर्मव्याधी सों खबर किया वासों मिला देखा तो वह मांस वेंचता है और हाथ लोहू में भरे हैं साक्षात यमराज का रूप है देख कर राम राम कहने लगा और यह कहा कि ब्राह्मणी ने तुम्ह पास भेजा है मुझे धर्म उपदेश करो तब उस कसाई ने बहुत सत्कार किया ब्राह्मण को घर में बिठाया फिर मा ता पिता का सेवा किया आज्ञा मांगी जो मुझे आज्ञा हो तो ब्राह्मण की सेवा करूं तब आज्ञा दिया कि ब्राह्मण को जिस में संतोष हो सो करो सेवा बहुत किया भोज न कराया चित्त स्थिर हुआ तब ब्राह्मण ने ज्ञान पूं छा कि ब्राह्मणी को ज्ञान किस तरह से हुआ और तु म को किस तरह हुआ सो कहो तब धर्म व्याधी बोला हे विप्र प्रथम तो अपने कुल का जो धर्म हो सो करे पराये धर्म को त्यागे नीके प्रकार धर्म साधे माता पि ता की सेवा करे सब को समान जाने राग द्वेष त्यागे माता पिता को ईश्वर जाने यह जान कर भव को ध र्म को ज्ञान है सो करे और ब्राह्मणी अपने धर्म को

जाने है साधन करती है आज्ञा पालती है पतिव्रत पालनो स्त्री को बडो धर्म है इस से उस को त्रिकाल ज्ञान है अरु तू ब्राह्मण माता पिता को त्याग गृहस्थाश्रम को त्याग किया है पितर देवतान को त्याग है इतने पर तप कियो सो क्या भयो तेरा पाप मिटा नहीं तेरे बोलने से भी पाप लगता है तू हमारे अतिथ आया इस से बोलना पडा अन्यथा तेरा मुख देखना योग्य नहीं तू माता पिता को त्याग कर आया है फिर ब्राह्मण बोला हम को उपदेश करो तब व्याधी एक श्लोक बोला। न पूजयंति ये पूज्यान् अमान्या न्मानयंति ये। जायंते नियमा नास्ते मृता स्वर्गं न यांतिते। १। इतना व्याधी बोला बोधन हो भयो तब ब्राह्मण नमस्कार कर अपने घर आया व्याह किया गृहस्थ धर्म में रहने लगा माता पिता की सेवा ईश्वर समान करने लगा यह कथा सुन मदनसेन कहने लगो कि जो माता पिता कहेंगे सो करूंगो वचन न टालूंगा इस तरह शुक के कहने से पिता पास गया नमस्कार किया पिता ने आदर बहुत किया पुत्र को देख निहायत खुश हुआ हरिदत्त बोला हे शुक जिस के सत्पुत्र हो उस को चिंता किस बात की है इतना सुन पुत्र बोला हे पिता तुम को चिंता किस बात की है सो मेरे आगे कहो तब हरिदत्त ने कहा कि राजा विक्रमसेन की बेटी का विवाह है तिस से राजा ने आज्ञा दी है कि बाहर देशांतर जाके भूषन वस्त्र रत्न ले आओ आज से नवमें दिन विवाह है इस से चिंता है कि पांच सात दिन पहिले आना चाहिये द्वीपांतर से लावना अपने समान राजा कोई नहीं कैसे करैं जिसे मैं वृद्ध हुवा यह बात सुनकर विनती किया कि जो मुझे आज्ञा हो तो मैं सच करूंगा तब सेठ निहायत खुश हुआ इस के बाद पिता पुत्र

राजा के पास गये राजा से विनती किया कि जो हम को आज्ञा हो सो करैं तब राजा ने फरमाया अरे सेठ तुम रत्न माणिक मे ती देशांतर से ले आओ आज से उन्नीस दिन ब्याह के हैं तिस से पांच सात दिन पहिले आन पहुंचो तब मदनसेन ने कहा जो आज्ञा हुई है सो करैंगे और मेरी इच्छा से रत्न उत्तम ला ऊंगा तो राजा का सेवक तब राजा ने उन को दो सिरोपाव दिये उन्हों ने बहुत दिलासा दिया बहुत सा द्रव्य दिया जितना मांगा घोडा रथ प्यादा बहुत दिये आज्ञा दी कि सुबह होतेही सिद्ध करो विलंब मति करो आज्ञा हुआ तब सेठ मुजरा कर घर आया लेकिन सनेह से पुत्र के चिंतावान हुवा तिस के पीछे मदन सेन अपने घर आया प्रभावती से कहा कि मैं परदेश चलूंगा तू शील से रहना कोई बुरा न कहे सो करना मैं बहुत दिन में आऊंगा यह वार्त्ता प्रभावती सुन मूर्छा गई मदनसेन बेसन किया और उसको चेतन्य किया तब प्रभावती ने कहा कि मैं भी चलूंगी जो यहां तुम विन रहूंगी तो प्रान न रहेंगे और दंड देतिस से स्त्री की आज्ञा नहीं तब प्रभावती ने कहा कि मैं अकेली किस तरह रहूंगी तब मदन सेन ने कहा सुवा सारो तुम्हारे पास रहेंगे कथा वार्ता रात दिन कहेंगे चिंता मत करो तब प्रभावती बोली जो आप की आज्ञा हो सो करूंगी मदन सेन पिता माता के पास आया और कहा कि सारो सुवा मुझे दीजे तब पिता ने दिये अपने घर ले आया प्रभावती ने परम संतुष्ट होकर राजी भई तब मदन सेन शुक से कहने लगा मैं परदेश जाता हूं इस से बातें अच्छी २ करते रहियो और सब तरह रक्षा कीजो कथा वार्ता सों बहत्तर दिन बिताओगे पीछे एक वार्ता कान में कही कि नवयोवना है इसका भरोसा नहीं स्त्री जात है स्त्री के

चरित्र कोई जानता नहीं कोई बुरे का संग मत करने दीजो तिस से रक्षा कीजो तुम सर्वज्ञ हो शुक ने कहा चिंता मत करो तब मदन सेन रात्री को विनोद बहुत तरह से किया प्रभावती को मन प्रसन्न किया पाछे मदन सेन सुबह होतेही माता पिता को दंडवत कर परदेश को गमन किया उस समय एक श्लोक पढा ॥ दैन्यं पृथु हयहृ यमर्जुनेनासा कुंतलयं भरतेनलं रामं ध्रुवो वैस्मरति प्रयाणे तस्यार्थसिद्धिं कुशलं भवंति ॥१॥ इस तरह मन में कहते देशांतर को जाते भये जाकर रत्नादिक वस्त्रादिक लिये और जो राजा ने आज्ञा किया था सब कुछ लिया और इधर जो कौतुक घर में भये सो सुनो राजा विक्रमसेन का बंधु विजयसेन वह बत्तीसलक्षण और सुभग था और बहुत गुणवान शीलवान कामदेव की मूर्ति विद्यावान था एक दिन घोडे पर चढ महादेव के दरशन को चला उसे जो देखे मोहित हो जावे मध्यान्ह के समय निकला हरदत्त सेठ के महल के नीचे खडा हुवा उस वक्त प्रभावती की नजर पडी देखतेही बेहाल हुई काम के वस हुई सिर के बाल न्हाय सुकाती थी सिर का पानी उस के ऊपर पडा तो विजय सेन भी ऊपर को देखने लगे और प्रभावती पर नजर पडी तो देखतेही वह भी कामकर पीडित हुवा प्रभावती काम का तीर मार चली गई और विजसेन भी इश्क की चोट खाय चला गया और दोनों के चित्त में अति यादगारी की लगन लग गई तब विरह के दुख से विजय सेन ने एक श्लोक पढा ॥ किं करोमि क्व गच्छामि रामो नास्ति महीतले ॥ कांता विरहजं दुःखं एको जानाति राघवः ॥ १ ॥ इसी तरह बार बार पढता और जो चीज देखता उस में प्रभावती की सूरत देखता ऐसे बस किया कि कहीं चित्त नहीं लगता और

किसी से कुछ नहीं कहता और दिल में विचारता कि रुपये
खर्च जो चाहै सो ले प्रभावती की कोई मुलाकात करा दे ऐ
सा रातदिन दिल में सोचता और फिकर करता और प्रभावती
भी इसतरह जी में चाहती और रातदिन सोच में रहती और विरह
के वियोग में रहती। श्लो॥ सुवेषं पुरुषं दृष्ट्वा पितरं भ्रातरं सुतं॥
योनिः स्खलति नारीणां सत्यं सत्यं वदाम्यहं॥१॥ ऐसा प्रभावती का
मन काम के वस भया और जहां पर विजसेन महल में चिंता से बैठा
था वहां पर एक मालन फूलों की डाली हारों से भरी ऊई ले आई औ
र वह फूल विजयसेन के आगे रक्खे और उस मालन का नाम मोहनी
था विजयसेन ने उन फूलों को लिया परंतु भीतर की उदासी से कु
छ खुशी न मालूम ऊई तब मालन बोली कि मैं तुम को उदास देख
ती हूं और नहीं जानती तुम्हारी तबीयत उदास क्यों है सो हम से क
हो अगर किसी स्त्री के हेत में हो तो हम से कहो और आज्ञा दो जिसे
ले आऊं क्योंकि मुझे मोहिनी मंत्र आता है जिस पर नेह लगा है उसे
मोह करले आऊं तब विजयसेन ने बड़ी खातिर की और यह पूछा
कि मेरे मन की बात तूने किसतरह से जानी तब मोहनी बोली हे वि
जयसेन मैं ने तुझे देखा कि मन तेरा उदास है विरह करके दुखी
इस से मैने जाना कि किसी स्त्री पर आसक्त ऊआ है और यह बात
मन में जानती थी और एक दिन उसके यहां गई भी थी सो वह
भी चाह में अति दुखी थी तब मैं ने उसे पूछा तब उसने कहा
कि विजयसेन के इश्क में दुखी हूं तब मैने कहा विजयसेन के पास
गई थी वह स्त्री के मोह से बऊत दुखी है तब मैने कहा कि मैं मालन
हूं जिसको तू चाहै अभी लाऊं यह सुन विजयसेन अपने हाथ का
गहना दिया और कहा कि प्रभावती मेरे मन में निहायत बसी है उ
से तू मिलावे तो जो मांगे सो दूं तब मैंने करार किया तुझे जरूर मिला

दूंगी सो मैं ने जाना कि तुझे भी उसकी चाह है तो परमेश्वर अच्छा
करेंगे और तेरी भी मुराद पूरी होगी जब ऐसा कहा तब प्रभावती नि
हायत खुश हुई और यह कहा कि मुझ से यह काम पूरा होगा तब
ऐसा सुना तो सारिका बोली इस मालन को घर से जल्दी निकालो
बड़ी हरामज़ादी है तब सुवा बोला आदमी के पास आदमी आते हैं
तू कौन है तू काहे को बकती है सारों ने मालन का तिरस्कार बहुत
किया मदनसेन के वचन को प्रतिपाला परंतु जानवर हैं इस-
की कौन माने तब सुक विचार के बोला कि सरदार के पास माल
न और नायन ये बहुत आते हैं इससे चिंता नहीं सारों ने कहा
चल तू समझता नहीं तू खुशामद की बातें करता है खुशामदी मन
राखने की बात करता है मैं तुझ से सच कहती हूं ऐसी आखुसयें बा
त करते हैं तब मैना बोली चुप कर रहो तब मालन बोली प्रभावती
मन में खुशी रहो जो आज्ञा करोगी तत्काल बजालाऊंगी स्नान
करो फूल पहिरो मनोर्थ सिद्धि करो और मदनसेन की चिंता छोड़ो
हम राजा की दासी हैं कभी घर कभी बाहर हमारा यही काम है तेरी
आज्ञा में हूं जो तू कहेगी सो करूंगी यह जब कहा तब दलगीरी
संबदूर हुई और स्नान कर गहना पहर फूल पहन खाना खा
या और सोलह सिंहार किये गद्दी पर बैठी मोहनी आगे बैठी
और यह कहने लगी कि आज मुझे बड़ी खुशी हुई तब प्रभावती
बोली कि तुझे किस बात का दुख है तब मालन बोली कि तुम अप
ना दुख कहो तो मैं भी अपना दुख कहूं तब प्रभावती की सखी
बोली कि स्वामी तो परदेश है यह जोबन रस रंग जाको चाहि ल
गी हिये सो दुर्लभ सखी संग॥ श्लोक॥ स्त्रक्चन्दनागंरागलज्जा
कररूह परवसो जय्या प्रिय सह विषय मपि मां मरणां शरणां दु
ह रूपं॥१॥ इससे मरणा भला है ऐसा सखी बोली कि इस मन बसंतु

अपना दुख बयान कर दूती बोली कि इस समें बसंत ऋतु हैं और तू नवयौवना है तुझे देखे मुझे बडा दुख लगता है इस से अगर मेरा कहना माने तो एक बात कहूं तब प्रभावती बोली जो तेरे मन में बसता है उसे मैं जानती हूं राजा के प्रधान का बेटा विजयसेन तेरे मन में बसता है मालन ने कहा जो कहे तो तुझे मैं उस से मिला दूं प्रभावती ने कहा मुझे अगर उससे मिला दे तो तुझे बहुत सा द्रव्य दूं मालन बोली जहां पर तू कहे वहां उसे ले आऊं तब प्रभावती बोली अरी मालन तू विजयसेन के पास जा कर यह कह आज पहर रात गये सिंगार कर शहर बाहर एक शिवालय है तू वहां आइयो और मैं भी वहां चलौंगी ऐसा संकेत बा को तुम कहना तब दूती प्रसन्न हुई और प्रभावती ने उसे पांच मुहरें दीं वह लेकर विजयसेन के पास आई और कहने लगी कि आज प्रभावती को प्रबोधा है और उसने कहा है कि पश्चिम तर्फ एक देवल है और वहां सुनसान है वहां उसे लाऊंगी अब तू अपना मनोरथ पूरा कर यह बात सुनतेही बहुत खुश हुआ अपने गले की मोतियों की माला उतार के मोहनी को दी तब उसने कहा मैं तो काम कर आई परंतु इसमें बहुत से विघ्न हैं देर मत करो क्योंकि उस के यहां दासी शुक मैना बहुत हैं लेकिन मैं जहां तक बनेगा तेरी मुलाकात कराऊंगी ऐसा कह दूती फिर प्रभावती के पास आई देखे तो नख सिख से सिंगार किये बैठी है पान खाये शोभा की राशि बन गई है और कह रही है कब मोहनी आवे और कब मैं मिलने जाऊं मोहनी को देखतेही आनंद हुई कि जो चाहती थी सो बात हुई इतने में देख कर प्रभावती बोली हे मालन आई मैं तेरी बाट देखती थी मालन बोली मैं तो तेरी दासी हूं तेरा हुकम बजाया ले चल अब देर

मत कर इतना सुन परपुरुष से विलास करने चली और दूती का हाथ पकड़ लिया और चौक में आई और चाहे कि जावे तब सारिका बोली कि प्रभावती तू कहां जाती है यह तो दूती है इसका नाक कान काटना चाहिये और परपुरुष के पास जा ना न चाहिये मदनसेन तुझे क्या कहेगा और हम से क्या कह गया था तू भूल गई और मैं मदनसेन के आने पर समझूंगी तुझे उस से छुड़वा दूंगी वह आदी अपनी ओर कर लेगा उस वक्त तु झे बहुत रंज होवेगा इससे तू मेरी नसीहत मान तू बड़े घर की वह बेटी है इतनी सुन प्रभावती बोली अरे ये रांड कम अकल तु झे क्या सिखावती है देख शुक तो नहीं बोला तू मरा चाहती है तब मैना बोली मैं तेरी बिहतरी की कहती हूं और सच कहती हूं मैं तुझे जाने न दूंगी तब तो प्रभावती को गुस्सा आया पिंजरे में हाथ डाल मैना को पकड़ मार डाला तब चली तो कुत्ताने कान फड़ फड़ाया उसे भी लात मारी इतने में बिलाई आ पड़ी उसे भी ला त मारी तब प्रभावती क्रोध किया शकुन अच्छा नहीं हुआ उस वक्त शुक को चिंता भई कि अगर मैं बोलता हूं तो सारो की गति होगी और जो नहीं बोलता तो प्रभावती निहायत काम के आसक्त हुई मद करके अंधी हो रही है इसे आगा पीछा दिखाई नहीं देता। श्लो क॰। नैव पश्यति जन्मांधो कामांधो नैव पश्यति। नैव पश्यन्मदोन्म त्तो अर्थी दोषो न पश्यति।१। इससे प्रभावती कामांध हुई है किस तरह समझे ऐसे मन में चिंता करने लगा और जो न कहूं तो वचन मेरा जाता है तिस से ऐसा करो जिस में न जाय और मेरी बात भी रहे और मुझे मार भी न डाले और दूती को भी खुशी कर तो गंधर्वी। श्लो॰। उपपन्नेषु कार्येषु बुद्धिरेव गरीयसी बुद्धि हीन वि नश्यंति यथा ते सिंह कारकः।१। उपपन्नेषु कार्येषु बुद्धि ही

रेवगरीथसी। वनेसिंहमदोन्मत्त घ्राणांके न निपातितः। २। इस तरह मन में विचार करने लगा उस वक्त सुक बोला जिस कामको जाती हो सोई सिद्ध होय आप पधारिये यह सुक संबंधी वचन सुन प्रसन्न हो प्रभावती बोली हे सुक मैं परपुरुष से आनंद भोगने जाती हूं सुक ने कहा युक्त है याने बिहतर है परंतु यह काम कठिन है निंदित है कुल की स्त्रियों को योग नहीं व्यभिचारिणी को जोग है तुम्हें न चाहिये तब प्रभावती बोली क्यों न जाऊं तब सुक कही मैं कैसे कहूं आपकी इच्छा हो सो करो अगर एक काम करो जारी बेजारी जानती हो तो जाइयो और नहीं जानती हो तो मत जाइयो और जाओगी तो बहुत दुख पाओगी तब प्रभावती ने कहा जारी क्या और बेजारी क्या सो कहो तब सुक बोला जो कोई परपुरुष सों रति करे और कोई आन पहुंचे तो उसको जवाब कैसे देवे जिस में अपना ऐव ढके और लज्जा बचे नहीं तो बड़ा दुख होता है तू भले कुल की बेटी भले कुल में ब्याही राजी सों काम करेगी तो दोनों कुल की लाज रहेगी और तू दुख न पावेगी जब ऐसा सुकने कहा तब तो मन में विचारा और सुक से कहा हे सुक क्या करूं जो तू कहे सो करूं तब सुक बोला कि उस वक्त बुद्धि उपजे तो जाय जैसे हरिदत्त ब्राह्मण की स्त्री लक्ष्मी उसका नाम उस वक्त उस की जो बुद्धि उपजी और अपनी लज्जा राखी जो ऐसी बुद्धि उपजे तो जाना पराये पुरुष पास नहीं तो पराये पुरुष से प्रीत न करे तब प्रभावती सुक से पूछने लगी कि लक्ष्मी कोन से बुद्धि किया सो कहो तब सुक बोला कि आप जाय अपना काम करें चिंता को थिर करो तब तुम से कहों प्रभावती ने कहा मुझे बड़ा अचंभा हुवा है तब सुक कहने लगा कि दूती को विदा

करदेउ तब प्रभावती ने अपने हाथ की अंगूठी देकर विदा किया और यह कहा कि कल आवना चलूंगी और आज मैं बात सुनूंगी तब दूती नायक के पास गई अंगूठी दिखलाई औ र कहा कि कल आवने को कहा है तब प्रभावती बोली शुक अब कहो तब शुक बोला जारी तो यह है पराये पुरुष से रति करे और बेजारी उसका नाम है जो करके पछिताये अपनी लाज राखे कोई जाने नहीं तब काम सही इस बात के सुनने की इच्छा हो तो सिंगार उतारो चोकी पर बैठो एकांत मन करो तब मैं कहूं प्रभावती ने सिंगार उतार चोकी पर बैठी तब शुक ने प्रथम कथा का आरंभ किया सो कहते हैं ॥

प्रथमकथारंभः

एक चंद्रावती नाम नगरी है तहां भीमसेन राजा राज करता था व हां मोहन नाम सेठ रहता है तिसका बेटा सुधन्वा बहुत प्रवीन गु णवंत है उस देश में हरदत्त नाम कायस्थ तिसकी स्त्री लक्ष्मी नाम है और जैसा नाम है तैसाही रूप और महाप्रवीन है तिसके पीछे एक दिन सुधन्वा ने लक्ष्मी को देखा मन में लालसा आई विचारा कि इससे रति कीजिये ऐसा विचार दूती के घर गया और उससे पूछा कि तेरा नाम क्या तब दूती बोली कि मेरा नाम सोपवास है सुनमा सोपवा स मेरा एक काम है लक्ष्मी के विषय मेरा चित्त लगा है सो उस से मिलाय दो तब दूती ने कहा मैं उसको संकेत स्थल के बीच उसे लाऊंगी तू चिंता मत कर तेरा काम पूरा होगा ऐसा कह दूती लक्ष्मी के घर गई और उस वक्त हरदत्त न था जाकर बैठी मा सोपवासनी ने लक्ष्मी को उपदेश किया और रुपये का ला लच दिया तब वह मन में चलायमान हुई कि पर पुरुष की रति करें जो श्याम के वक्त में यह संकेत को लेगई

जा बैठी सुधन्वा को राजा ने बुलाया सो वह राज घर गया औ
र वहां आने का वक्त बीत गया दूती से बोली क्यों न आया तब
दूती बोली कि राजा की आज्ञा से काम में लग गया इस से नहीं
आया फिर लक्ष्मी बोली और एक काम कर जो कोई अच्छा
सा हो तिसे ले आ मेरा मन अत्यंत चाहता है यह सुन दूती
चली तमाम गांव में फिरी कोई मन में आवे नहीं हरदत्त लक्ष्मी
का भरतार मिला उस को ले आई और जानती न रही जिस से
आई जब भरतार मिला खड़ा हुआ देखे तो अपना भरतार है त
ब बहुत सोच किया यह शुक ने प्रभावती से पूछा उस वक्त भ
रतार से उस ने क्या कहा और कैसे मुकरी सो कहो तू कह अपनी
तेरी दासी कहे या और कोई कहे तब प्रभावती बोली हम नहीं जा
नती तुम कहो तब शुक ने कहा जो तू आज जाने का इरादा न करे
तो मैं कहूं तब प्रभावती बोली मैं न जाऊंगी तब बोला तो इस का उ
त्तर सुनो जो दूती पर पुरुष जान लाई सो उसका भरतार रहा तब उ
सने मन में एक बात उपजाई देखते ही छाती माथा पीटने लगी
बहुत अपघात किया तब पति ने देखा तो अपनी स्त्री है अपघात कर
ती तब बोला अरे लक्ष्मी यह क्या करती है तब लक्ष्मी बोली कि तू मे
रे आगे झूठ बोला जो मैं पर स्त्री के बुलाने पर बुरा कर्म नहीं
करता यह जान तेरी परीक्षा के वास्ते दूती पठाई और तू पर
स्त्री जान कर आया है सो मैं ने जानी कि तू निर्बुद्धि मुख देखने
योग्य नहीं यह सुन लक्ष्मी के पायन परा अपने घर ले आया शु
क बोला साहूकार की जो ऐसा जवाब करे अपने को बचा
वे जो तू ऐसा काम करे तो लक्ष्मी कैसी बुद्धि उपजे तो जा
उ नहीं तो मत जाउ यह सुन सेठ की बहू उठ पलंग पर सो
रही ॥ २ ॥

द्वितीय कथा २

फिर प्रभावती दूसरे श्याम के वक्त सोलह सिंगार कर पान खाय
दूती का हाथ पकड़ जब चली तब शुक से बोली हे शुक मैं परपु
रुष के सुख को जाती हूं शुक बोला अच्छी बात है परंतु जैसे देवी
ने जौन सी बुद्धि की सो कीजो तब प्रभावती ने कहा सो कहो तब
शुक बोला अपना मनोर्थ करि आवो तब कहूं सुचित्ताई से सुनो
प्रभावती बोली सुन के जाऊंगी तब प्रभावती सब सिंगार क
रे चोकी पर बैठ गई तब शुक बोला एक नंदन नाम नगर है
तहां चंद्रवती राजा था तिसका बेटा राजशेष रहे तिस की बहू
शशिप्रभा थी सो वह एक दिन सेठ का बेटा वीरसेन तिस को
देखा दोनों को काम की रति लगी और इश्क के मैदान में चूर हो
गये खाना पीना छोड़ा और दिल में बिचारने लगे कि अब क्या
करें तब उस की दाई से जाकर मुलाकात की यशोदेवी उसका
नाम था उससे कहा कि राजकुमार की बहू से मेरा मन लगा है उ
स से मिला दो तब तोता बोला हे प्रभावती वह किस तरह मिली
तब प्रभावती बोली तुम्हीं कहो मैं नहीं जानती तब शुक कहने ल
गा कि दाई यशोदेवी को अपने वश किया तब शशिप्रभा सिंगार
कर अपने महल में बैठी थी उस समय यशोदेवी शशिप्रभा
के महल में गई राम २ किया और बोली कि शशिप्रभा तेरी सुंद
रता को देख मेरे मन में बहुत दुख होता है तिस्से एक बात कहूं
जो तेरे मन में आवे शशिप्रभा बोली तू कहेगी सो करूंगी तब
दाई बोली कि तेरा जीना धिक्कार है जो पराये पुरुष का सुख नहीं
जानती जब इस सुख को जानेगी तब बहुत प्रसन्न होगी तब रा
जा की वधू बोली तू बतावे सो करूं ऐसी अच्छी जल्दी कहो

तब दाई ने कहा बचन देतो कहूं तब प्राणि प्रभाने वाचा दिया। तब दाई खुश हो बोली एक वीर सेन पुरुष तेरी इच्छा करता है तू उसका मनोरथ पूरा करतैसे परन्तु तब दाई एक उपाय बताया कि मैं अपने घर जाती हूं तू जब सवार होतब मूर्छा खा गिर पड़ियो काहू की औषद से नीके मत हूजो पाछे मैं आके तुझे अपने घर लेजाऊंगी और मनोर सिद्ध कराऊंगी यह कह कर आई और जाकर वीर सेन को खबर सुनाई कि तेरा मनोरथ सिद्धि होगा तू अब चिन्ता मत कर सवेरे काम होगा वो अकस्मात मूर्छित हो गिरी सब को बड़ा सोग ऊवा कि अचानक क्या ऊवा सबने झाड़ फूंक कराया दवाई दी मगर अच्छी न ऊई तब तो नगर मे ढंढोरा फेरा जो कोई प्राणि प्रभा को अच्छा करे तिस्को बऊत कुछ मिलेगा तब ऐसा कहा तब दाई बोली कि मैं नीके करोंगी जो मेरा काहिना करो तो अच्छी होय यह बात सुन राजा से कहा कि यशो देवी ऐसा कहती है जो मेरा कहना करो तो अच्छी होय सुनतेही राजा ने बुलाई और फरमाया जो तू कहे सो करें यशो देवी बोली जो ऊकम पाऊं तो कहूं राजा बोला जो तू कहेगी सु मुझे कबूल है तब दाई बोली कि जो तुम नीके कराया चाहते हो तो मेरे घर आठ दिन ताई रहने की मरजी करो तो नीकी होय तब राजा ने फरमाया अपने घर इसे लेजा राजी की आज्ञा पाय अपने घर लेगई वीरसेन वैश्य अपने मन में प्रसन्न ऊवा आठ दिन तक भोग विलास किये बाद आठ दिन के प्राणि प्रभा अपने महल में आई राजा देख बऊत खुश ऊवा कुंवर भी बऊत राजी ऊवा यशो देवी को बऊत द्रव्य दिया इस तरह सुकने प्रभावती से कहा ऐसी बुद्धि हो तो जाउ यह सुनि पलंग पर जा सोई रही॥३॥

अथ तीसरी कथा का प्रारंभः ॥ ३ ॥

फिर तीसरे दिन प्रभावती वैसाही सिंगार कर चली पर पुरुष के मिलने को उस वक्त सुक से पूछा कि मैं जाती हूं परपुरुष से रत करने तव सुक वोला कि निस्संदेह पधारो मनोरथ पूरा करो पर राजा सुदर्शन कैसी बुद्धि उपजे तो जाउ तव प्रभावती वोली राजा सुदर्शन कौन था और कैसी बुद्धि थी सो कहो तव शुक वोला कि एक विलास नाम नगरी थी तिस्का सुदर्शन नाम राजा था तिस्के गांव में विमल नाम वनिक वस्ता है तिस्की स्त्री एक तो सुर सुन्दरी एक रूमानि है महा सुंदरी को अव कुटिल महा धूर्त काम के आसक्त ऊवा मन में विचारा कि क्या करों किस्तरह से आवे तव अंविका के मान्दिर में जाकर वऊत सेवा किया तव देवी प्रसन्न ऊई और वोली कि वर मांग मैं प्रसन्न ऊई तव धूर्त वोला जो विमल वानिये का सा रूप दीजे तवदेवी ने कहा तथास्तु ऐसा ही होगा कहते मात्र विमल का सा रूप वन गया कुटिल धूर्त भी घर गया और दूत फाकन विमल अपने घर न था उस वक्त घर में वैठ दास दासिन को खुश किया घर में रहने लगे और कहा कि मेरा सा रूप वना विमल वानिया कोई आवे तिस्को वैठने ने देना ऐसा कह घर रहने लगा स्त्री न के साथ अपना मनोरथ सिद्धि किया पीछे विमल विचारा आया कि ये धूर्त ने मोकों वंचना कीनी अव का उपाय करों तव घर के पास आया तव धूर्त ने उसे देखा तो गारी देने लगा कि मेरे घर तू क्यों आया है फिर उन दोनों में वडी लडाई ऊई शहर के लोग जमा ऊए दोनों की वातें सुन वडा आश्चर्य ऊवा कि घर किस्का है दोनों के रूप समान हैं तव दोनों राजा के पास गये राजा ने न्याय किया तव शुक ने पूछा कि हे प्रभावती उस धूर्त को किस

तरह से निकाला सो बताओ प्रभावती बोली मैं नहीं जानती
कहु तब शुक बोला आज न जाओ तो कहूं प्रभावती बोली आज
न जाऊंगी तब वोः बोला राजाने विमलकी दोनो स्त्रियां बुलाई जुदी
बुलाके उनसे पूछा कि कहो तुम्हारे बाप का क्या नाम है और माता
का क्या नाम है और ब्याह हुवा घर आई तबरितु समे तुम्हें विमल
ने क्या दिया तब उन दोनों ने सब आहिवाल कहा और राज मैं लि
खलिया विमल से पूछा उसने भी वही कही सब बात मिली
पीछे धूर्त से पूछी उस्की एक बात भी ना मिली तब उस धूर्त
को गांव से निकाल दिया और विमल को उस्की दोनो स्त्रि
यो समेत उस्के घर विदा किया वोः अपने घर गया ये प्रभाव
ती जो ऐसा गुन हो तो जाउ नहीं तो मत जाउ फिर सो रही॥

चौथी कथा का प्रारंभः

फिर चौथे दिन प्रभावती सिंगार कर पराये पुरुष से रत करने
चली उस वक्त शुक से पूछा हे शुक मैं पराये पुरुष से सुख चा
हती हूं इस से जाती हूं शुक ने कहा बहुत अच्छा लेकिन गोविं
द ब्राह्मण ने बडे की आज्ञा न मानी तो बहुत दुख पाया तब
प्रभावती बोली गोविन्द ने बडे का काहना क्यों नहीं माना
और किस्तरे दुख पाया सो कहो तब शुक बोला कि एक भद्रावती
नाम एक नगरी थी वहां का प्रतापसेन राजा था राज्य करता
था उस गांव में सोमप्रभु नाम ब्राह्मण बस्ता था और पंडित बहुत
था तिस्की शोभा नाम स्त्री थी तिस्की मोहनी नाम बेटी थी सो वोः
विषकन्या थी सो सब जानते तिस्को कोई ब्याहे नहीं पिता
को इस्से बडा सोग हुवा कि क्या रे आखिर को देशांतर गया
और एक गांव में जाकर गोविन्द नाम ब्राह्मण से मुलाकात
हुई उसे कहा कि मेरे एक मोहनी बेटी है वोः तुझे देता हूं त-

व्याह कर ले वडत सुन्दर ऐसी कहीं नही लेकिन विष रूप दूत
ना सुन कर कवूल किया परंतु भाई वंधों ने मना किया किजे
तू विवाह करेगा तो वडत दुख पावेगा परंतु उसने किसी कीव
त न मानी एक तो स्त्री का लालच दूसरे धनका ऊवा व्याह
किया ओर द्रव्य लिया अपने घर आया तो मूर्छ कन्या थी अ
पने स्वामी को देख वडत दुख पती एक दिन पति से कहा
कि मुझे मेरे वाप के पऊंचा दो जव ऐसा कहा तव गोविन्द उसे
ले चला तव राह में आया तो स्त्री से कहा तू यहां वैठ मैं कर आऊं
आप तो काम करने को गया उस वक्त एक विष्णुनाम ब्राह्मण अ
था स्त्री को देखा तो महा सुन्दरी है मन में काम पीड़ित ऊवा ओ
र मोहनी भी काम के वस ऊई मन में विचार ऊवा कि इस्से भोग कीं
जिये क्यों कि वडत चतुर है उस वक्त मोहनी को वडत मन से पा
न लोंग इलायची दिया गोविन्द ने भी आदर किया मह से उत
गोविन्द वोला यार तू महल के पास वैठ मैं काम कर आऊं इतना
कह कर गोविन्द तो गया उस वक्त विष्णु दास महल सेले भागा पीछे
गोविन्द ने पुकारा कि हे विष्णु दास खड़ा रहो वाने जवाव न दिया त
व तो दोड के आप आया आपस में वडत लड़ाई ऊई इसी त
ह से लड ते लडते राजा के घर गये ओर पुकारा किया मेरी स्त्री लिये
जाता है तव राजा के प्रधान ने न्याय किया तव प्रभावती से सुक वो
ला कि प्रभावती कहो उस प्रधान ने क्या न्याय किया तव प्रभावती
वोली हे सुक तुम कहो मैं नहीं जानती सुक ने कही तू आज न जा
य तो कहूं तव उसने कहा न जाऊंगी तव सुक वोला हे प्रभावती
बुद्धि सेन मंत्री ने उस कन्या विष को वुला के पूछा जिस
दिन तेरे पति गोविन्द से संग भया था उस दिन क्या भया था
उस कन्या ने सव हकीकत कही पीछे गोविन्द से पूछा

उसने भी यही बात कही इन दोनों की बात ठीक मिली उसको ध
क्के देके निकाल दिया तब प्रधान ने कहा स्त्री गोविन्द की है और
प्रधान ने गोविन्द कहा जो तू इस स्त्री को रक्खेगा तो तेरा मरण
होगा इस्से तू इस स्त्री को छोड़दे कि शास्त्र भी ऐसा कहता है
श्लोक। वेदं षान रतं नष्टं कुपठितं मूर्खं परिव्राजकं रिद्धं का पुरुषं
हयं गमरयं स्वाध्याहीनं द्विजं। प्राज्यं वाल नरेंद्र मात्रि रहितं मि
त्रं छला न्विषिणं भार्यां यौवन गर्वितां परतां मुंचंति शीघ्रं वु
धा१ इसतरह गोविन्द ब्राह्मण को समझाया परन्तु उसने वि
ष कन्या को त्याग न किया वहां से उठके आगे को चला व
हां एक मनुष्य नजर आया उस से विष कन्या ने कहा तू जो
इसे मारडाले तो तेरे संग चलूं जब इसतरह कहा तब तो इस
ब्राह्मण को मारडाला इस से कहता हूं जो कोई कहता है अच्छी
बात और जो न माने तो गोविंद का सा हाल हो इस बात को सुनसे
रही

पांचवीं कथा का आरंभ ५

फिर पांचवे दिन प्रभावती सिंगार करके चली उस वक्त शुक से
पूछा हे सुक मैं पराये पुरुष का स्वाद लेने जाती हूं शुक बोला
अच्छी बात है परन्तु वाल पंडित कैसी बुद्धि हो तो जाना यो
ग है तब प्रभावती बोली वाल पंडित की कैसी बुद्धि थी औ
र क्या बात उस ने करी तब शुक बोला अगर आज न जाओ तो
कहूं तब प्रभावती बोली न जाऊंगी तब शुक कहने लगा कि उज्जैन
नगरी राजा विक्रमाजीत राज करते थे राज कला रानी को बहुत
प्यार करते क्योंकि वोः बहुत सुन्दर थी सो राजा के मन में एक
दिन ये आई नीरुत थार में एका दिन भोजन करें यह विचार क
रके राणी को बुलाया पास बैठाया दोउ प्यार में भोजन करने बै
ठे जीमते राणी ने पूछा यह क्या बात है राजा ने कहा कि यह

मछकी तरकारी है यह सुन राणी वङत गुस्साऊई कि राजा में पतिव्रता हूं पर पुरुष को स्पर्श करती नहीं यह आप क्या कारते इस से राजा वङत खुश ऊवा उस वक्त पर ईश्वर की मरज़ी से मछ हंसा तव राजा को आश्चर्य ऊवा और कहा कि म्रतकमच्छ है क्या कारण जो हंसा इतनी वात विचार आरज में खड़ा ऊवा और दरवार में आकर यह अचरज सवसे पूंछा कि म्रतकमछ को हंसा याने हसने का कारण कहो तव सारी सभा वोली कि महाराज यह माया ईश्वर की है हम लोग तो यह जानते नहीं जिस आगम की गम है सो जाने तव ऐसा सभी ने कहा तव राजा ने सव विद्याविसारद को वुलाया जव ब्राह्मण आया तव राजा ने पूंछा कि मछ हंसा सो कहो तुम्हारा नाम जव विसारद है सो अपना नाम सार्थक करो यह सुनि ब्राह्मण वोला यह अजान वात है देवताओं को दुर्लभ है तिस्से शास्त्र देख के कहेंगे आज से पांचवें दिन इसका उत्तर देंगे तव राजा ने कहा पांचवें दिन न कहोगे तो वेइज्जत करूंगा नगर से निकाल दूंगा तव ब्राह्मण वोला जो आज्ञा करोगे सो करेंगे ऐसा कह ब्राह्मण घर आया और निहायत सोच में होकर शास्त्र में देखा लेकिन इसका उत्तर न पाया तव तो मन में दूना सोच ऊवा कि अवप्रतिष्ठा गई और देश भी छूटा और देश से न जाऊंगा तो प्राण जायगा ऐसा विचार अन्न जल त्याग किया तव वेटी वाल पंडित की पिता को दुःखित देख कर हे पिता इतना सोच तुम काहे को करते हो मेरे आगे सव वृतांत कहो तव वाल पंडित ने सव वात कह सुनाई और कहा मुझे इसका उत्तर नहीं आता तू कहे सो करूं तव वेटी वोली पिता शास्त्र की वात जो है सो तुम से छानी नहीं परन्तु त्रिया चरित्र का विचार तुमने ना किया तव

ब्राह्मण बोला। वीरराजा ने मुझे बुलाके पूछा कि ये मच्छ क्यों हं
सा सो कहो उसका उत्तर कोई न आया इससे चिन्ता है यह वा
त सुन बेटी बोली कि पिता यह बात तो कुछ है नहीं इसकी चिन्ता
तो मत करो राजा से जाके यह बात कहो कि इसका उत्तर मेरी बे
टी देगी यह सुन कर ब्राह्मण बहुत खुस हुवा और राजा के पास ग
या सब वृतांत कहा। फिर राजा ने बाल पंडित से कहा मच्छ क्यों
हंसा सो कहो तब बाल पंडित ने हाथ जोड़ राजा से कहा मह
राज आप राजा हैं फिरते देर नहीं तिस्से कहा नहीं जाता उस वक्त
श्लोक पढ़ा। काके सत्यं प्रोच्चे द्यूतकारेषु सत्यं क्लीबे धैर्यं मद्यपेत
त्वचिंता सर्पे क्षांतिस्तु कामो विशांति राजामित्रं केन दृष्टं श्रु
तं वा १ उस वक्त सब पंडितों ने कहा। त्यजे देकं कुलस्यार्थे ग्राम
स्यार्थे कुलं त्यजेत्। ग्रामं जनपदस्यार्थे आत्मार्थे पृथ्वीं
वीत्यजेत् २ तब पिता मन में विचार किया कि इस का उत्तर
न आवे तो मारा जाय इस्से देशांतर जाइये बेटी के कान में क
हा तब बेटी बोली। श्लोक। विद्यावतां महात्मानां शिल्पनार्थं
वशेषतु सुरानां सेवकानां च नाश्रयः पार्थिवं विना १ इतना क
ह पिता को समझा कर राजा से बोली महाराज तुम ब्राह्मण के
आश्रय हो लेकिन स्त्री के चरित्र का जानो पूछने योग्य नहीं परं
तु भारत में कहा है। श्लोक। राष्ट्रकोहरया हेन एकादशाच भूपतिं
पंचानामपि यो भार्या न सा एकांति मानुषी। १। बोले हे बाल
पंडित तूने कहा सो मैंने जाना परंतु इसका उत्तर अवश्य देना
चाहिये मन में संदेह मत कर मैंने माफ किया तब उस समय
बाल पंडित सभा में सब बात विचार कर यह श्लोक क
हा और बोला मच्छ यों हंसा सुनो। श्लो०। राज्ञी स्पृशति नोम
स्यान् मतानपि महा सती पुरुषाख्या सती राजन् हसता

सफरी क्रवं॥१॥ परिमाव्यस्तया राजन् स्तोको थेयं सदाहि मूढपाररायया देव यदि पच्छति मापुनः २॥ इसतरह बाल पंडित की पुत्री कह अपने घरगई बाद इसके सभाकेलोग उन श्लोकों के अर्थ का विचार किया तो राजा का माक्रहे सो तो बात रूठी है इस से बाल पंडिता से पूंछे तो यह विचार कर चुप होरहे कि कल पूंछेंगे इसतरह प्रभावती से कहा बाल पंडिता ने दूसरे से कही थी सो फिर कहो यह सुन सो रही॥५॥

छठी कथा ६। फिर छठे दिन सिंगार कर पर पुरुष के पास चली उस वक्त सुक बोला हे प्रभावती बालपंडिता ने राजा को कैसा समझाया सो कहो तब प्रभावती बोली मैं नहीं जानती तुम कहो तब सुक बोला हे प्रभावती तुम चित्त दे सुनो जब दूसरा दिन हुआ तब राजा ने बाल पंडिता को बुलाया और पूछा कि हे बाल पंडिता उस का अर्थ कहो तब बाल पंडिता बोली कि राजा उस का अर्थ मत पूंछो जो पूछोगे तो सुमंत नाम बनिक की स्त्री पद्मिनी से पश्चाताप होगा तिससे पूंछो मत तब राजा ने कहा पद्मिनी के पश्चाताप किस तरह हुआ सो कहो तब बाल पंडिता बोली हे राजन् चंद्रावती नाम नगरी थी तिसका राजा चंद्रप्रभा तिसके गांव में सुमति नाम बनियां रहता था तिस की स्त्री पद्मिनी है सो वह सेठ धन हीन हुआ और बुद्धि हीन हुआ यहां तक लकडी बेचने लगा बहुतदिन गुजरे कि ऐसा पानी एकदिन बर्षा कि लकडी न पाई सबेरे बन से फिरते २ एक मंदिर मिला देखा तो श्री गणेशजी का मंदिर है और तेलसिंदूर खूब लगा है मन विचारा कि बिभुक्षिताः किं न करोति पापं ऐसा विचार के बोला कि मूरत फाड़के आज बेचके कुछ लीजिये ऐसा मन में सोच किया कुल्हाड़ा ऊंचा किया कि इतने में श्री

गणेश जी प्रसन्न हुए और कहा कि सुमंत जो वर मांगेगा सो दूंगा तब सुमंत बोला कि दो दिन से फाके से हूं भोजन देउ तब गणेश जी ने कहा पांच रोटी और गुड़ घी इस द्वार में से ले जाया कर परंतु यह बात किसी से कहियो मत जो कहेगा तो उस दिन से न मिलेंगी यह कह पांच रोटी दीं सुमंत घर ले आया और भोजन किया ऐसे हमेशः ले आवे और भोजन करे एक दिन सुमंत की स्त्री पद्मिनी ने अपनी पड़ोसिन मंदोदरी को एक रोटी दी देख कर वह बहुत खुश हुई और एक दिन पूंछने लगी कि हे सखी यह रोटी कहां से आई है तब पद्मिनी बोली मैं नहीं जानती मेरा घरवाला हमेशः लाता है मंदोदरी ने कहा तेरा धनी कैसा प्यार करता है जो तुझे यह बात न बताई जान पड़ता है कि तू उसको प्यारी नहीं है तब बोली कि आज पूंछूंगी मंदोदरी ने कहा कि तू संसार संजोग समय हठ करके पूंछना ऐसी बातें कर घर में आई राते के समय पति सों इस तरह बोली कि आज पूंछती हूं जो तुम न कहोगे तो मेरे तुम्हारे लड़ाई होगी तब पति बोला जो तू पूंछेगी सो कहूंगा तब बोली कि यह रोटी रोज कहां से लाते हो तब बोला प्यारी यह मत पूंछ जो पूंछेगी तो पछतावेगी वह सुनकर बहुत गुस्सा हुई उसने विचारा कि कहों तो मुशकिल न कहों तो जो भवितव्यं भवित्येव होनहार अमिट है आखिर को पति बोला कि मैं एक दिन लकड़ी को गया देखा तो मूर्ति है और सेंदूर लगा है तब विचारा कि मूरत फाड़के बेचूं यह सोच कुल्हाड़ा उठाया वहीं गणेश जी प्रसन्न हुए जो वर मांगे सो दूंगा तब मैं ने कहा जीव का दान कीजिये तब बोले कि पांच रोटी हमेशः लिया कर परंतु कहेगा तो न दूंगा तब मैने कहा कि काहे को कहूंगा यह करार किया उसी दिन से मुझे रोटी देते हैं यह सुन दूसरे दिन मंदोदरी से सब वृत्तांत कहा मंदोदरी ने अपने भरतार से सब हाल कहा और

यह कहा कि तु मजाउ भरतार कुल्हाडा लेकर गणेश जी के पास ग
या और कुल्हाडा उठा कर मारने लगा तब गणेश जी बोले जो
तू कहेगा सो करूंगा इतने में वह वानिया आया और उस को
देखते ही गणेश जी ने हाथ उस का बांध कर खूब लकडे से मा
रा इस में उस की स्त्री ने देखा कि देर भई पति नहीं आया चलि
के देखूं जाकर देखा तो बंधा है तब पूछा कि किसने बांधा है तब
पति बोला कि मेरे वचन ने बंधवाया है जो मैंने तेरे आगे
कहा तब पद्मिनी ने श्रीगणेश जी की बहुत स्तुति करि के
प्रसन्न किया गणेश जी बोले कि तेरे भरतार को रोटी मिल
ती थी तूने मंदोदरी को दिई अब तेरा भरतार मुझसे रोटी लेक
र मंदोदरी को देवे तो छोडूं पद्मिनी ने कहा जो कहोगे सो करूंगी
इस सुमंत को छोडो फिर पद्मिनी बहुत पछिताई स्त्री पुरुष
और मंदोदरी का भरतार आपने घर आया तब बाल पंडिता बोली
राजा अर्थ पूछोगे तो ऐसे ही पछताओगे इस तरह प्रभावती से
शुक ने कहा कि तू भी पछतायगी यह सुन प्रभावती सो रही॥

सातवीं कथा॥ फिर सातवें दिन प्रभावती सिंगार करे पर
पुरुष से रति को चली शुक ने कहा जाती हो तो बाल पंडिता ने रा
जा को क्या उत्तर दिया वैसा जवाब आवे तो जाउ नहीं तो मत जाउ प्र
भावती बोली बाल पंडिता ने राजा को जो उत्तर दिया सो तुमही कहो
शुक बोला बैठो तो कहूं प्रभावती बैठ गई शुक कहने लगा राजा ने
बाल पंडिता को बुला के फिर पूछा मच्छ क्यों हंसा पंडिता बोली
कि राजा स्वर्ग की वेश्या का सा पश्चाताप होगा राजा ने कहा वह
बात कहो बोली कि राजा वक्र नाम नगर था तहां वीरसेन राजा
राज करता था वहां सब ब्राह्मण बसते थे उसने बिचारा कि पिता
का उपजाया धन कहां तक खायंगे इस से आप भी कुछ कमाइये

तोभि इतर है ऐसा विचार करके परदेश को चला वहां जाकर एक वन खंड देखा और वहां जोगेश्वर लोग बहुत है तिन के आगे हाथ जोडकर प्रणाम किया और खड़ा रहा इस तपसी की ताली लगी थी दोपहर के बाद जो ताली खुली देखा तो एक ब्राह्मण खडा है जोगेश्वर बोले क्यों ब्राह्मण ऐसे हो तब विप्र बोला हे तपस्वी मैं द्रव्य चाहीं नहीं मैं तो अनिथ हो आप के दरशन की अभिलाषा थी तिससे आया हूं तब तो ब्राह्मण को देख बहुत खुश हुवे और योग वढा दिया और यह कहा कि पांच सो मुहर देगा किसी से कहना मत और जो बतावेगा तो बात जाती रहेगी और मेरा मेरे पास आजायगा ऐसा कह जोग वडा दिया ब्राह्मण प्रणाम कर आगे चला रत्नापुरी में गया जहां स्वर्ग का नाम वेश्या रहती है उस वेश्या से आशनाई किया और उस के घर रहने लगा उससे भोग करे जो द्रव्य पावे उसे दिया करे सिद्ध की आज्ञा से द्रव्य का टोटा नहीं एक दिन वेश्या ने विचारा कि यह धन कहां से लाता है तब विप्र से पूछा कि तुम द्रव्य कहां से लाते हो तब उसने सब गति कही सुन के विचारा जोग वडा किसी ढब से लीजे इतना विचार अपने मन में बात रक्खी जब यह ब्राह्मण सूत गया तब कमर खोल लेलिया और प्रभात होते ही वह देखे तो जोग वडा नहीं तब तो वडा सोच किया पीछे शहर में पुकारा कि वेश्या ने मुझे लूट लिया इस तरह कहता २ राजा के द्वार पर गया और पुकारा तब राजा ने वेश्या को बुलाया वेश्या की माता बोली महाराज ब्राह्मण झूठा है इसके द्रव्य कहां से आया मेरी वेटी के ऊपर आसक्त हुवा है झूठा तूफान लगाता है योग वडा इसके पास न था यह बात निहायत वुरी है ऐसा कह ब्राह्मण को झूठा किया और जोग वडा उसी मुनीश के पास गया वेश्या के पास भी न रहा इससे हे महराज मैं सांच

कहोंगी तो ब्राह्मण और उस वेश्या की सी गति होगी जोग बडा भी गया और प्रीत भी न रही इस से वह वात जाने दे हव न कर और प्रभावती से सुक ने कहा तो सर्ग के शव की कथा कही राजा से विदा मांगी अपने घर को गई प्रभावती सुन के सो रही॥७॥

आठवीं कथा ८

आठवें दिन प्रभावती सोलहा सिंगार करके पर पुरुष के साथ रति को चली उस वक्त सुक से कहा हे सुक मैं जाती हूं तव तोता बोला श्रेष्ठ वात है परंतु वाल पंडिता ने फेर केजो राजा को उत्तर दिया सो कहो प्रभावती वोली तुम्ही कहो मैं नहीं जानती तव वोला कि राजा ने वाल पंडिता को वुलाया और यह कहा कि अर्थ वताओ तव वाल पंडिता ने एक वात और कही कि राजा एक विक्रम नाम वनियां तिस की सुंदरी नाम स्त्री थी सो वहुत व्यभिचारणी थी जैसे वह स्त्री अति भ्रष्ट भई उसी तरह होंगे जो इसका अर्थ सुनोगे फिर राजा ने कहा मछ क्यों हंसा सो कहो तव वाल पंडिता ने एक वात और कही कि राजा त्रिपुर नाम नगर था वहां का विक्रम नाम राजा था उस गांव में सुंदर नाम वनियां है उस के सुभग नाम स्त्री थी सो व्यभिचारिणी पराये पुरुष विन रहै नहीं एक दिन भरतार वजार को जाता था उस वक्त उस का गुण जाना स्त्री को वो भ घर में जर के गया जव वो गया उस वक्त घर सूना भया जिस घरी दूती आई स्त्री ने विचारा कि उस पुरुष से संकेत है तिस से मुझ को ह दिया फिर उस स्त्री ने दूती से कहा कि मैं उसके पास जाती हूं पाछे से घर में आग लगो कर आइयो यह कहि आप तो गई और दूती ने घर में आग लगा दिया और चली गई पीछे से भरतार आया जो देखे तो जरता है तव पूछा कि किसने आग लगाई है तव परोसन ने कहा तेरी स्त्री ने आग लगाई है इतनी

बात सुन कर स्त्री को त्याग दिया और वह सुभगा देवी के मंदिर में गई थी सो वाह ने तिरस्कार किया अतो भ्रष्ट हुई और बहुत पछिताई इसी तरह हे राजा अर्थ पूछ कर पछ ताओगे ॥ इतनी बात सुन प्रभावती सो रही ॥

नवीं कथा ९

फिर प्रभावती नवें दिन सिंगार करके पर पुरुष के साथ रति को चली उस वक्त शुक से बोली मैं जाती हूं तव शुक बोला अच्छी बात है परंतु बाल पंडिता ने राजा को जवाब दिया सो सुन कर जाइयो प्रभावती बोली अच्छी बात है कहो तवे शुक ने कहा कि राजा ने बाल पंडिता को बुला के कहा कि वह वार्त्ता कह तब बाल पंडिता ने बहुत समझाया परं तु राजा के मन में न आया तब पंडिता बोली जो पुष्पहांस मुंह तिसका परवार बुलावो वह हंसेगा तब उसके मुंह से फूल गिरेंगे वह बात प्रसिद्ध है तुम को मत्स्य हंसे की बात समझावेगा तब राजा ने उस को बुलाया सब कुटुंब आन हा ज़िर हुआ उस वक्त स्त्री पुरुष बहुत इकट्ठे हुए किस बात मन में आश्चर्य है कि फूल कैसे झरेंगे सो देखें तब राजा ने कहा हे बाल पंडिता पुष्पहांस हंसता क्यों नहीं तब बा लपंडिता ने कहा कि इस के मन में भय है कि मैं ने क्या अ पराध किया है कि जिस से हंसता नहीं तब राजा को बहुत दिलासा दिया और यह कहा कि महतो बाल पंडिता की ओ र देख के हंसो कि राजा अजहूं न समझे ऐसा कहके हंसा उस वक्त फूलन को ढेर हो गयो बाल पंडिता हू हंसी तब रा जा बोला बहुत क्यों हंसा तब महंता ने राजा से कहा परका छिद्र प्रगट न कीजिये। श्लोक ॥ अर्थनाशं मनस्तापं गृहे दुश्चरितानि

निच। वचनं चापिमानंच मतिमान्न प्रकाशयेत्।१। महाराज इतने में न समझो तो प्रगट कर कहता हूं कि मेरी स्त्री पर पुरुष से रमन करते देखी तिस से मुझ को बहुत हंसी आई काम लीला को देख हंसी आई देख राजा मैं हूं सो तिस को तेरी रानी को बहुत अचरज हुआ कि इस के आगे फूलों का ढेर हुआ है रानी को राजा देख फूल मारा फूल के लगते ही मूर्छा आई उस वक्त महता ब्राह्मणी की तरफ़ देखा कि यह मूर्छा नहीं आई इस को काम व्यापा है तिससे गिर पड़ी है तब महता बहुत हंसी बोली कि एक विसाला नाम नगरी तहां केराजा सुदर्शन नाम तिसके गांव में विमलनाम बनियां है सो इस को पहले भी कह आये वही है।९। दशवीं कथा १० ॥

दशवें दिन प्रभावती सिंगार करके पर पुरुष के पास रतिको चली सुक से बोली मैं जाती हूं सुक बोला अच्छी बात है परंतु सिंगार देवी कीसी बुद्धि हो तो जाइयो तो प्रभावती बोली सिंगार देवी ने कैसी बुद्धि की सो कहो सुक ने कहा राजापुर एक नगर है तिसका राजा रत्नेश्वर दैत्य नामा है मुग्ध उसके गांव में वसता था तिसकी स्त्री सिंगार देई महा व्यभिचारिणी रही एक दिन दैत्य नाम बुद्धि का बेटा लेवे को गया था उस वक्त सिंगार देवी ने सक थार को बुलाया तिस से काम क्रीड़ा करने लगी नग्न हो कर उस में पति को आते देख और यह विचारा कि या कि ऐसा किया जिस से लज्जा रहे उस वक्त नग्न हो पति के सामने नाचने लगी तब भरतार ने कहा यह क्या भया जो नाचती है तब सिंगार देवी बोली कि ऐ मूर्ख मेरे पैर में कांटा लगा है मैं भागा देवी हूं तू नहीं जानता तैने मुझे दुख दिया मैं तेरी स्त्री को मारडालंगी इतनी बात सुनते ही मल उठा लिया और भागा तिस वक्त अपने यार

से भोग कराय के उसे सिखावन दिया आप कपड़े पहर के बैठ र
ही इतने में भरतार आया स्त्री से पूछा कि देवी तू नग्न होके क्यों
नाचती थी तब बोली कि हे भरतार मुझे तो खबर नहीं कि क्या
बात हुई वह देव माया हुई इस से मैं कुछ न जानी इतनी सुन
कर भरतार की चिंता मिट गई इस तरह सिंहार देवी केसी करे
तो जाउ नहीं तो मत जाउ इतनी सुनके फिर सो रही॥

ग्यारहवीं कथा ११

फिर ग्यारहवें दिन सिंगार कर पान खाय के चली उस वक्त सु
क से बोली हे सुक मैं जाती हूं तब सुक बोला कि जो रंभा ब्राह्म
णी तरह चतुर रस आवे तो जाउ तब प्रभावती बोली कि सो कह
क्या हुआ तब सुक ने कहा कि एक भांडलीपुर नगर था
राजा भीम नाम राज करता था तहां त्रिलोक नाम एक ब्राह्मण
था तिसकी रंभा नाम स्त्री थी और व्यभिचारणी थी पर पुरुष
से प्रीत बहुत करती परंतु भरतार के भय से कोई कुछ कह न स
कता था एक दिन पानी भरने को गई तहां एक पथिक आ
वते देखा रूपवंत गुणवंत और जवान है उसे देख उसके मन
में आई कि इससे रति कीजिये उस के मन में भी आई कि रंभा सों
रति करों तब रंभा ने कहा पथिक मेरे संग आओ लेकिन कुछ
न बोलियो मत मेरे चरित्र देख उसका भी मन राखो और तेरा भी
रंभा ऐसे कहि घर ले आई उस वक्त घर के पति ने पूछा ये कौन
है तब उसने घड़ा धर बोली कि मेरी मौसी का बेटा विद्याविलास है
मुझ से मिलने को आया है तब ब्राह्मण बोला इनको बैठाओ अ
च्छी तरह से भोजन करावो स्त्री ने वैसेही करा इतने में राति
हुई त्रिलोक ब्राह्मण घर का धनी ऊपर जाकर सोता रहा और वि
द्याविलास नीचे सोता जब पहर रात गई जब रंभा विद्याविलास

के पास आई और कहा कि अपना मनोर्थ पूरा कर तब ब्राह्मण बो
ला कि तूने कहा मेरा भाई है अब कैसे करें इस में दोष लगता है इससे
नर्क गामी होता है तूही अपने मनमें विचार कर वहिन कर भोग करूं
ये बात कभी न होगी भोग न किया पर वह न मानी रंभाने कहा। श्लो०
यनोहि दुर्लभा रामा पितृभर्तृ परायणा। पितृमई मातृभूत्वा भेक्षव्या
कामनी नरैः।१। हे मूर्ख कामनी दुर्लभ है माता पिता भर्ता जिनकी
रक्षा करे सो आप से आवे और भोग न करे सो नर्क गामी होता है। श्लो०
कामनीं स्वयमायातां योन भुंक्ते नितंवनीं। सोवस्यं नरकं याति तत्र
श्वासतो नरः।१। काम पीडित स्त्री आवे और पुरुष भोग न करे
तो नर्क में जाय अरे ब्राह्मण तू बडा मूर्ख है आगे प्रद्युम्न ने माता
की वेटी से भोग किया यह तो आगे से चला आता है इससे देखे
नहीं इतना कहा पर उसके मन में न आई तब रंभा को गुस्सा आ
या और ये कहा कि देख तो मैं क्या करती हूं इतना कह चोक में आ
ई ऊंची आवाज से रोई और कहा कि देखरी परोसन मेरे भाई को
त्रिदोष हुआ जो मरजाता तो मेरे माथे अपयश होगा इससे सब
देखो इसके घर के कहेंगे कि इसने मारा होगा इतना सुनके ब्रा
ह्मण को दबक गया तब रंभा आग लेकर दीवा जलाया आगसे से
का इतने में पति आया और परोसी सब आये अरी रंभा तू काहे को
रोती है तब बोली मेरे भाई को त्रिदोष आगया है इस से रोती हूं आग से सेका
तब अच्छा हुआ है इस बात को सबों ने सच जाना फिर सब से कहा
कि तुम लोग घर जाउ अब अच्छा होगया सोता है सब को बिदा किये
अपने नाम से इस तरह एक महीना रख और अच्छी तरह भोग
कराया पाछे सब से बिदा हो कर अपने घर आया जब २ आवे
कोई पूछे नहीं इस तरह की तेरी बुद्धि हो तो जा नहीं तो मत जा यह
सुन सो रही।।२१ बारहवीं कथा १२

फिर वारहवें दिन प्रभावती सिंहार कर पर पुरुष के भोग करने को चली तब सुक से वोली हे सुक मैं जाती हूं तब सुक वोला अच्छी वात है पर भोगा कुम्हारी ने जैसा अपने भरतार को जवाव दिया वैसी करतूत है तो जाउ नहीं तो क्यों लाज गंवायो तव प्रभावती वोली उस ने कैसा उत्तर दिया सो कहो तब सुक वोला कि एक नवलग्राम है तहां नरपति नाम राजा है तहां महाघन नाम कुम्हार वसता है ताकी स्त्री का नाम भोगा है अति व्यभिचारिणी एक दिन उसका भरतार घर नहीं था उस समय एक पुरुष को वुलाय वासों रति करने लगी ताही समय भरतार आया तव वहां करी जो वाको वावल पर चढ़ाय दियो नामी वरयो वरतु डर को मारो खिसल परो और भागो वा समय पति वोलो यह कौन है स्त्री से पूंछो तव स्त्री हंसी कि आज वड़ो अचरज भयो ये जो मनुष्य है याको राजा के आदिमी पकरने को आये थे तव ये भागो कछु न वनी तव अपने घर में आय छिपो इतने में तुम आये उन जानो वेई आये तव वावल पै चढ़ो हलवलाय के कपड़ा हू न पहर सको ता सों मोकूं हंसी आई तव कुम्हार वोलो तूं साँची है सुक वोले ऐसो जवाव तुरत आवे तो जाउ इतनी सुन प्रभावती सो रही १२

तेरहवीं कथा

अब तेरहें दिन प्रभावती कामक्रीडा को चली और सुक सों कही हे सुक मैं जाती हूं सुक वोला अच्छा परंतु निरतक ब्राह्मण कीसी वुद्धि उपजे तो जाउ नहीं तो मत जाउ तव प्रभावती वोली सो कहो तवसुक वोले कि विपावंत नाम राजा हतो तहां राव ब्राह्मण नामकामी हतो एक दिन तलाव गयो तहां एक रूपवंत वनी ती देखी वासों कह्यो मोसों रति कर तव वाने नाहीं की तथापि पीछे गयो वारीत स्त्री का घड़ा उठाइवे को पास गयो वा समय कुच मर्दन कि

यो अवुधन कियो वडी वार ताई ताही समय वानियां आय गयो देखा तो कही ये काम अछो नहीं है खवर परैगी मैं दरवार में पुकारेंगो तदनो ब्राह्मण डरो और अपने आसन पास गयो वितर्क नाम ब्राह्मण सों कहो जो मैं कुकर्म करता वने नीसे उस का धनी आया उनकही राजा के आगे जाय पुकारोंगे तासों तुम्हें पूंछता हूं कि मैं कहा करों तव वितर्क कही कि हां हां कहियो और वच २ कहियो यह वात सिखाई ताही समय राजा के आदमी आये पकर ले गये जव वहां गयो तव सव पूंछो तो हां हां करो फिर वच २ करने लगो तव सव ने कहा कि यह वावरो है याको सुभाव यही है तासों कछु मत कहो जो ऐसो मन आवे तो जाउ इतने सुन प्रभावती सो रही॥ चोधवी कथा १४

फिर १४ वें दिन प्रभावती सिंगार कर रति करने चली तव सुक बोला जाती तो हो परंतु जा रीआवे तो जाउ जैसे वल्लभा ने साहस करा तव प्रभावती बोली क्या साहस किया सो वताओ सुक ने कहा एक प्रतिष्ठा नाम एर तहां का राजा देवपाल तहां सुभकरन नाम वानियां तिस की स्त्री वल्लभा थी एक दिन सुभकरन स्नान को वैठो ताही समय वल्लभा एवार सों संकेत कहती तव पति सों चतुराई सों बोली जल नहीं है नहायगो काहे सेक हो तो तलाव सों भर लाऊं तव पति वोलो अच्छी वात है इतने में वल्लभा चली सो संकेत अर्थ लगाई जासों मनोर्थ हतो सो पूरो कियो तामें पहर एक लग्यो इसने विचारी जो मैं अव जाऊंगी तो कहेगो तू कहा रही तव कहा उत्तर देउंगी तासों यह विचारी जो वहुत आदमी पानी भरते हों तहां चालिये विचार कर वहां गई देखे तो वहुत भीर है उहां भरने लगी ताही समय गिर पडी इतने में सुभकरन को कहने लगे कि तेरी स्त्री

गोहर में गिर पडी है तब तो रिस मिट गई है वहां को चला देखे तो सोंच है तब निकार के पूछा कि कैसे गिरी वल्लभा बोली जो मो को लाज बहुत थी यहां भीड हवी तासों गिर पडी याते यह सकल गो सुनके घर ले आयो हे प्रभावती ऐसो साहस होय तो जाउ इतनी बात सुन सो रही॥

पंद्रहवी कथा १५

फिर १५ वें दिन प्रभावती सिंगार करे पर पुरुष के पास रवि को चली तब सुक से बोली हे सुक मैं जावी हूं सुक बोला अच्छा पर सिंगारदे पाणी सी मति उपजे तो जाउ तब सुनकर प्रभावती बोली कहो तब सुक बोला एक नागपुर नाम नगर है ताको राजा नरसिंह महतो ताके गाव में धनपाल बनिया है ताको वधू सिंगारी नाम है बडो चतुर परंतु धनी मूर्ख था ओर पुरुषन को बुलाय रति करे परंतु पति न जाने एक दिन अपने पति को जिमावत हती सो समय आयो जानो तब बारी में सो झांकी ताही समै नेत्र सो समस्या कोकि तू चल मैं आई यह कह ताही समय बुद्धि उपजाई जो पांव सों घी डारि दियो सब गिर गयो ता समय देखि पति बोलो जोरू चोंके घाउ जो तो ले आइयो ता समै घी के मिस चली गई वासे नीके प्रकार रति कियो पहर एक बीतो तब मन में विचारी कि पति रिस करेगो तब बुद्धि विचारि के चोहट में वेरी गोदी में धूर बहुत भरी ता में घीव डारि दियो और रोवत चली आवत ही देखी तो भरतार बहुत कोप कियो इतने में जो देखे तो स्त्री रोती आई है तब तो रिस उतरि गई और पूछा तू क्यों रोवती है और तेरी गोद में क्यों धूर भरी है तब स्त्री कहने लगी जो तुम ने कहो सो वगले आवती सो दोरी गई जाके सौदा लिया लेकर चली ताही समय ठोकर लगी सब गिर धूरे में मिल गयो जब उठावन लगी तासों देर लगी जब न उठो तब ले सब समेट लाई यह बात सुनि रिस दूर भई तासों प्रभावती

जो ऐसी बुद्धि उपजे तो जाउ नहीं मत जाउ इतना सुन प्रभावती सोर ही ॥१५॥

सोरहवीं कथा १६

फिर सोरहवें दिन प्रभावती सिंगार कर पर पुरुषसों रति को चली ता समय सुकसों पूछी हे सुक मैं रति को जाती हूं तब सुक बोला कि अच्छी बात है परन्तु रुक्मनी कीसी बुद्धि उपजे तो जाउ तब प्रभावती बोली कैसी बुद्धि उपजी सो कहे तब सुक बोला एक बिसला नाम नगरी विजै सेन राजा राज करता था तिस के गांव में धर्मदास सेठ वसता है ताकी स्त्री रुक्मनी भरतार सों कपट कर अति नेह राखे जो वो जाने पति व्रता है अपने धर्म में सावधान है एक समय भरतार परदेश को गयो पाछे वसंत ऋतु आई कामोद्दीपन भयो ता समय दूती को बुलायो और कहा मैं रति करना चाहती हूं कोई पुरुष ले आ अच्छा तब दूती कही अच्छी बात है यह कहे किसी पुरुष को ले आई वह बड़त चतुर थी देखकर बड़त खुश हुई सनेह कीनो वह नित्य आवे रति करे बड़त प्रसन्न रहे एक दिन मित्र सों लड़ाई भई गुस्सा भई ताही समय रुक्मनी की चोटी काट लई फेर जात रहो ताही दिन भरतार आयो तब पूछो कहो राजी हो इहां बैठो तब कही जो न्हाइ आऊं पूजा कर आऊं तब बैठोंगी ऐसा कह पूजा को घड़ी २ लगाई पास आई भरतार सों मिली तब भरतार पूछो जो चोटी कहां तब स्त्री बोली जो तुम परदेश गये थे सो देवी को मानो जो मेरा पति जा दिन आवेगा ता दिन तेरी पूजा करौंगी सो पूजा कर चोटी चढ़ाई तब तुमसों मिली भरतार खुश भयो जो ऐसी पतिव्रता है और मोको बड़त चाहत है ताते प्रभावती ऐसी बुद्धि उपजे तो जाउ नहीं तो मत जाउ इतनी कथा सुन प्रभावती सोरही।

सत्तरहवीं कथा १७

सत्तरहवें दिन फिर प्रभावती सिंगार करके भोग को चली तासमें शुकसों बोली हे शुक मैं रति को जाती हूं तव शुक बोला अच्छीवात परंतु साहवदे को नेवर उतार लियो तव वुद्धिकरी फेर लियो जो है सो वुद्धि हो तो जाउ तव प्रभावती बोली कि केसी कीसे कहो तव शुक बोलो एक विसाल नाम नगरीथी तहां विजय सेन राज करते हतो वहां समरत नाम वानियां वसत हे ताकी स्त्री जयंती ताको पुत्र गुणाकर नाम वड़ा चतुर प्रवीण हे निसंक काहू को संका नहीं सव घर के जानें पर पुरुष सों रति करे एक दिन पर पुरुष सें रति करती हती ता समय ससुरो जाय पांव को जेवर उतार लियो साहवदे जानी जो ससुरो उतार लेगयो तव आप सांची होने के लिये भरतार पास आई सोई रुरुकोर के जगायो तव उठो तव वोली मैं तुम सों क्या कहूं परंतु कहो चाहिये जो तुम्हारा वाप जेवर उतार लेगया मैं तुम्हारे पास सोती थी यह वात सुन के क्रोध भयो जो वहू सों ऐसी हंसी क्या यह तो वात लाज की थी तव जाय आपने वाप सों कही जो तुम को ऐसी न चाहिये जो वहू के पांव को जेवर उतार लियो लाज नहीं आई तव पिता सुन लज्जित भयो और यह कहो जो यह वात काहू सों कहियो मती मैं चूको इतनी कह के वर दियो वेटा ले गयो वहू को दियो और कही काहू सों कहियो मत देखो ऐसी निर्लज्ज ससुर को लाज आई परंतु वहू को लाज न आई जासें प्रभावती जो ऐसी वुद्धि उपजे तो जाउ इतनो सुन सोरही॥

अठारहवीं कथा १८

फिर अठारहवें दिन प्रभावती सिंगार कर पर पुरुष के पास चली और शुकसों पूंछी मैं जाती हूं तव शुक बोलो वहुत अच्छहे परंतु सगा विगारी की सो वुद्धि उपजे तो जाउ तव प्रभावती बोली केसे सो कहो तव शुक बोलो विशाल नाम नगरी विस्नु सेन राज करता था

तिसके गांव में वल्लभ वानियां रहता था तिसकी स्त्री सुगंधिका महा व्यभिचारिणी थी चौहटे में रहे उसे सब कोई जाने काहू के सारे नहीं रखी देवस पुरुष सों रति करे काहू को कहो माने नहीं सदा वाहर सोवे सब ने कहा पर माना नहीं तब सब मिल राजा पै पुकारे कि हमारी बहू मानती नहीं तब राजा को हुक्म भयो जो कोई रात्री को वाहरे रहेगा सो राजा का सजावार होगा यह नगर में डौंडी फेरी सुगंधिका तो सदा वाहर रहे जब यह बात सुनी तब तो रात्रि घी४ पांच ताईं रही यार से मिलाप करि याके आई तो पति ने किवार देलिये बहुतेरा पुकारी परंतु कोई बोलो नहीं तब उसने बुद्धि उपजाई जो तुम नहीं खोलते तो मैं पडुंगी ऐसी कह एक वडा सा पत्थर लेइके कुए में डारा बुनिया के भरता ने धमका सुना कि कुए में परी यह सुन किवार खोला वाहर निकस कुवा देखने लगो ताही समय सुगंधिका घर में बैठी किवार दे लिये और सोर ही तब भरतार पुकारो कि किवाड खोल बोली नहीं खोलूंगी बहुत वार ताईं पुकारो तब यह कही जो आज पीछे मेरो नाम लेय नहीं तो खोलूं तब भरतार बोलो कि नाम नहीं लेउंगा हाथ जोड पांव पड़ा वचन दिया तब घर में आवन दिया तासों प्रभावती ऐसी बुद्धि उपजे तो जाउ इतनी सुन सो रही ॥

उन्नीसवीं कथा १९

फिर उन्नीसवें दिन प्रभावती सिंगार कर पर पुरुष से भोग करने को चली शुक सों पूछी हे शुक मैं जाती हूं तब सुक कही जो तेरे मन में आवे सो कर शास्त्र तो यह कहता है। श्लो० दृष्टिपूतन्यसेत्पादं वस्त्रपूतपिवेज्जलं। सत्यपूतवदेत् वाक्यं मनःपूतं समाचरेत ।१। जो मन में आवे सो करो परंतु गुनाढ्य नामा ब्राह्मण मन की सी जान्यों कियो तैसे तुम हू करो यह सुन प्रभावती कही

सो कहो तब शुक बोलो हे प्रभावती एक विशाला नाम नगर विज यसेन राजा राज करता था वहां जाऊक ब्राह्मण ताकी स्त्री सरूपा थी ताको छुराकर माता पिता को छोडकर परदेश गयो जयंती नगरी में जाय पहुंचो बनजारा को रूप धर लियो जो मैले वस्त्र एक थैला में खांड लगाई शहर में फिरने लग्यो तब लोगों ने जाना कि बनजारा है तहां एक मदन वेश्या है ताकी दासी ने पूछा तू कहां से आया वह बोला मैं बनजारा हूं खांड बेचने को भाव पूंछत हों राजा सों मिलोंगे जगात देखें तब तो दासी जानो जो धनपात्र है ये जान आदर कियो और घर में राखो वहीं रहो वेश्या जानो धाना ढ्यहे यासों द्रव्य लीजिये यह जान सनेह कीनो रात को संग सोई पहर एक रात रही तब वाको जेवर रुपये २००७ को उतार लियो और भागो देश को गयो जब सबेरो भयो मदना वेश्या जागी देखे तो खांड को थैलो हो वह नहीं है और गले को जेवर नहीं है बहुत सोच कियो पछताय बैठ रही जो ऐसी बुद्धि हो तो जाउ नहीं तो मत जाउ इतनी सुन सो रही।

बीसवीं कथा २०

फिर बीसवें दिन प्रभावती पर पुरुष सों रति करने चली ता समय शुक सों पूछी हे शुक मैं जाती हूं शुक ने कहा अच्छा परंतु गोभिल्ल वीसावो केसी बुद्धि हो तो जाउ बोली सो कहो तब शुक जी बोले एक परमवती नगरी है वहां का राजा पुरुषोतम उसके गांव में दरिद्र बनिया चोरी को पैठो वहां देखा तब गजी वांसफिरत है कछु न मिला केवल चार सेर सरसों पाई ता समय धनी जागो पुकारो ताही समय राजा के सिपाही आये चोर पकरो पास निकसी राजा के पास गये सब जगह कहत फिरे जो चोरी करेगा ऐसी गति होगी तब गोभिल नांच २ हंस २

कहा मैं न मरोंगो मेरी रक्षा वडी भई तव राजा सुन अचर
ज मानोजे मरे क्यों नहीं तव राजा ने पूछा तू कोंन मरेगा
पराये धन मूसा तू मारा जारा जाइगा तव यह वोला मह
राज तेरा व्याह भयो तव पांच सेर सरसों वांधी थी अव पां
च सेर भई तासों वडी रक्षा है तव राजा वोलो यह चोर
नहीं चली है याको छोड देउ राजा की आज्ञा से छोड़ दिया प्र
भावती जो ऐसी वुद्धि उपजे तो जाउ इतनी सुन सो रही॥

२१ वीं कथा

फिर २१ वें दिन प्रभावतीं सिंगार कर रति को चली तव सुक वोला
जो जावो तो खोचा वनिये की सी वुद्धि उपजे तो जाउ नहीं तो म
तेजा प्रभावती वोली सो कहो तव सुक कहने लगा एक करह
र नाम नगर है गुणप्रिय राजा है तां गांव में सोज वनिया वाकी
स्त्री कतिका है पतिव्रता है परंतु वाकर परोसन महा गरीव है
परंतु साडा के मन में नहीं तासों कहे वनें नहीं एक दिन सो ढायना
की सेवा को गयो ता समय परोसन गई किसी से आगन कीनो
ता समय स्त्री ने वुद्धि विचारी कि कुछ इनको दीजिये वोली कि
भाई यो निठाई वाड़ अरु मोहर दो लेउ पर एक काम हमारो क
रो सहर में ऐसे पुकार के कहो एक वेल चरत है ई को कोई धनी हो
य सो लेजाय इतनी वात कहु आवो तुमारा गुन मानेंगे इतनी सु
न जाय पुकारो ताही समय सोढा की स्त्री सुनी मन में चिंता कीनी
जो वडो अनर्थ भयो विचारी जो यक्ष के मंदिर में से वरू की परोस
न कर्म सोंपरो यह जानि वुद्धि उपाई अपनी नंद की मतई जगा
य साथ लीनो और लरका गोद में लियो सव कहे जो कहां जाती है
तव वोली यक्ष की पूजा के लिये जाती है सवने कहो अच्छो का
ले है जाउ ताही समय दोऊ जनी यक्ष के मंदिर में गई।

वहां देखे राजा की चौकी है तव भीतर जान लगी तव चौकी
र वोले राजा के चौर या में हैं तू जाय मत तो वो ली उन सें मे
रो काम नहीं में अकेली पूजा कर आवेंगी तव चौकी दार
हो आछे जाव करो तव कहो भलो है। इतनी कह ननंद को
लड़का देगई देखे तो परोसन वैठी है तव अपने कमरा वाको
दियें वाके आप पहर वाको वाहर काढ़ स्त्री पुरुष वहां
व घर आये सवेरे राजा को खवर भई जो मन्दिर में घिरे
लावो तो कोतवाल गयो देखे तो स्त्री पुरुष हैं
उपजी यह क्या वहुत कायल भयो सीख दे अपने घर गयो।
तासों प्रभावती ऐसी बुद्धि उपजे तो जाउ ये सुन सो रही २१

बाईसवीं कथा का प्रारंभः २२

वाईसवें दिन प्रभावती वोली कि हे शुक में जाती हूं तव शुक वोले
एक नटनी को सो जवाव आवे तो जाउ तव वोली कैसे शुकने
कही समर समर मती के तट पर शंख पुर नाम नगर है वहां सु
दर्शन वहां का राजा है तहां सुरादय नट रहे ताको स्त्री कोलिका
गरीव रहे ताके मित्र सुंदू करण ब्राह्मण नदी के तट वाको घर
है महा देव को पुजारी रहे एक दिन परोसन के संग पानी को
गई पाते पाछे देखने को चलो। तव कोलिका परोसन से क
ही जो पार जाउ यार है वासों भोग कर आऊं तुम घर जाउ
ऐसा कह घड़ा पै चढ़ तिरती २ पार गई वासो कोलि कर प्रसन्न
कियो पाछे घर आई आते ही देखो पाते परोसन के
सों खड़ो है अव आंखन संज्ञा सों वताई तव कोलिका सों
वोली कोलिका तू अच्छी वात कीनी शिव के दर्शन
पाते की उमर वढी मोको वहुत चिन्ता थी पांच दिन
ताई जाइ तो वृद्धि पावे तव कोलिका वोली जो पाते जी वेतो

१० दिन जाऊंगी तब ये बात पति ने सुनी प्रसन्न भयो जो मेरी
री स्त्री पतिव्रता है ये जाने जो जाउहै प्रभावती सुनसोरही

तेईसवीं कथा २३

फिर तेईसवें दिन प्रभावती राति को चली सुक से कहा हेसु
क मैं जाती हूं आछो मंदोदरी केसी बुद्धि उपजे तो जाउ बो
ली कहो सो कथा तब सुकनो कही एक प्रतिष्ठा नगर है तहा
हेम प्रभा राजा है तहां यशोधन सेठहै ताके मोहनी स्त्री ता
की बेटी मन्दोदरी सो कांति नगरी व्याही है। शिव वत्स सेठसे
एक दिन सेठ सासरे आयो कोई दिन ससुरार में रक्खो स्त्री
के गर्भ रहो पांच मास को भयो एक दिन मन में आई कि
मोर भक्षण कहो एक दिन राजा मोरे को खाई बेरी चुगाइ
र बुलायो पकड़ मारके कबाब कर खायो जब ध्यान को स
मय भयो तब राजा को बेटो बोला मेरा मोर कहां आदमी
देखत फिरे पायो नहीं कुंवर ने डोंडी फिराई कि जिसने मोर
लिया सो राजा का गुनहगार है यह पता बतावेगा ताको
लाख टका इनाम इतनी दूती बुलाई तब कुंभिका दूती हजू
र में आई तब हुक्म भयो मोर का पता दे तब दूती कहा आ
ठ दिन में पता दूंगी यह कह सलाम कर घर आई विचारी
मालन का भेष कर तलाश करूं फूल ले घर २ फिरने ल
गी फिरते २ श्री वत्स के घर आई मन्दोदरी बेटी थी जहां जा फूल
धर सनेह करने लगी मन की बात पूंछी सब सोः कही जो धूर्त के ल
क्षण हैं श्लो० मुखं पद्म दलाकारं वाचा चंदन शीतलं हृदय कर्तरी
युक्तं त्रिविधं धूर्त लक्षणं १ सो तासों पूंछी तेरो मन काहे पै है सो लाउं धौर
मांस में चित है सो कहो ऐसे कह श्लो० कहा एण: कुरंगो शशीन: तितरोला
भैतल मूर्सिभिकौरमावमेशमासगुणधिका १ इतने जो कहो सो लाऊं मन्दोदरी

बोली मोको नाहीं चाहिये तू काहे को खाइ मन्दोदरी बोली मोरको
खाया है दूती बोली मोर कहां पायो मन्दोदरी बोली राजा को मोरखा
यो मार खायो ये सुनके कुटनी राजा पै गई महाराज मैं पतास
ई हूं यह सुन राजा बोला वृतांत कहो कुटनी बोली यशोधर सेठकी
बेटी वाने मोर खायो ये सुन राजा के मन नहीं आई वासों ऐसो का
म नहीं य तू झूठी है मन्दोदरी मेरे सामने कहे तो जानूं दूती बोली सा
मुने कहाय दूंगी ये पिटारी में राजा को लेगई मन्दोदरी के आगे धरी
और ये कही मैं तीर्थ को जाती हूं यामें मेरो माल है तुम धरि राखो यह
कह मजूषा के सिर पर हाथ फेरा कहने लगी तूने मोर कैसे खायो सो म
न्दोदरी सब हकीकत कुटनी बोली मजूषा सुनो तब मन्दोदरी जानी य
में कुछ है तब कहा अरी तूने सांच जानी मैंने सुपने की बात कही
ऐसो देखो तब जागी इतनो सुन कुटनी को मन बिगर गयो मजूषा
को लेके निकरी राजा के घर आई राजा गुस्से हो कुटनी के नाक का
न काटलिये इतन बुद्धि उपजे तो हे प्रभावती जाउ इतनी सुन सो रही
चौवीस्वी कथा २४॥ फिर चोवीसवें दिन रात को चली शुक से पूछा मैं
जाती हूं शुक बोला अच्छी बात परंतु मीडिका सो उत्तर आवे तो जा
उ तब बोली समझा के कहो शुक बोला उमिला गांव में दानसील
राजा है तामे सोमदास कर सुनी है ताकी स्त्री मीडिका सो मह
ग़रीब राह चले एक दिन सोमदास खेत गयो वाके खाने को भात
रोटी ले चली सो राह में सूरपाल यार मिलो वासों भोग कर
ने लगी रोटी भात धरन लागी मन में विचारी कउवा लेजाइ तासों
ऊंची टांगि राखी इतने में मूलदेव मणवादी आयो रूख सो भात उ
ठायो और ऊंट के मेंगन भरदिये रात होचुकी तब देखी नहीं वैसी ग
पति के आगे राखो जो पति देखे तो ऊंट के मेंगन हैं पति बोला
कहा तब मीडिका बोली रात में सुपना देखो सो तुमको भाखो नहीं तास

ऊंट का लेंडा लाई इनके खाने से कष्ट मिटेगा इतना सुनलेंडा खाये स्त्री को सती जाना जो इतनी बुद्धि हो तौ जाउ इतनी सुन सोरही

पच्चीसवीं कथा २५

फिर २५वें दिन प्रभावती बोली हे सुक मैं जाती हूं राति को सुक ने कहा अच्छा परन्तु धूर्त कुटनी कैसी बुद्धि उपजे तौ जाउ प्रभावती सो कहो शुकेनोक्तं चंपापुर नाम नगर है सुदर्शन राजा हैं चंगा र सुंदरी सखी राम चन्द्र प्रधान चन्द्रसेन साहु प्रभावती भार्या ता को राम सिंह वर्ष को वेटा था तहां कुटनी वाश में रहे हरामजा दी है ताको साहु बुलायो कहो तुम्हें हजार मुहर देवेंगे जो मेरे वे टा को विचक्षण करदे तो खुश करों यह सुन कुटनी बोली शाहजी तेरे बेटा को ऐसी पढ़ाऊं जो हारे नाहि ये कह जो हर मुहर लीनी औ र बेटा को लीनी अपने घर गई वर्ष राखे अपनी कला सिखाई प्रवी न किया पिता को सौंपो पिताने प्रवीन जान संगल दीप व्यौहार को भेजो वो गयो वहां कलावती वेश्या हती वाके घर एक वर्ष रहा बद्ध चतुर त भयो तव एक दिन राम सिंह वेश्या से कही ऐसी वेश्या कोई नहीं जो के मुझे वस करे तूने वस कीनो ये सुन कलावती अपनी मांसे कहा जो ऐसा कहत परंतु महा धूर्त है वस नहीं यासे कोई तरह द्रव्य ली जै। ये अपने घर जाइगो या सो प्रपंच कीजे जव ये जाय तव तू कहिये मैं भी चलूंगी और नहीं तो प्राण जायगा ऐसे विचार कीजो इतने में राम सिंह आयो और कहा मैं अपने देश को जाता हूं ऐसुन रोवनल गी मोको भी ले चल नहीं तो प्राण त्यागन करेंगी यह विचार कीनो वाकी महतारी आई यों कही तू काहे को करत है ताही समय रामसिंह विचारे कि याने विचारी है सो करेगी तासों द्रव्य का लालच छोड़ दीजे इ त्यादि अपने घर गयो पुत्र को देख पिता बोलो खेद मत कर अच्छी है ऐसा कह पुत्र को धीरज दयो तव पुत्र संगल दीप की बात कही तब पिता पुत्र को समझाय

पाछे कुटनी को बुलाया वो: कि मेरा पुत्र संगलदीप को गया था सारा द्रव्य दे आया भला पढ़ायो सो हमारी वने सुफली क्व कुटनी बोली मेरे संग पुत्र पठायो देखो कैसे काम कर आऊं कलावती लीनो सो द्रव्य लाऊं इव नी कह संगलदीप को सिधारी तहां कुटनी चांडाली को भेष कियो पहले रामसिंह को समझाये एक दिन रामसिंह कलावती के बैठो हो कुटनी चांडाली को भेष धरवे वेश्या के घर गई देखो तो वो वेश्या पलंग पर बैठी है देखते ही आगे आई ठाढी भई और बोली शाह के बेटे मेंने अब तोको पायो तू बडो चोर है मेरा द्रव्य चुराया खवर में राजा सों पुकारूंगी दोऊन बंधाऊंगी ये कही पूंछो वेश्या तू कौन है रामसिंह बोले मेरी माता है याको मूस केलाओ तो को दिया ये कही तव कुटनी को भीतर बैठायो वाके पायन परी वाही समय कुटनी ने लात दीनी तबतो हाथ जोडे और कही द्रव्य देतो छोड़ं वाने द्रव्य दीनी लेकर घर आये बेटा और द्रव्य शाह को सोंपी जो ऐसा जवाब आवे तो जाउ दूतनी सुन प्रभावती सो रही २६॥

सताईसवीं कथा प्रारंभः २७

फिर सताइसवें दिन प्रभावती रात को चली शुक सों बोली मैं जाती हूं शुक बोला आछो परन्तु सोरठों कैसी बुद्धि उपजे तो जाउ तब कहो कहो कैसे तब तोता बोला शंख पुर नगर है तहां सोमेश्वर राज करता है तहां धन सेठ ताकी स्त्री सोहनी अति चंचल है कोई नगर में छोडो नहीं परन्तु दिया हित ब्राह्मण सों नित्य क्रीडा करनी तब पति ने क्या किया अकेला छोडा नहीं तब सोहनी ने दूती को काहे पठायो मित्रसें ये कहियो कि तू आइयो रातको क्रीडा करेंगे एक दिन ब्राह्मण रात को गया देखे तो स्त्री पुरुष सोते है तो कहा काम कियो एक ओर पति दूसरी ओर आप जा सोयो तासमय पति छाती पर आप हाथ धरके देखे तो दूसरो

हाथ है हाथ पकर चोर कर पुकारो और कही दीवा करो स्त्री बोली मोकूं डर लगता है और तू हाथ को पकडी वो तो भाग गयो पति दीवा ले आया देखो तो पड़ा को हाथ है तदखिसियानी हो सोहनी बोली स्वामी यहां चोर नही तुमको भ्रम भयो वात बनाय दीना पति चुप रहो ऐसी माति हो तौ जाउ इतन वात सुन सो रही॥२७

अट्ठाईसवीं कथा २८॥

फिर अट्ठाइसवें दिन प्रभावती सुकसो वोली में रति करने जावी हूं सुक वोला अेष वात हे परंतु देवकी कासा उत्तर देउतो जाउ तव वोली कैसे भई तव सुक वोला कुसुम नाम पाढ कुंवर पाल राजा है असकरन कुनवी मूर्ख है ताकी स्त्री वड्डत गरीव प्रजा करण ब्राह्मण से आसक्त एक दिन सवने कुनवी से कही तेरी स्त्री ब्राह्मणसे है सुन संकेत रूष पे चढ वायो देखने लगी देवकी अभा दोउ रमण करत हैं दुष्टजान ऐसा कर्म करता है देवकी ब्राह्मण को छोड़ नहीं तो वड्डत क्रोध भयो रूष से उतरो तो पति को देख वार भागो तव देवकी वोली जो पति क्या है जो तेरे देख रातकर गयो अकार छुडावा नहीं तो पति वोला में तो न देखो स्त्री कही या में भूत है जो मोसों कुकर्म कीनो पति वोलो मोसों लडे तो भूल नहीं तो रूष स्त्री वोली में रूष पर चढती हूं यह कह रूष चढी पुकारी लो या में देव है जो समझलो तो पुकार के कहो तो ब्राह्मण भूत को रूप धर कुनवी को पछाड़ा ऊपर से वोली यही मेसों भोग कियो यो सुनते ही ब्राह्मण वो भाग गया स्त्री उतर आई पति वोलो जो सांची है ये कह घर सोहे प्रभावती ऐसी वुद्धि हो तो जाउ इतना सुन सो रही २९

तीसवी कथा ३०॥

तीसवें दिन प्रभावती रति को चली शुक से कहा जाती हूं शुक बोलो मंगल अस्तु मूल देव मंत्र वादी उत्तर आवे तौ जाउ बोली कहो शुक बोलो एक समान है तामें भूत दौरत हैं एक कर दूसरो उतार दोउन में झगरा परो दोऊ आपस में यह कहें जो अपनी अपनी स्त्री की अच्छी करतहै कोई तामें नहो तास मध मूलदेव मंत्र वाही आयो तासों दोऊ बोले हमारा झगड़ा तुम चुकावो मूल देव बोला तुम्हारा झगड़ा क्या है तब कहा स्त्री कौनकी अच्छी तब विचारी सांची कहूंगो तो खायगो तासों मनमे विचारी और ये कही जाको स्त्री प्यारी वाकी स्त्री प्यारी अच्छी है तब दोऊ राजी भये तब सो ऐसी बुद्धि होजाउ सुन सो रही॥३०॥

इकतीसवीं कथा ३१

फिर इकतीसवें दिन प्रभावती रति को चली शुक बोले जाउ परंतु सुबुद्धि काग की सी मति हो जाउ तब बोली कहो शुक बोला मगध देश में पंचक वन वहां अनेक दिन तो चंपा के रुष पर बुद्धि काग और वाके तरे चित्राग हिरन रहे दोनों में प्रीति थी वहां हिरन को काहु स्यार ने रुष्ट पुष्ट देख अपने मनमें विचार किया यासों प्रीति करों तो याको मास खैबे को मिले यह विचार हिरन के पास आ बोला मित्र तुम कुशल रहते हो मृग कही भाई तू कौन है वाने कही हों क्षुद्रबुद्धि स्यार हूं या वन में मित्र कर हीन हों निरबंधु अकेला वस तहों आज तिहारो दरशपायो मेरे जी में जी आओ अब तिहारे पायन तरे रहिहों संग लगो सांझ भई तब सुरंगो अपने आश्रम को चलो आयो साथ भयो निदान चले २ यहां आये जहां मित्र जाको काग है स्यार को काग ने देखा मित्र यह कौन है मिर्ग कही ये स्यार है और मोसो मित्रताई करतहे काग कही परदेशी से मीत न कीजे कही

है जाको सील सुभाव है आश्रम न जानिये तासों प्रीति न कीजि
ये और नीति तो यों है कि अपने घरमें वास न दीजे ये वातसुन
स्यार क्रोधभयो बोलो मित्रजा दिन हिरन से मित्रताई करीवा
दिन तिहारो कुलसुभाव कहा जानत हो जो मिलवैठो ताते अपनोप
रायो कहनो मूरखन को काम है पंडितन कोतो सब अपने ही है
जैसे मृग हमारो मित्र तैसेई तुम और भलो बुरो व्यवहारही से जाना
जाता है मृग कही मित्र विवाद क्यों करत हो जिते दिन रहे तितेई दि
नसही अपनी२ चिन्ता सब उदर की करत है ऐसी भांति वहां रहन ल
गो एकादिन स्यार ने कहा भाई मृग हमतेरे लिये जौ का खेत देख
आये हैं सो मेरे साथ चलियो सो गयो चरने लगो रोज ऐसे जाय
चरे एक दिन खेत के रखवारे ने हिरन को देख फंद रोप्यो जो चर
न को गयो फंद में परो कहो अव मित्र विन कोन निकारे है स्यार
फांसी देख खुशी भयो मेरे कपट को फल आन मिलो रखवारो मां
स लेगो हाड़ फेंके गो हाड़न को हम खावेंगे ये खुशी मृग ने
जानी मेरे दुखसे व्याकुल है पर यह न जानी कपटी है और स्या
र को दृष्टि देख मृग कहो तू नाहक फडफडात है और ऊवा सो ऊ च
जाल तो तांत का है और आठ दिन को उपवास है सो रांल से के सव
रे और व्रत होतो चिंता नहीं बहुत विचार किये इतने में रात विती
त भई और वहां सुबुद्धि काग जागो मृग को देखा नहीं रात को न
हीं आयो अब कहीं देखो यह कह चलो आगे देखे जाल में फं
सो है काग कही मित्र यह क्या है सुना है तू मेंतेरो कहो न मा
नो ताको फल है काग कही तेरा मित्र कहां है मृग कही वो मे
रे मांस का लोभी यहीं होगा काग कही आपने सो साध
सुभाव सब ही को जाने दुष्ट जात का यही सुभाव है जो वातें क
रे भलाई की वा दबुराई करे हितकी रीत सों प्रीति न करें क

पट कारी कुमारग वतावें अवसर पाय घात करें जैसे माछूर पीठ पाछे पीठ आय कान सूं लाग समय पाय डंक मारे तैसे ही दुष्ट मनुष्य ताते में कहत हों वैरी को विश्वास कवहू न कीजे ऐसी वात सुन मृग ठंडी सांस ले वोलो जो झूठी वात कहें और कोवु री करत हैं तिनको भार पृथ्वी कैसे सहत है ऐसे वतलाते थे तो तों रखवारो आव देखो कागने कहा मृतक होरह जव में पुकारो त व भागियो यह सुन वैसाही किया रखवारो मृग को देख वोले यह तो मर रहो याको कहा मारें आगे परो जान वंधन खोल उठावे त्योंहीं काग वोलो मृग भागो तव रखवारे ने ख्याल कर ल करी मारी सो [illegible] मूड में लगी लाग नहीं स्यार प्रमात मरो और ठौर कहा है कि तीन दिन तीन रात तीन मास तीन वर्ष में पुन्य पाप का फल मिला है ऐसी बुद्धि हो तो जाउ इतना सुन सो रही॥

वतीसवीं कहानी ३२

फिर वतीसवें दिन प्रभावती ने सुक सों कही मैं जाती हूं सुक वो लो अच्छी वात है परंतु धूर्त कैसी बुद्धि हो तो जाउ वोली कहो सुक वोले जो पिंगल नाम एक सिंह वन में रहिता है महदुष्ट है वहुत जीव नाश करता है ऐसे वहुत दिन जव भये वहां के जीव सव दुखी भये सव हाथ जोड विनती कर वोले महार ज तुम हमारे राजा हो हम वहुत दुखी हैं तासो एक जीव नित लीजे और सव की रक्षा कीजे सिंह ने मानी सव सुखी भये नि त्य अपनी वारी से जाय सिंह खुशी भयो एक ससा को औसर आयो स साने मन में विचारो याको वध कीजे ऐसे विचार सवरो दिन वित यो जव सांझ भई तव वो गयो जो देखे तो सिंह वहुत भूखो है वासों क्रोध करो ता समय ससा आगे जायके खड़ो भयो तव सिंह वोलो देर कहे लगाई तव वोलो महाराज मैं आयो हों मो पर क्रोध केहें पर कान्हे

मैंने अपराध किया है परन्तु विपति सुनो मैं आप के पास आवत
हों तासमय राह में देखो तो कुवा पर एक सिंह राजत है तब मैं डरि
यो इतने में मोको घेर लियो मैंने हाथ जोडे कि राजा पिंगल के
पास जाता हूं तब उन कही पिंगल कौन है जो मेरे आगे ठाडो
रहै तामों मैं तुम्हें जाने न दूंगे तब मैं विनती कीनी और सोगंद
खाय के आयो हूं मो करो और यह तब तो तुम्हारो राजा शरीब
मारवे वारो है मेरे पास आवे तो मैं समझाऊं यह सुन के पिं
गल नाम सिंह उठ के गर्जे और बोलो कहां है तब ससा कुआ
पै ले गयो और कह्यो कुआ में है ये सुन सिंह कुआ में झांके
ज्योंही अपनो प्रति बिंब देखतेही बहुत गर्जना की सो कुवा में कू
दो देख ससा बहुत प्रसन्न भयो सब निर्भय हुवे इतना सुन सो रही

चौतीसवीं कथा ३४

फिर चौतीसवें दिन प्रभावती राति को चली सुक से पूछा मैं जा
ती हूं सुक बोले रंभिका केसी बुद्धि हो तो जाउ बोली सो कहो सु
बोले शंख पुर नाम नगर है सिद्धेश्वर राजा जाको शिव पूजा से
अति रत है ताके गाव में एक शंकर माली है ताकी स्त्री रंभिका
सुन्दर है परपुरुष से भोग करती फरती है एक दिन शंकर माली
के पिता को श्राद्ध हो तादिन अपने कुटुंब बुलायो ताही दिन रंभने
अपनो यार न्योतो वडे भा सवारो मध्यान के समय जारो आये ति
न्हें स्नान कराये बैठाये तिन के आगे खीर खांड धरी सो बैठे नीके
खाय ता समय वनिया के बेटा ने खीर को फूंदीनी सो सबने सुनी
जान्यो यहां सांप है यह जान जारो माने तब तो शंकर स्त्री सों पूं
छो ये कौन है स्त्री बोली जाको सराध करत हो सो तुम्हारे पुरुष
हैं ते अच्छा आद्ध जहां सो दर्शन दियो तब शंकर प्रसन्न भयो
ऐसी बुद्धि हो तो जाउ नहीं तो मत जाउ इतनी बात सुन सो रही॥

पेतीसवीं कथा का प्रारंभः

फिर पैतीसवें दिन प्रभावती राति को चली सुकसे पूछी मैं जाती हूं सुक बोला श्रेष्ट बात है परंतु गुणदत्त कीसी मति उपजे तो जाउ बोली सो कहो तोता बोला मनोरा नगर है मनोहरदास राजा ताके गाव में गुणदत्त बानियां है सो निर्धन रहे तेल को व्योहार करत है एक दिन तेल बेचने को धीरपुर में गयो तहां सागरदत्त सेठ है ताके घर गयो सेठ बोला ले आ यह सुन तेल बेंच दियो हमारे तेल मन पांच है तूं लेगा सेठ बोला ले आ यह सुन तेल बेंच दियो तब तो सागरदत्त ने कहा तो आज अबेर है तुम रहो यह कही तब वाके घर रहो रातको सागरदत्त अपनी दूकान पर सोयो यहां गुणदत्त ने कहा करी जो रात्रिको उठ वाके घर में गयो वाकी स्त्री सों हंसन लागो तब वा स्त्री ने कहो अपनी मुंदरी मोंह दे तो तोसों भोग करों यह जो कही मुंदरी दई और वाको भोगो सवेरा भयो तो विचारो अपनी मुंदरी ले वाकी विचार की सो सेठ पास गयो सेठ से बोलो मैं तो सो व्यवहार नहीं करहों जो तेरी स्त्री मेरे हात की मुंदरी मंगाई सो देत नाहीं ये सेठ सुनी आदमी को आज्ञा दीनी तू याकी मुंदरी यदि दिवायदे आदमी गुणदत्त के घर में गयो साहनसे कही याकी मुंदरी देदो मुंदरी लेके आयो जो ऐसी बुद्धि उपजे तो जाउ नहीं तो को धक्का खाइ ॥ ३६ ॥

सैतीसवीं कथा का प्रारंभः

फिर ३७ वें दिन प्रभावती सिंगार कर राति को चली तोता बोलो जातो हो परंतु माधोदास कीसी मति हो तो जाउ बोली कैसे सुक बोलो एक ब्रजखंड नगर है ताको ब्रज नाम राजा है तामें माधोदास है सो वो बडो वाचाल है जुवा सदा खेले एक दिन ब्राह्मण देशांतर गया एक गांव में जवासो लियो तहां सुदर्शन दास बनिया वसत है तासों मिले वो ब्राह्मण को बनिया ने घर में अपने राखो और वनेनी व

हा चंचल है सदा आनंद में रहती परंतु लोभन बहुत थी तासे
यह जानी इस ब्राह्मण पास द्रव्य है यासों प्रीति कीजे तो आ
वे यह जान बहुत प्रीति कीनी एक रात्रि को ब्राह्मण को बुला
यो भोग कीनो ता समय यह कही यह मुंदरी हमको देउ य
ह सुन को मुंदरी दीनी पाछे सवेरो भयो तब अंगूठी मांगी
हम को देउ तब यह विचारी वह न आवेगी साहसे कहनो॥ श्लो॰ पा
ठाति काग मन काल मयारयं तो सोदस्मरज्वर मराति पियासते
पतिर्प्यंत वल्लभजना धरग लोभा तस्वा कथ्यते कवि वरे रमिसार के
ति१॥ याते साहसों कहनो उचित है यह विचार साहसों बोलो
अरे साह तेरी स्त्री मेरी मुंदरी देत नाही मैं राज में पुकारोंगो तब शाह
जी बोले कैसी है ब्राह्मण बोले तेरी खाट को पायो फटो हुतो वामें गि
र पड़ी तब काढी सो देखने को मांगी सो अब देत नाही यह सुन
साह विचारो जो राजा के पुकारेगा तो राजा दंड देगा ये विचार अ
पनी स्त्री सों कही ब्राह्मण की मुंदरी दे याको माल राखनो यो
ग्य नहीं यह दुष्ट है येक ह समझाय मुंदरी दीनी ब्राह्मण ले ग
यो ऐसी भांति हो तो जाउ यह सुनि प्रभावती सो रही॥ ३८वी
कथा का प्रारंभः॥ फिर अड़तीसवे दिन प्रभावती राति को चली शु
क से बोली मैं जाती हूं शुक बोला अच्छी बात है परंतु लाला बनिक
कैसी भांति उपजे तो जाउ बोली कहो तब तोता बोला एक कुंदनपु
र नगर है तहां भीमसेन राज कर्ता है मधुर बनिया है ताके द्रव्य ब
हुत रही सो निर्धन भयो विश्वास कोई ना करे भूखे मरन लागो
घर की वस्तु गहने धर परदेश को चलो जाके कमायो बहुत द्रव्य
लायो सब को देनो चुकायो एक परोसन के घर लोहे के बासन
धर गयो सो आय परोसन बोली मूंसे ले गये ये कही सुन चुप
एक दिन वाको बेटा दुकान पर जाय थो सो दुकान पर बैठाय राखे

कोई जाने नहीं तब गांव में डौंडी फिरी जो कोई सेव को देखा हो तो वताइयो जव सवनने कही भूधरने पूछो तववुलाय भूधरको पूछो तवभूधर वोलो लरिका को चील ले गई ये वात कोई माने नहीं तव दरवार में गयो जाय के सव कही कि पांच वर्ष के वालक को चील केसे लेगई या कों मारो तवभूधर वोलो जो आज तांई महाराज लोह मूसान ने खायो है जो मूसा ने लोह खायो तो लरिका को चील ले गई तव भूधरने कहो तव सवने कहो परोसी ने लोह को सव असवाव दियो भूधर ने वो लडका दियो ऐसी मति हो तो जाउ इतना सुन सो रही॥ ३८ वीं कथा का प्रारंभः॥ फिर ३९ वें दिन प्रभावती राते को चली सुकसे वोली में जाती हूं सुक वोलो आछी वुद्ध कैसी मति हो तो जाउ यह सुन वोली कहो तोता वोलो एक नवल पुरा पाटन है तहां नर वाहन राजा है ता गाव में नीच वसत हैं एक बुद्ध दूसरो कुवुद्ध है दोऊ कमाई को चले वहुत कमाई की घर को आये जव गांव के नज़दीक आये एक जगह सवरो गाड आये अपने २ घर लेगये॥ जव सात दिन वीत गये सुवुद्धि वोले हे कुवुद्धि कहो तो आछी वात है ऐसे कहि दोनो कहां गये जो देखे तो धन नहैं तव आपस में लडने लगे सुवुद्धि कहै तूने लियो कुवुद्धि कहे तूने लियो ऐसे रुगरत २ राजा के पास तव राजा ने पूंछो तुम्हारी द्रव्य साथीदार कुवुद्धि वोलो वनदेवी साहीदार है तव राजा कहे जो हम सो कहेगी सुवुद्धि वोलो वन देवी सवन के आगे कहेगी तव राजा ने कहो कल चलेंगे ये सुन अपने घर आये कुवुद्धि ने अपने वाप सों कहो जो वन में एक रूख है उसमें तुम जाय वैठो जव हम कहें वनदेवी द्रव्य किनने लिया तव तुम कहियो सुवुद्धि ने लिया तव तुम कहियो सुवुद्धि ने लियो यह कहोगे तव द्रव्य वचेगी ऐसे कहि दूसरे दिन वहां वापको वैठाओ इतने में राजा आ

यो गांव के सब लोग आये वा समय राजा पूंछो कि वन देवी याको
न लियो है ये सुन कुबुद्धि को बाप बोलो जो सुबुद्धि लियो है ऐसा
वाचा २ दियो ये सुनि राजा बोलो जो कुबुद्धि चोर है तब सुबुद्धि
सो है महाराज एक घरी चुप रह्यो तब कुट्टी जो भली बात है दूत
नी कही सुबुद्धि या रूष के आस पास कांटे की वाड करी आगल
गा दी तब तो कुबुद्धि को बाप पुकारो जो मैं जरत हौं मोको का
दियो राजा सुनी वाको पूंछो तब जो कही कुबुद्धि लियो राजा ने कुबु
द्धि को बांधा और वाको द्रव्य दियो जो ऐसी बुद्धि हो तो जाउ बुद्धि
इतनी सुनि सो रही॥३९॥ ४० वीं कथा का प्रारंभः॥ फिर ४० वें
दिन प्रभावती रति को चली शुक बोलो जाती हू तो विद्याधर ब्रा
ह्मण की भांति कीजो तो जाउ प्रभावती बोली सो कैसे तब शुक
बोलो एक चंपावती नगरी है मदन राजा है ताकी स्त्री सिंगार
सुंदरी ताकी बेटी मदन सुन्दरी है सो राजा को बडी प्यारी है
ताके गरे में एक फोरा भयो सो अच्छो नहीं हो तब राजा ने डोंडी
फेरी जो मेरी बेटी को अच्छी करेगा ताको लाख टका दूं ऐ
से यों बात सुनी तब ब्राह्मणी महाभिल कहो मेरो धणी हा
ल जानत है ये सुन राजा के लोग पकर राजा के पास लेग
ये ब्राह्मण भाजन लागे इसें बांह गही राजा देष के बोले हे ब्रा
ह्मण मेरी बेटी को देख के नीकी करो तो लाख टका दूं ये कही
बेटी को देख ब्राह्मण मन में विचारो कछु करे विना छुटना
नहीं यह विचार रूठो लेप देन लागो वासो नीकी भई ग
रे को फोरा फूट गयो राजा प्रसन्न भयो लाख टका दिये
ब्राह्मण ले अपने घर आयो प्रभावती सो रही॥

४१ इकतालीसवीं कथा॥

फिर ४१ वें दिन प्रभावती रात को चली शुक सो मैं जाती हूं

शुक बोले आछो परंतु बाघ मारी की सी मति हो तौ जाउ बोली
कहो तब शुक बोले स्वस्ति पुर नाम नगर तहां देव दत्त राजा है
ताकी स्त्री अति रौद्र है ताके दो पुत्र है एक २ वर्ष का दूसरा ७ व
र्ष को एक दिन राजा रानी सौं लड़ाई भई रानी अपने बेटा को
ले बाहर चली तौ एक उपाय मन में आयो जो दोनों लड़का को
रुवाय दीनो आप माथो उघारि के बोली अरे लरिको क्यों रोवत
हो मैं तुम को एक बाघ मार देउं वाको तुम खाउ ठाकुर ने जो कही
आय पहुंचे यह सुन चीता बाघ भागे ये रानी घर को अपने आई
तासों ऐसी बुद्धि है तो जाउ इतना सुन प्रभावती सो रही ४१॥

बयालीसवीं कथा ४२

फिर बयालीसवें दिन प्रभावती राति को चली शुक से बोली मैं जा
ती हूं शुक बोले अच्छा परंतु विष्परजानी कैसी मति उपजे तौ जाउ
बोली सो कहो शुक बोलो हंस पुर नाम नगर है राजा हंस ताको पुत्र
सिंगार सुंदर है परंतु नपुंसक है ताकी भार्या रतन सुन्दरी है सो वो
काम पीडित है और बहुत चंचल परंतु वाकी कुछ चले नहीं काहे तें जो
राजा वो: वाके दर्वाज़े में पांचसो आदिमी बैठे रहें तासों कछु बस
लागे नहीं एक दिन नगर में विष्परजनी नायन राजा के महल में
आई आइ के रतन सुन्दरी के पास बैठी देखे तौ रतन की सुन्दरी
दुखित बैठी है तब ये नायन बोली जो तो कूं ऐसो कहा दुख है
तब वो: बोली मेरे पति नपुंसक हैं तासों दुखी हैं जो तू कोई पुरुष को
लावे तौ मेरो मन प्रसन्न होय सुनके नायन बोली मैं लाउंगी इतनो
कह शहर में आई बहुत तलाश कीनी परंतु कोई क़बूल न करे का
हे को रानी है राजा जो जाने तो मार डारे यातें कोई क़बूल न करे त
ब प्रधान का बेटा बोला मो को रतन सुन्दरी को मिलावे तौ तेरे
गुन मानो परंतु मेरे घर लावे तो वाको मनोरथ आछी तरह पूरा होय

सुन कर नायन रानी पास गई रानी से वृतांत कहो तवरानी बोली
मैं कैसे जाउ इहां तो पांच सौ प्यादा वैठे तव नायन कही तू मेरा
कपरा पहन ले और वाके पास तू जा मैं यहां रहोंगी यह सुन रानी
नायन के कपरा पहन अच्छी तरह से भोग विलास कियो ऐसे
कितेक दिन ताईं काम चलो एक दिन कुंवर ने रानी को पुकारो
यह नायन बोली तव तो कुंवर आइ उस्का हाथ पकरा देखे तो हा
थ भारी है तव विचारो येतो कोई और है इतनो विचार छुरी काट
को नाक काट लियो परंतु यह बोली नहीं कुवर मन में विचारो संसा
रखुरी कहेगो यह जानि और ही सो रहो तो नायन अपने घर गई
पिछवारे पति को पुकारो एक छुरा कहे इसने फेंका थे रोई अरे तूने
यह क्या किया वो दौड़ देखे तो उस्की नाक कट गई घर आई रानी
घर को गई भोर होते ही राजा जो देखो बहुत लज्जित भयो सो ऐसी
बुद्धि हो तो जाउ नहीं तो मत जाउ इतनी वात सुन सो रही ४२॥

तेंतालीसवीं कथा का प्रारंभः

फिर ४३ वें दिन प्रभावती राति को चली बोली हे सुक में जाती हूं अ
च्छी कनक सुन्दरी कैसी वुद्धि हो तो जाउ बोली कैसे सुक कही
एक सुभ पुर नगर है सुंदर सिंह राजा रतन सेन कुंवर ताकी क
नक सुन्दरी प्रधान के वेटा सों रति करे एक दिन कुवर आयो दे
खो स्त्री प्रधान के वेटा सों रति करतो जान्यो याके लक्षण आछे न
हीं स्त्री की नाक काट ली तव कनक सुन्दरी किवारे वंद करके सो
रही ससुर आयो जान्यो किवाडे खोलो बोलो नहीं बोली मेरी नाक
वे खता काटी यह कह सूर्य से विन्ती करी मेरी नाक आछी क
रो आछी भई जो ऐसी वुद्धि हो जाउ ये सुन सो रही ४३॥

४४ वीं कथा का प्रारंभः

फिर ४४ वें दिन प्रभावती राति को चली में जाती हूं कहा अच्छा

परंतु चपला ब्राह्मण कीसी बुद्धि उपजे तो जाउ बोली कहो सुक बोला शंखपुर नगर है शिवराज राजा है ताकी भार्या सुभ सुंदरी तहां चारों वर्ण सुखी हैं परंतु एक ब्राह्मण चंपा नाम है ताकी स्त्री कनकावती है बेटा बहुत हैं तीनों आदमी की बुद्धि न्यारी २ है एक दिन एक काम में गयो फिरत रह्यो एक ब्राह्मण मिलो धर्मशील नाम है एक गाय नित्य ब्राह्मण को देते है सो पांचा को ले आयो भोजन करायो एक नाव दीनो पांचा अचरज कियो मन में विचारो ब्राह्मन सौं बोला मैं पूछत हूं जो तुम्हारो द्रव्य कितको है सो रोज पुण्य करत हो तो ब्राह्मण बोलो मैं एक दिन घर से निकसे एक स्त्री हती सेत कपडा पहरे माथे एक गिरी भरा हती आवत देखा ब्राह्मन मन में बहुत खुश भयो जो शगुन आछो भयो तो बोले हे ब्राह्मण हे लक्ष्मी हो तो को घर ने चल तेरो भलो होगो ऐसी कही तब तो मैं नमस्कार कियो घर ले आयो बहुत पूजा कियो वो प्रसन्न भई यह वर दियो जहां तू खोदे तहां द्रव्य निकलेगो इससे मैं रोज पुण्य करत हूं यह सुन विदा मांगी याको घर लायो अब यह जो कोई स्त्री मिले ताके पायन परे कहे मेरे घर पर पधारो ऐसे निरंतर अन्न न खाय राति से उठे अनघट जाय ऐसो पांच सात दिन भयो घर के कहें यह कहा करे पांचो बोली तुम नहीं जानत हो यह कह एक दिन देखे तो एक स्त्री स्वेत कपडे पहरे घर को चली वह उसको नमस्कार कर अपने घर ले आयो पूजा कियो पायन परो घर की रोवन लागी तो गढा खोदो अकुमि करो नहीं डोकरी को बैठाई पांचो के घर आयो वाको पांव पंचानन सों धोयो घर के मानस को कहा सो प्रभावती ऐसी मति हो तो जाउ नहीं तो मत जाव इतना सुन सो रही॥ ४८॥

४९ वीं कथा।

फिर ४६ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक से बोली मैं जाती हूं शुकने कहो तब शुकने कहा अच्छा जाउ परंतु बाघमारी कीसी बुद्धि होतो जाउ बोली कहो तब शुक बोले बाघ यह है जो बाघ भाजते जामें एक भाजतो जातहे तहां एक स्यार बोले तुम कों भाजत हो तुम्हें कौन काडर है बाघ बोले एक बाघमारी पीछे आतीहे ताके डर सों भगे जात हों तब स्यार बोलो मामाजी वाको तो मार खाइ ये बाघ बोलो तू जाव मैं तो न जाउं जो मैं आगे चलूं तू पीछे आवो जो तू जाय भग तासूं मैं तोको गले में बांध ले चलूंगो स्यार बोलो बाघ नगर सों बांध के चालो इतने में वो रानी देखे तो स्यार और बाघ आवतेहैं सो मन में विचारी अब के खांइगे तासों कछु बुद्धि को उपाय कीजे तब बेटा सों बोली अब एक तमासो देखो तो जायह सालको हमसों कहि गयो तीन बाघ लाउंगो तामें एक लायो तासों बडो हरामजादो है बाघ ने सुनी भाजो रे स्यार भाजन मोको मरवायो तासों बडो दुष्ट है यह कह भाजो स्यार तुरत डरगयो रानी दोउन बेटा को घर लाई ऐसी मति हो तो जाउ फिर सो रही

४७ वीं कथा॥ फिर ४७ वें दिन प्रभावति रति को चली शुक बोले गले बंधे स्यार की सी मति हो तो जाउ शुक बोलो जब बाघ भाजो स्यार पै भाजो न गयो चोट लगी स्यार हंसो बाघ बोलो तू कैसे तो आयो स्यार बोलो बाघमारी को मेरे लहू मीठो लगे है तासों दूर ले आयो बच्चो नहीं तो खाय जातो तासों मोको छोड़ देउ नहीं तो वाको गेरी बास आवेगी दोउन को खायगो बाघ सांच मानी स्यार को छोड़ दियो सो ऐसी मति उपजे तो जाउ इतना सुन सो रही॥ ४७॥ ४८ वीं कहानी॥

फिर ४८ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक सों पूंछो मैं जाती हूं शुक बोलो अच्छी बात पर कुस ब्राह्मण की सी

बुद्धि हो तो जाउ कहो तब शुक बोलो विसालपुर पाटन में शत्रु मदन राजा है ता गांव में कृष्णदास ब्राह्मण बसत है सो महासुन्दर है चतुर है ताको मा बाप छोड दिया कोई स्त्री वाको जीत न सके अपनी स्त्री सों भोग करे और वेश्या सों भोग करे प्रतपाय प्रभावती बोली ऐसो वामे का गुण है तो वह यों बोलो याके गुण सुन कृष्ण दास काम को स्वरूप है एक मंत्र स्तंभन को आवत है तासों जीतत है एक वेश्या ने सुनो एक दिन कृष्ण दास मिलो वासों वार्त्ता करी जो मो सों रति करी मैं काहू ऐसो मदन देखो जासें रति करे तब कृष्णदास बोलो हम करेंगे वेश्या बोली लाख टका देऊ तो करन दूंगी क़बूल करे यह कहा हारे तो मैं लेउ कहा अच्छी बात है यह कह रात जब भई रति करन लागी एक पहर भई तब वेश्या दुखी भई यह कहा मैं हारी तू जीता और अपनी माको बुलाय कही याको द्रव्य देडारो नहीं तो मेरा प्राण जायगा महतारी बोली अपनी रोज़गार है जो यह प्रसन्न होय सो कीजे इतने में पहर दिन की तो दऊने कायल भई कृष्णदास बोले मोको दूनो द्रव्य दे तो छोडूं ऐसे कही डोकरी रूप पर चढ़ कुरग को सी आवाज कही सवेरो भयो तो वाह एक यो देखो तो रात पहर है वासों कही वाने अपनी बहन को सुवाय दी एक पहर वासों भोग कीनो वेश्या ने कही अपनो द्रव्य लेउ मेरो द्रव्य ले के पधारो जब अपनो और उस को द्रव्य ले आयो ॥ ४८ ॥

४९ वीं कहानी।

फिर ४९ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक से कहा जाती हूं शुक बोलो कगरा के पति के सी करो तो जाउ सो बोली कहो शुक ने कहा एक विन्ध्य नगर है विजयसेन राजा है तहां ब्राह्मण हरदास ताकी भार्या कगरा सो वह महा कलहारी पति को सदा दुख देय वाके घर में पीपर को वृक्ष है ता में एक भूत है सो एक दिन वृक्ष से

उतर के वन को गयो वहां एक भूत बड़ा है तामें रहन लागो एक दिन हरदास स्त्री में लड़ाई भई हरदास निकसो वन में गयो जा वड़ के नीचे बैठो वह भूत देखे तो हरदास आयो है तब नीचे आके भूत वोले कि हरदास आज बड़ो काम भयो जो हमारे पाहुनो आये तासों यहां भोजन कीजे ये कह मिठाई दीनी और कह्यो तुम हमारे बड़े मित्र हो तुम निर्धन रहे अब तुम एक काम करो जो तुम्हारे द्रव्य आवे एक मृगावती नगरी है तहां मदनसेन राजा है ताकी बेटी मृगलोचनी है ताके मैं लगो हों ताके बाप ने बहुत इलाज किये परंतु मैं छोड़ो नहीं सो तोकू धन दिवायो चाहिये तातें तू वहां जाय मारो दे मैं छोड़ दूं ये कही तो हरदास मृगावती गयो वहां देखे तो गांव में डोंडी पिटी है जो राजा की बेटी को अच्छा करे आधा राज पावे तब हरदास आडो दियो नीकी भई तब हाथ जोड़े जो आप आज्ञा दें बहुत भांति आधीनी की तब तो भूत प्रसन्न भयो अपनो बल मांगो हरदास ने बल दियो बेटी नीकी भई तब आधो राज दियो बेटी दीनी भूत वस कियो अपनो मनोरथ सिद्ध कियो जो ऐसी बुद्धि हो तो जाउ ये सुन सो रही। ४९।

५० वीं कथा

फिर ५० वें दिन प्रभावती तैयार भई तब सुक बोलो जो केसो की सी मति ही हो तो जाइयो बोली हे सुक सो कहो तो ता बोलो राजा को सब को भूत ने दुःख दिवायो ताको भोग आछी तरह कियो और केशव नाम यह कियो जो ऐसे मंत्र वाही को एक दिन करुणावती नगरी को राजा गये राजीन की स्त्री सुलोचना को यही भूत लगो तब सवन कही केशव ब्राह्मण आवे तो नीक हो इतनी राजा सुनी आदमी पठाये आय के केशव को ले गये केशव देखा वही भूत है तब वाके कान में कही जो कंगरां मो कों बहुत दुख देत है ताके डर सों भाजा हों अब शरण तेरी आयो हों जब मेरी रस

कौरिये सुन भूत बोलो रे तेरी वह सदा कीनी पीछा करै मत वा केशव को स्त्री को ऐसे डर है तासों भूत जात रहे रानी नीकी भई राजा प्रसन्न भयो बहुत द्रव्य भयो अपने घर गयो इतनी सुन सो रही ॥

५१ वीं कथा

फिर ५१ वें दिन प्रभावती रति की इच्छा कर चली सुक से पूछा जाती हूं तोता बोले सुकडालके सी अकल हो तो जाउ बोली कैसे सुक बोलो नंदनपुर का राजा मदन कुंवर सुकडाल जाको प्रधान सो धर्मात्मा बुद्धिमान नीत में बहुत प्रवीन सबको वस किया तब राजा अपने मनमें विचारो काहू दिना मार न डारे याको तासें क़ैद कीनो और मंत्री बैठायो सो काम करैं एक दिन बंगाले के राजा ने इनकी परीक्षा के लिये घोड़ी पठई उनको वकील आयो आय राजा को मुजरो कियो सो अर्ज करी हमारे महाराज ने २ घोड़ी पठई है यामें बेटी कौन है सो परीक्षा देऊ महीना १ की आज्ञा तब तो राजा सबन पूंछे परंतु कोई न बतावे महीना बीत गयो तब राजा को बड़ो संदेह भयो जो यह बात न बतावें तो वह कहेगा कि राजा की सभा में कोई अकलमंद नहीं ऐसे बहुत सोच कीना तब सुकडाल को याद किया वह बतावेगा और की सामर्थ नहीं तब सुकडाल बुलायो आयो राजा ने बहुत आदर कियो वाको सिरोपाव दियो दंड माफ़ कियो और आज्ञा कियो जो सभा को तू उरन आयो बता तू याकी परीक्षा इतनी सुन हुक्म मानो माथे चढ़ाई लियो घोड़ी दोऊ बुलायकर जीन दोउन पै धरायो और दोऊ बहुत दौरायेजब पसीना चलन लागो तब ठाडी कीनी ताही समय घोड़ी अपनी बेटी को श्रमित जान माथो संघन लागी कह्यो जो यह बेटी यह माता ऐसी परीक्षा कीनी राजा बहुत खुश भये दोऊ घोड़ी बंगाले में गई बंगाले का राजा बहुत प्रसन्न हुआ इतनी सुन सो रही ॥ १ ॥

५२ वीं कथा

फेर ५२ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक से कहा मैं जाती हूं बोला सकडाल के सी बुद्धि हो तो जाउ बोली कैसे तोता बोला एक दिन अंबधर राजा सभा में बैठा था एक लकडी सो वह लकडी रंगीन हती सुंदर थी सो वीरपुर ले वीरसिंह राजा ने पठवाई हती परीक्षा के लिये सो वकील कहो इन को परीक्षा कर देऊ अच्छी है कि बुरी तब राजा सबन को दिया किसी ने आछी कही न बुरी इतने में सकडाल आयो आय राजा को सलाम कीनी तब राजा बोलो कि दीवान यह लकडी राजा वीर सेन ने पठाई है परीक्षा के लिये सो बताओ तब अहता बोलो ये बडे आदमी बैठे हैं इन सों पूछो राजा बोले तुम हीं कहो इन को पानी में डारो बहते में आछी होगी ठहर जायगी बुरी होगी चलेगी इतनी सुन सो रही ॥ ५२ ॥

५३ वीं कथा

फेर ५३ वीं दिन प्रभावती रति को चली शुक सों बोली मैं जाती हूं शुक बोलो गंगला डोगर कीसी करे तो जाउ बोली कैसे शुक बोलो एक चमत्कारपुर नगर है तहां चिंतामन राजा है ताके गांव में गंगलो ब्राह्मण है सो ब्राह्मण विदर्भ देश की देवी की यात्रा को गयो साथ बडो गयो राह में चोर मिले तिन को देख भागे तासमय गंगलो ब्राह्मण को गाजा टर पडो वो न भाजो इतने में नजदीक आयो देख रहो पर छूटो नहीं तासमय गंगलो भकरो भाई बोलो कहां है गागलो बोलो कहो जो चोर लूटत हैं ये सुन कमठा चढाइ अरु हाथ में लियो जो चोर कितने हैं जो हजार होइ तो दो बान मारों जो वेग कहो मैं यह विद्या द्रोणाचार्य जी पै पढी जो एक बान मारों ये सुन चोर भाजे वो घर आये इतना सुन सो रही ॥

५४ वीं कथा

फिर ५४वें दिन प्रभावती सिंगार कर चली सुकसे बोली मैं जाती हूं बोलो जैसे स्त्री केसी केसी मति हो तो जाउ सुक बोलो सत्यपुर नाम नगर था सत्यसेन राजा इंद्रमन राजपुत्र ताके ४ यार हे एक दिन सबने विचारो देशांतर को चालिये देखें हमारे भाग्य में है या नहीं ये विचार निकसे बहुत दूर पहुंचे विचारो कहा उपाय कीजे तब समुद्र के पास गये समुद्र की सेवा की ११ दिन तब तो सागर प्रसन्न भयो और कही जो वर मांगो तब चारों बोले जो हम निर्धनी हैं हम पै ऐसी कृपा करो जो धनाढ्य हों इतनी समुद्र सुन के चार मानक दिये सो प्रसाद कृपा करि दियो सो चारों बांट लिये समुद्र कहो एक मानक अष्ट भार स्वर्ण देगा जो ऐसी सुनी तो प्रसन्न भये वहां से आज्ञा मांगी घर को चले राह में विचारी जो कोई मिलेगो तो कहा करें सो एक काम कीजिये बनियां को सोंप दिये॥ ५४॥

५५ वीं कथा

फिर ५५ वें दिन प्रभावती चली सुक बोलो जाउ जैसे राजा के बेटे प्रधान ने उत्तर दियो ऐसी मति होतो जाउ तब सुक बोलो इलावती नाम नगरी है जलंधर राजा सुशील प्रधान ताको बेटा बुद्धिवंत है सुशर्मा ताको नाम है वो राजा के मन माने नहीं प्रधान ने अर्ज की मेरे बेटा बड़ो प्रवीन है तासे याकी परीक्षा कीजिये बिचारो एक डाबे में राखो भर के प्रधान के बेटा को दियो और कही दमनक देश जाउ मदन सेन राजा के पास जाय के वे देउ वाको जवाब लावो प्रधान के बेटा सलाम करि चलो गयो राजा को सलाम कीनी और डाबा दियो राजा डाबा खोलो जो देखे तो वामें राखी है देखते ही बहुत क्रोध किया कहो ये हाथी हमको क्यों पठई है हम सो ठट्ठा कियो है तो प्रधान को बेटा हाथ जोड़ बोलो महाराज रसा आप को बताय पठावनी है महाराज यज्ञ किये ते सो आप को

पठाई है सो सुन बहुत प्रसन्न भयो सिरोपाव दियो बहुत कुछ नज़र कियो और हाथ जोड़ के यह कह्यो मो पर बड़ी कृपा की यह कह विदा कियो प्रधान को बेटा राजा पास आयो सलाम कियो हाल कह्यो राजा बहुत खुशी भयो ऐसी मति हो तो जाउ सो रही।

५६ वीं कथा

फिर ५६ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक बोला जाती तो हो पर श्रीधर ब्राह्मण की सी मति हो तो जाउ बोली कहो शुक बोले वर मुकट नगर है तहां चिंतामणि राजा है ता गांव में श्रीधर विप्र है तहां एक मोची चंदन बसत है तासों श्रीधर ने अपने जूती बनवाई यह कहो मैं तुम्हें खुशी करोंगे यह सुन जूता बनायो ब्राह्मण अधेली देन कहो परंतु खुश न भयो तो चौहटे में आय बोलो चमार राजा के बेटा भयो तू खुशी है कि नहीं तब मोची विचारे नहीं तो मारो जाउं यासें कही खुशी हों ब्राह्मण बोलो मैं ने खुशी कियो इतना सुन सो रही॥

५७ कथा

फिर ५७ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक बोले जाउ परंतु धर्मदास की सी मति उपजे तो जाउ बोली कैसे शुक बोले एक चक्रधीर नगर है तहां मनोहर राजा है ताके मानसिंह प्रधान है जाके गांव में एक शील नाम ब्राह्मण है सो महा धनवंत है ताके धर्म एक गुमाश्ता है सो वो नित्य उगाही कर रुपया ले चलो तब राह में चार चोर वाको मिले देख मन में विचारो ये चोर हैं मैं अकेलो ये धन छिड़ाय लेंगे विचारो कला करो तस में जक्षस्थान देखो तहां जाय धन धर दियो कहो महाराज ये द्रव्य फिर आयोगो फिर तो चाहे कहो तो चेर जानो ये पंछ को द्रव्य है तासों मैं मान वाको द्रव्य नहीं लियो उठ गये तो बनियां द्रव्य ले अपने घर आयो इतना सुन सो रही॥

५८ वीं कथा

फिर ५८वें दिन प्रभावती सिंगार कर रति को चली शुक बोलो शुभ करन केसी मति हो तो जाउ सो बोली कहो शुक कही एक धारा नगरी में भोज राजा है सुमति नाम प्रधान बहुत प्रवीन है एक दाव भोज राजा की रानी चंद्र रेखा बहुत चंचल ताको मन पंडित सों घटको शुभकरन अति सुंदर आसक्त भयो एक दिन रानी रतिसमय अ चले दोस्त पंडित के गई सो बहुत प्रसन्न भये भोग किये ऐसे बहुत दिन बीते एक दिन रतिको चलीता समै नष्ट चार्यों को राजा निकरे आगे रानी पीछे २ राजा या या भांति चले तब पंडित यार बोलो रानी भीतर गई भोग किये राजा घर आयो पलंग पर सो रहे कितनी देर पीछे रानी आई पलंग पर सो रही सबेरे भयो राजा सभा कीनी पहर १ पाछे सबको सीख दीनी पंडित को राखो रानी को बुलायो कथा वारता कही आप रा प्रसन्न भयो तब रात की बात पूंछी है पंडित राति को कौन सी बात करी मोसों सांच करो तब पंडित मन में जानी ये जान चुको और रानी हूं भी जानी पंडित ने विचार के एक श्लोक कहो। श्लो। उग्राग्राहा भुरन्वंतो जलमतित्य नालंवने कोमकीउतीदुर्गमिथ्याति मनाप्रस्भा रभो रोहाति व्याति याति विशो: वर्णे रत्नकुले पाताल मेका कीनी कीर्त्तिस्ते मदनाभिरामहतकं मन्ये त्वं योषितां।।१।। श्लोक सुन राजा संतुष्ट भये पाछे मन में विचारो ऐसो पंडित फिर मिलनो नहीं स्त्री तो बहुत मिलेंगी तासों याको दीजे यह विचार बहुत धन दियो मन में संतोष भयो ऐसी मति हो तो जाउ इतनी सुन सोरही॥

५९ वीं कथा।

फिर ५९ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक बोला जाती तो हो परंतु दुःसाला केसी बुद्धि हो तो जाउ बोली कहो शुक बोला लोहपुर नगर है लोक पाल राजा है ताको भीमसेन मंत्री है ताके दुःशीला भार्या जो महा गरीब है वाके ४ लगायन सो ये सूत बेचने को

पदमावती नगरी को चली राह में १ गणेशजीको मंदिर है वहां ये चारों जाय दंडवत किये एकतो बोली जो मेरे सूत में द्रव्य मिले तो मैं तुम्हारा भाग धरूंगी दूसरी बोली मैं आपको धूपदीप करेंगी ओर बोली मैं भेट करेंगी४ बोली आपु सों नग्न हो होकर आलिंगन करेंगी ऐसे कह पदमावती नगरी गई आय सूतवेचो सब को नफा भई ऐसे संग सब चली फेर गणेशजी के पास आई आयके अपनी २ कही कीनी ओर दुःशीला नग्न होके गणेशजीको लिपट गई ओर चुंबन कियो तो गणेशजीको काम जाग्यो आलिंगन कियो चुंबन करी होठ मुख में लियो छोडे नहीं वह स्त्री घर गई दुःशीला के पति सों कही तेरी स्त्री के होठ गणेश जीके मुखमें है छोडत नाही तो वो दौरो देखे तो सांच है नग्न है पतिभी नग्न होके स्त्री सों रति करन लागो सो देख गणेशजी हंसे सो मुख पकगयो अपने घर स्त्री पुरुष आये ऐसी मत होजाउ इतना सुन सोरही॥

६० वें दिन की कहानी

फिर ६० वें दिन प्रभावती रति को चली बोली शुक मैं जाती हूं बोलो आछो परंतु रुकमनी कीसी मति होतो जाउ बोलो कहो कहां धनपुर नाम नगर है वहां धनेश्वर राजा है धनपाल प्रधान ओर पुत्र कुवर सेन सो बडो धनुर्धारी शब्द वेधी याकी स्त्री रुकमनी सो स्त्री पुरुष तीर्थ यात्रा को गये राह में बटोई महा सुंदर देखो स्त्री की नजर बैठी पति ने जानी स्त्रीको मन चलायमान भयो ओर व्यभिचारी याको लेजाउं तो धर्मसाधन न होगो यासों अपने घर आयो यात्रा को गयो नहीं परंतु स्त्री को बहुत डाटना करत है एकदिन रातको स्त्रीको सांखी तब स्त्री बोली मनमें जोतेरे पुरुषातन से आगे रति करै तो मेरा नाम है सो आधीरातगये पति सों बोली मैं स्त्री धर्म सों कुपास नरखनी चाहिये मोकूं छोड दे सो पतिने छोड़दी

और वाहर ले गयो वाहर गई तो एक यार मिलो अंद केनीचे वासों रति करन कही पति सों वोली तुम शब्द पर वाण मारत हो ये वडहै याके शब्द होत है तापे वाण मारो ताने वाण मारो लागो और वाण चलाये पाछे देखन गयो तहां देर लागी याने यार सों भोग करायो और वाकी मुंदरी लीनी पहिरी इतने में पति न आयो जो देखत यारसें वोली जो देख मेरो तमासो वन में रति कीनी तोहूं पति न माने तो सुंदरी दिखाई देखतही वडन आरमाथो और कही स्त्री को चरित्र को ऊ जानत नाहीं सो प्रभावती इतनी बुद्धि हो तो जाउ ये सुन सोरही

६१ वीं कथा ॥ फिर ६१ वें दिन प्रभावती रति को चली तव तोता वोलो जाउ परंतु मानक देवी केसी मति हो तो जाउ वोली कहो शुक वोला जयस्थल नगर यशोधर राजा जयचेत प्रधान ताके गांव में वैशाख नामा कुनवी है ताकी भार्या मानक देवी सो गरीव है ताके सूरपाल यार वासों नित रति करै एक दिन खेत को चली पानी लेकर तहां राह में यार मिलो वासों भोग करावन लागो पहले भी कह आये हैं॥ ६२ वीं कथा।

फिर ६२ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक वोले जाती तो हो पर रतन देवी कीसी मति उपजे तो जाना श्रेष्ठ है वोली कैसे शुक वोले एक शंखपुर नगर है तहां शंखचूड राजा है एक वनियां तहां है ताकी स्त्री रतन देवी सो एक दिन अपने यार सों कही जो मेरी विद्या देखि पति के संग सोवत रहूं और यार से काम कराऊं एक दिन पीतम के संग सोरही और यार आयो उसे भी एक ओर सुलायो फेर सुखकर यार सों काम करायो जव काम हो चुको तव योनि में से निकासो तासमय वाके पति की पीठ सों इन्द्री लगी तो स्त्री पुकारी जो चोर है इतने में पति के हाथ में यार को लिंग आयो उसने खेंच के पकरो स्त्री सों कही जो तू याको पकरे तो मैं दीवा वार लाऊं वह

कही स्त्री के हाथ में पकराय के दीवा को गयो ताही समय यार को छोड़ के वडोथा की जीभ पकर लीता समय पति दीवाले आयो दे खे तो पडोवा की जीभ लीनी कहे यह कहा तब हंस कर बो ली पति ढिग जो ऐसी काहू की लिंग पकरावोगे तो याही प र ओर २ करत हे पति ढिग स्यानो भयो ऐसी बुद्धि हो तो जाउ।

६३ वीं कहानी

फिर ६३ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक बोले जाउ परंतु शंभु ब्राह्मण की सी मति हो तो जाउ सो कहो शुक बोला सिद्धपुर नाम नगर शिवभक्त राजा सुंदर नाम प्रधान तामें शंभुनाथ ब्राह्मण हे महा प्रवीण हे एक समय तीर्थ यात्रा को चलो राह में स्त्री सुंदर मिली परंतु वो लखे मन रहे दोऊ सामूं भये काम व्यापा ब्राह्म ण कहो आवो रमण करे स्त्री बोली विना लिये न करोंगी विप्र के पास सो रतो कुछ न था वाने अपने गरे की कंठी दीनी पाछे भोग कियो काम हो चुको कंठी मांगी में अपने शरीर बेच के लीनी हे सो न दूंगी याको झगरो परो तब वाने कहा काम कियो जो वाके खेत में से सिरा तोर के भाज्यो हां पुकारी ब्राह्मण खेत मेरो लूट लियो जाता हे आगे शंभु पाछे स्त्री चले २ गांव में आये गांव को चोधरी बोला जो कहा हे शंभु बोला महाराज में ब्राह्मण हों तीन दिना को भूका सो ईड़ सि रा मांगे सो ना दीने में अपने हाथ तोड लीने इसने मेरी सोने की कंठी उतार लीनी सो सिरा को मोल लेहु ओर कंठी मेरी दिवाय दीजे वहां कामावती को पिता हता सो वेटी पास सों कंठी दिवाय दीनी॥

६४ वीं कथा

फिर ६४ वें दिन प्रभावती रति को चली शुक बोला जातो तो हो प रंतु सजयानी कीसी मति उपजे तो जाउ वोली कहो शुक बोला जल्ले धरपुर नगर हे जोगसेन राजा जनार्दन महतो देवो दास वनक

ताकी भार्या सजयानी है सो छिनार है जाके दो सौ यार एक दे दोना म यार हे, सो नित्य आवे सजयानी वहुत प्यारी है यह वात धनी जाने कीने स्त्री दुष्ट है ताकी परीक्षा कीजे कहो मैं गांव होय आऊं यह कह दिक रहो रात भई तव देदो आयो भोग कियो इतने में धनी आयो जान के यार सों वोली रे तू मोसों लड़ो ओर यह कही जो उवा पतिके दृ न याही वेर देही ऐसी कही वहुत गारी दई इतने में देदो धनी को दे ख ओर वहुत करन लागो अरे रांड मोको भैंसो देऊ तव स्त्री वोली रेग री काहे को देत मेरो धनी आवे तव लीजो ऐसी कही वाको काट इतने में धनी आयो देख वहुत खुश भयो सो ऐसी वुद्धि हो तो जाउ॥

६५ वीं कथा

६५ वें दिन प्रभावती रात्रि को चली शुक वो ले जावो परंतु श्यामवती केसी वुद्धि हो तो जाउ वोली सो कहो शुक कहन लागे एक संभलपु र नगर है जस राजा नरपति प्रधान ताके गांव में एक सुभकरन र जपूत है ताकी स्त्री श्यामा महा गरीव है एक दिन सुभकरन चाकरी गया दो कोस पै डेरा किया और घर में स्त्री अकेली १ रामरंगी लौंडी पास है जब संध्या भई तव श्यामा बोली हे राम रंगी हे कसो राइ अभ रलेजा किसी उत्तम पुरुष को लेआ। सुन दासी चली सो ऐसी वुद्धि हो तो जाउ सो रहो

६६ वीं कथा

६६ वें दिन सिंगार कर चली तव शुक वोले प्रसन्नता से जाउ परंतु कुसमावती कीसी मति उपजे तो जाउ सो कहो तव शुक वोले चक्रावती नगरी इन्द्रसुहास राजा अमरकुंवर धनद नाम प्रधान ता गांव में विरम वनिया ताकी वेटी कुसमावती पुरुषोत्तम को व्याही थी एक समय पुरुषोतम दास देश को गयो आठ वर्ष रहो द्रव्य कमायो यहां कुसमा वती दिन १० सील प्रतिपालो पाछे निसंक भई मन में आवे सो क रे एक दिन अमोला दासी सों वोली मो को काम व्यापो है कोई

ले आओ मन प्रसन्न होय ये कही ममोला वोली गुस्से न हो तो कहूं बोली कहो ममोला वोली कि एक गांव में कामावती वेश्या रहती है वाके यार को व्योहार है तासें तुम्हारो मतलब है वहां जाउ तो ऐसे पुरुष से मिलेगी सो वोली आज तमासो देखिये सबने कही जो आछी वात है यह सुन ५ मोहर ले वेश्या के घर गई जाके वेठी वेश्या मोहर दीनी और कही जो आछे से आछी स्त्री आवे तब वेश्या लोंडी को और कुसमावती को बुलाइयो जो जरूर आइयो तब लोंडी कुसमावती को सलाम करी वोली कि वीवी आपु को बुलाया है कुसमावती वोली जो कि आज सेठ आवेंगे मैं केसे चलूं सो तू जायु काहि वाको विदा किया कामावती सब हकीकत कही वोली जो तू ये कहो कि मो को चाहे तो आमनी तो मत आवे सुन लोंडी गई तब हाल कहो कुसमावती गई वाने सेठ के पास पठई देखे तो पति अपना है सेठ देखे तो स्त्री अपनी है कुसमावती बात छिपाके वोली कि सेठ जी ऐसे काम करे मैं आज नाई काहू को मुख देखो नहीं तुम परस्त्री सों आसक्त हो अब हो मैं सुनी कि सेठ कामावती पास गये है तासूं आन देखो अब घर चलो यह कही तब सेठ बहुत खिस्यानो घर को आयो सो ऐसी बुद्धि हो तो जाउ इतना सुन सो रही॥

६७ वीं कथा।

फिर ६७ वें दिन प्रभावती रात को चली वोली मैं जाती हूं शुक वोले जाउ राजा जैसे मित्र को दुख भाजो तैसी बुद्धि हो तो जाउ वोली क्या शुक वोले एक जेपुर नगर है मनरंजन राजा मनोहर कुंवर कुमे ओछ प्रधान तामें एक श्रीपाल सेठ है वाको वीर राज बेटा बडो प्रवीन वाकी स्त्री मदन मंजरी सो अति रूपवंत है परंतु पर पुरुष गामिनी एक वनियें से सदा रति करे एक दिन श्रीपाल मृत्यु पायो ताको बेटा एक दिन जेठ के महीने में सिकार को गयो वन में जाय साथी बिछुर गये

भूखो प्यासो दुखी हो एक बनियां मिलो वाने चबेना दीनो खायो पानी पियो जब वा बालक से कही तेरे पास कछु रुपये हैं तब वाने कही हां ४०० रुपये तब राजा ने चार बात कही १ राह में अकेले नहीं चलिये और २ कहे सो करिये स्त्री के आगे गुप्त न कहिये और तोको दुख परे तो मेरे पास आइयो ऐसे चार बुद्धि दीनो चार सौ रुपया लीनो तब राजा बोलो मैं तो पास से रुपया लीने हैं सतायो दीनो ह्वां गो राजा अपने घर गयो बनिया अपने विचारो अकेले न चलिये तिसे एक सहेलो मिलो विचारो सो साथ लियो उहां ते चलो आगे गयो एक बड़ के नीचे जा बैठो तहां एक सर्प निकसो सो काटवे को जव ही तब ही से रड़ो निकस सर्प को मारो इतने में बनिक जागो देख कहन लागो यह रुपये की बुद्धि काम आई इतना सुन सो रही॥

६८ वीं कथा

फिर ६८वें दिन अमीदनी रति को चली छुकवाले जाती हो परंतु जो वीर राजा गांव में गयो तहां के लोग २ मिले और यह कही जो परदेशी एक कहा हमारा बूरो यह मरगयो है ताको वहां लेय आवो तब बनियां विचारो जो पंच कहें ताको कबूल करै तांधी पानी में वह बहायो वा मृतक की कमर में मुहर की वसनी हती सो खोल अपने बांध लियो सांझ को गांव में आयो पंचन ने विचारो जो परदेसी हमारी आज्ञा मानी ताको कछु दीजे और रहिवे को एक घर दीजे यह सुन पटिकाने कोह्रे ये जान १०० रुपये दिये तहां दोला खाट है तहां वीर राजा आइ सोय भए आधी रात गई कि शब्द भयो कि पड़ो २ यह सुनो तब वीर राजा बोलो कि पड़ भाई पड़ सी वैठो होयगो सो सही इतने में सुवर्ण को पुर्ष गिरो मह के आगे तब तो उठाय लीनो कोपरा में घर रा खो उठ अपने घर

की राहली ऐसी मति उपजे तो जाउ इतना सुन सो रही।
फिर ६९ वें दिन प्रभावती चली तोता बोला अच्छा परंतु एक कथा
सुन वनियां तीसरी बुद्धि भूलो सो सुन बोली कहो तोता बोलो वीर
राजा सोने को पुरुष ले आयो स्त्री देखो सोह किया सब बात
पूछो सो वनिक ने कही राजा की बात भूल गयो इतने में एक कासद
आयो बद्धाग दीनी तुमारे बोल जो ६० आइ पहुंचे वो कासिद वह
तयार लाई बात की इतने में वीर राजा पूंछो आप वस्तु आई है
कासद बोलो ककडी के बीज है तुरत उपजे सेठ के मन में आई
तुरत बोये पहर में उपजे प्रसन्न भये अपनी स्त्री को बुलाय तमासा
दिखायो स्त्री बोली जो यह दोनों ऐसी देवें सो कभू सुनी नहीं इतने
में स्त्री को यार आयो तासों कही जो मेरे माल के आठ बेल आये हैं
और एक बीज को टीको आयो है सो तुरंत बोवे तुरंत उपजे तुरत
खाय वाको तमासा दिखाऊं ककडी खवाई स्त्री वंत प्रसन्न भयो अ
रु कहो जो अब तुमसों मिलाय रहो सो तू मेरे घर आवे तो सही
नहीं तो नहीं ये कही तो स्त्री बोली जो कोई उपाय करे तो आऊं तब
श्रीवंत बोलो जो बीज तेरे हैं सुन बीज को कराव ऐसे कह कुछ बीज
ले अपने घर गयो और बीज हते सें करा खे जब सवारी भई तब वीर
राजा कपडे पहन राजा के भेट ले गयो और सेठ बोल को हासिल हो
गयो और श्रीवंत आगे जाय बैठो ताही समय सेठ जाय सा ला
म कीनी राजा बहुत महत भयो बात पूछी भेट लीनी यह बोले कि
सेठ अपूर्व वस्तु कोई आई होय तो दिखावो तब वीर राजा बाज ले
मुंह के आगे राखे और जो कहो तुरत बोये तुरत उपजे ऐसी वस्तु है
तब राजा बोलो जो अब ताई जो जाने नहीं कहा जानियें झूठ साच
तब श्रीमंत बोलो जो हम में कहो पहिले बोवे वीर राजा सुनी कहो
जो तुहा व कहे सो कबूल है तब श्रीमंत बोलो जो यह बीज उपजे तो

मेरे घर को यह धनी और न उपजे तो मैया के घर को धनी ऐसी होइ बांधी जब वो उपजे नहीं तब श्रीमंत जीत्यो वीर राजा हारो बहुत खिस्यानो पडो घर आयो विचारो जो अब बहुत दुख पडो ऐसो विचार घर आयो विचारो जो पहर रात गये राजा सो मिलो छीभाई अरु राजा पकरो जो तो को बहुत भीड पडी तासों आयो तब सेठ बोलो जो महाराज दोबात आप की देखी तामें बहुत लाभ भई और एक बात में चूको ताको यह फल भयो है ये राजा सुनी घोरक के ऊपर सवार होय के आयो आय के देखो जो स्त्री को प्यार यह कहत है मैं तो ले चलो जाउंगो यह कह घर ले गयो सवारे भयो तो लोग तमासे आगे सेठ को मलिबहू की श्रीमंत जीतो है सो ले जावेगो इतने में वीर राजा आयो देखो तब बोलो मेरी कही नहीं मानी सो यह फल पायो यह कह श्रीमंत को नाक काटी सहर से निकार दियो सेठ को और व्याह कीनो ये सुन प्रभावती सो रही॥

७० वीं कथा

फिर ७० दिन प्रभावती राति को चली शुक बोलो जाउ परंतु गगरी सुनारी के सी मति हो तो जाउ बोली सुनाओ शुक बोलो चंडिलपुर नगर है तहां अर्जुन राजा चिंतामनि प्रधान ता गांव में वीरम सुनार वसत है धन वंत ताने सोरह व्याह किये सो सोरहों गरीव हो सोरह वरष की भई तब पुत्र को व्याहन लगी एक दिन परोसन घर आई देखत हरामजादी है बोली रे गांगला तेरी स्त्री हरामजादी है सुनी बोली नहीं स्त्री बोली जो या गांव में कुटनी है परोसन बोली ये रउ पाका है ये सुन परोसन सों बोली आप जाउ हमारे पति आवेंगे जो पराये हाथ पार मंगावे तो सुनारी ऐसे वार मनि वकहीं मेर व्याह है वासों इनाते पठवो तो अच्छो वरह गाइ वीवजाइ बोली मागि तो बहुत बोलो अब इन को बिगारो सहत हो तासों अपने घर

जाइ कही तव ती वहन सिसकरी उठ गई तव तो गांगली रोवन लागी जो मो को वंदी वानो कियो हे काहू के नहीं जान देत हे तव गांगली ने घर में से तो ली रसोई नालियो ओर वीडा १ वांधे तामें रखो एक पुरुष चलो जात हे वाके आगे डार दीनी ओर रुका एक में लिखी जो सडक फयां कुटनी को दीजो ये वात जान ओर कुटनी के ले चली ओर ये कहो तो को वुलायो हे कहि वसंत लाल अपने घर गयो पाछे कुटनी १ मासा सोना लेके वाही सुनार के आई ओर कहा पसदे वोले वोतदाम ले कहो ये भीतर गई गांगली से मिली गांगली सों कही तू एक काम करि हे जाति हों पाछे से यह कहियो ये नजर लगाइ गई सखी के घर को दाम ले गई पाछे गांगलो कहो लोट गई हाय २ करने लगी पति वोलो कहा भयो कहो ये आई नज़र लगाई पूछो जो कोन सी हे जो सडक फाफा हती याको वेगला मो को नीका करे सुनार सडक फाफा के घर गयो ओर कहा ते री भोजाई मरत हे वेगि चलिये जो वोली राति को समो हे जो कोई मेरे घर में ते ले जाइ तो कहा करूं तासें सवारे आऊंगी सुनार वोलो काम याही वेर को हे दूती वोली माल को माठ हे जो माथे धर ले तो मैं चलूं ये सुन के वोलो आछो वसंत राज को माठ में धरि मोडो वांधि माथे धारे दियो संग आप गई जाइ कही तू वाहर जा मैं उपचार करत हूं सुनार को तो काढि दियो वसंत ओर गंगालो दोऊ राति भरि भोग कियो मास एक ताईं सुनार के घर में रही पेट आछो भयो रुपया दस दे विदा किया ओर मांठ मांथे धरि पठाई आयो ओर राह में सांड लड़न मिले सो धक्का लागो माठ गिर परो वामें से वसंत निकरो निकसत सुनार को पकर लियो कि मैं जो साध कर तहां तो मो पर माव पटको ये कह पांच कर लीनी मैं राजा पर ले जाऊंगा इतने में कुटनी ने हाथ पकर लीनो तो यामें को माल कहां तव

तो सुनार को मुंह विगर गयो रूपये दीने और पायन परो फे र आय गांगली के पैरन परो जो तेरो फंद कोन जानो जो ऐ सी मतिहो तो जाउ इतना सुन सो रही॥

७१ वी कहानी

फिर ७१ वें दिन प्रभावती फिर सिंगार कर रति को चली शुक बोला आनंद से रति करो परंतु सिद्ध रीह कीसी करो तो जाउ बोली केसे शुक बोला चंद्रावाती एक नकरी है सत्यव्रत राजा त छे दो प्रधान एक तो सिद्धरीह दूसरो सिद्धवरनि एक दिन दोनों से विगरी तव सिंधुराजा के पास गयो वे वहुत आदर कियो वहुत दिन एक दिन धर्मदत्त वडा राजा सो फोज लेइ सिंधराजा पै चढि आये मुलक में वडो उपद्रव कियो सिंधराजा वहुत टालो कियो प माना नहीं तव सिद्धरोहन ने पठयो वहुत भेंट दीनी और यह कही जो कोई तरह यह जाय सो करो तव दोऊ प्रधान आये रा जा सों मिले वहुत वतलाये परंतु एक वात मन में आवे नहीं यह कही सो अपनी वेटी देऊ और लक्ष मोहर दे तो जाऊं नहीं तो यापरो जो इतनी कही तव प्रधान वोले महाराज यह आसान है जुद्ध दोउन को वुरो है सो ये वात आछी नहीं तासों आप पधारो हुकम मानो और राजा को द्रव्य कोठार में न कहते जो ताला वाडो है जो आवे सो पुराय करत है जो आप की ... है तो आपु पुराय लेहु तव राजा कहे ते आछो वात है तव लाख रूपये लेके हाथ में दिये याने जो हमारे राजा को पुन्य तुम है यह सुन राजा प्रसन्न भयो अपने कटक ले घर गयो प्रधान यहां अपने राजा के पास आये इतनी अगले प्रधान राजासों कही जो इसने वुरी कीजो आपको धर्म दे आयो इतनी सुन राजा वहुत को पकियो तव दोऊ वोले महाराज ऐसे पुन्य जाय तो को दिद्रव्य जोजे हम

राजा को बुरा बुलाइ दे तासों रात नाहीं जब ऐसो कहो तब तो राजी रा
जा भये सो हे प्रभावती ऐसी बुद्धि हो तो जाउ इतना सुन सो रही ॥

७२ वीं कथा

फिर ७२ वें दिन प्रभावती रात को चली शुकसों बोली जाती हूं शुक
बोले जाउ परंतु जारी बेजारी करि आवे तो जाउ बोली कहो
शुक बोले सुंदर नाम नगर तेज बंत राजा श्री बंत कुंवर जे पाल
प्रधान सो श्री बंत कुंवर एक नाई सो जारी वे बात प्रसिद्ध भ
ई कि राजा को नाई को यार कियो सब ने कही ये प्रीति अच्छी
नहीं परंतु माने नहीं कहा कियो जो देश से निकारो साथ ना
ई को लियो तब माता ने चार लड्डु बनाइ के दिये वामें रत्न
धर दिये जब मारग गयो तब भूख लागी तब लड्डु खाय लिये
दो नाई को दिये जो तोड़े तो रत्न निकसे तो पूंछे तेरे रत्न कैसे
जो कहो कोई नही कुंवर जानी नाहीं झूठा है जो कहो सो भ
ली जो कही थोरी सो चोरी नाई बोलो सो बुरो भली तो एक
डोकरी मिली सो छाना बीनत हती सो नाई कैसे बोलत हैं
डोकरी बोली हे राजा मैं सब के पीछे छाना बीनत हों कुंवर
बीरे सांचो सांचो अरु झूठो झूठो बेरा को पालको कियो सो
बेटा बहू की आज्ञा में चलने लगा घोड़ा पे चढ़त है और
हजारन को द्रव्य है सो मैं कहा कहो तुम देखत हो सो अस
झूठा अस झूठा सो सांचो इतने मैं नाई बोलो जो तो हारो मैं
जीतो तासों होड देउ कहि छुरी से आंख काढ़ लोनी सब के
लेके चला गया पाछे कुंवर बहुत दुखी होके आम्रराणों के नीचे
आवेदी एक नाई राजा के देश को गयो वहां रतन भुंजायो खान
लाग्यो कुंवर के नीचे पडो वड के ताके नीचे सारस पक्षी पे सु
वो जनो तहां कुंवर को रात हो गई तब तो रोवन लागो तब

जिनावर आपस में कहन लागे जो यह हमारी वीट आंखिन में लगावे तो अच्छी अभी होंय फिर आपस में पूंछी कि जो कुछ और भी गुण है तब कही अठारह कोढ़ हैं सो भी नीके होंय यह सुन सबरी वीट बटोर कर कपड़ा में वांध लीनी आंख में लगाई आंख नीकी हो गई तब आगे चला वाही गांव में नाई हतो वहां को राजा कोढ़ो हतो कहो जो मेरो कोढ़ नीको करे ताकों अपनी बेटी देऊं और आधो राज देऊं ये सुन कही जो मेरी औषधि लगावे तो नीक होय राजा सुनी बुलायो आते ही औषधि लगाई राजा नीको भयो बेटी बिवाही आधो राज दीनो एक दिन कुंवर बजार को निकरे तहां कुंवर को नाई ने देखा तो विचारो जो मो कों देखेगा तो मार डारेगा तासों याको मारिये ये विचारो जो कि ये सवेरे ही गाव में उडाई कि यह मेरे घर के नाई को बेटा है गांव में शोर भयो नाई को बेटा राजा को जमाई यह बात श्रीचंद राजा ने सुनी नाई के विचारा जो अपराध लागी तासों मेरे ये विचार बुलाये चांडाल और कहो जो तुम गांव के बाहर तौला गरम करि जो कोई पूछे डार दियो आज्ञा दीनी इतने में जमाई आयो राजा को मुजरो कीनो और अर्ज की मो लाइक काम हो सो फरमाइये राजा बोलो शहर के बाहर देख आवो कहा होत है ये सुन स्त्री के पास गयो कहा कि राजा यह कही है स्त्री बोली कि आज शनिश्चर वार है नहाय के जाओ यह नहायो महादेव की पूजा करी देर भई इतने में एक सेठ को जमाई बाहर निकरो वाने जाय पूंछी यह कहा है उस को पकड़ कड़ाह में डाल दियो पाछे राजा को जमाई गयो देखे तो यह भयो है तब तो आय राजा सों कही राजा ने कही आप

कौन हो तब कह्यो मैं राजा को बेटा जैवंत हूं सब हाल कह्यो तब राजा प्रसन्न भयो नाई को सूली दियो है प्रभावती जो ऐसी बुद्धि हो तो जाउ इतना सुन सोरही ॥

फिर ७३ दिन एक बटोही ने आन कह्यो कि सेठ का बेटा आय पहुंचो ये सेठ सुनी इनाम दीनो बेटा आयो मुजरा कीनो पिता छाती सों लगायो सब हाल पूछो राजदेव सेठ राजा के पास गयो रत्नादिक सब नजर किये राजा देख बहुत प्रसन्न भयो खिलत दे बिदा कियो घर आय प्रभावती के पास गयो मिलो सब हाल पूछो जब भीतर को चले शुक बोले चिरंजीव कह्यो मदनसेन राम राम किया कुशल पूछी और पूछी सारो कह्यो तब शुक बोलो यह कथा पहर दो की है तो आप सोवो प्रसन्न हो मदनसेन सोया जब प्रभावती जा बैठी मदनसेन आछी तरह भोग किया प्रसन्न भई शुक को पिंजरा मंगायो तब प्रभावती शुक को नमस्कार कीनी कही जो ७२ दिन मेरो धर्म रह्यो सो तेरे प्रताप सों सो ता समय मदनसेन एक श्लोक बार२ कहा। श्लोक। असारे खलु संसारे सारं सारंगलोचना। तदर्थं धनमिच्छंति तत्त्यागेन धनेन किम् १। ऐसे स्त्री को बखान करन लागो शुक कह्यो स्त्री सों अनुराग करना वृथा है। श्लोक। अनुरागो वृथा स्त्रीषु स्त्रीणां गर्वो प्रयेतिच। प्रियोहं सर्वदा तस्या ममैषा सर्वदा प्रिया। १। या भांति बार२ शुक कहन लागो और मदनसेन रस की बात कहे मदनसेन बोलो शुक पहलो श्लोक पढ़ो हतो सो फिर के पढ़ो शुक बोलो अनुराग वृथास्तुव इतनी सुन मदनसेन बोलो जो कहा उपकार है सो हमसो कहो प्रभावती बोली। श्लोक। सुलभा पुरुषा स्वामिन् सततं प्रियवादिनः। अप्रियस्यच वाक्यस्य वक्ता

श्रोनाच दुर्लभः ।१। स्त्री एक स्रोक सुनतेही। अवला चा
मित्र निस्पृहा गुण वर्जिता। कुटिला तामस अज्ञा यथा
तो ।१। कुर्वंति तावत् प्रथमं प्रयाणि यावन्न जानंति वरं
ज्ञात्वाय मा मनमथ। आसवद्धं ग्रस्थामिषं मान मिवो
समुद्र वीची सुभावासं वचनं संध्या भ्रमेष मद्दूत्ते रागा
तार्था: पुरुषं निरर्थकम् निपीडितालक्तवं वित्त्यजंति। ३
जो तू पधारो ता पाछे एक घडी तो विरह भयो ता पाछे ए
ई वह मोको प्रवोधी तव में उन्मत्त भई कछु दीखे नहीं ये
मे आवे जो और सों भोग कीजे ये विचार सिंगार कर चल
समय सारो वोली मोको बुरी लगी मैं ने मार डारी ता
शुक सों पूंछी शुक ने ७२ दिन तक कथा कह दिन विताय दीने
और मेरो धरम राखो शुक के प्रसाद से इज्जत और धरम र
हो ऐसे रही यह कही तो शुक की वडाई कीनी मदन सेन
कहो शुक तुमसो चतुर कोई नहीं तुम्हारे प्रसाद सों मोको
स्त्री प्राप्त भई यह स्तुति कीनी तव शुक वोले मदन सेन कहो तु
म अपने पिता सों मोको सीख दो घर को जाऊं काहे से मैं गंधर्व
हूं ऋषीश्वर के शाप सूं सुक भयो हो अरु येहे अज्ञा दिये ते जो
मृत्यु लोक को जाऊं हां प्रभावती को ७२ दिन कहो सो मदन प
र्वत को जाऊं तव मदन सेन हरदत्त सेठ पास गयो पिंजरा लिये
हरदत्त वोलो शुक उदास काहे शुक वोलो आप के पास रहिके
कोई उदास न होगो यह कह के विदा भये पर्वत को गये देह को
ही गंधर्व भये स्त्री पुरुष सुख सों स्वर्ग लोक में भोग करन
लागे इहां मदन सेन और प्रभावती सुख सों आनंद भोग क
रन लागे ॥ इति श्री शुक वहत्तरी कथा समाप्तम् ॥
संवत् १९३७